माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक -16, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 16

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 15

मुख्यमंत्री धामी पहुंचे हल्द्वानी, हिंसा में 4 गिरफ्तार

कार्यालय संवादाता, हल्द्वानी

- हल्द्वानी हिंसा: पांच हजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, 18 नामजद
- अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया
- अब तक पांच मौतों की पुष्टि, शव बरामद

अमृत विचार: शहर के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुई हिंसा मामले में पुलिस ने 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन ने 5 दंगाइयों की मौत की पुष्टि की। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए शुक्रवार को अर्द्धसैनिक बलों ने बनभूलपुरा इलाके में फ्लैग मार्च किया।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंचे और घायल पुलिस, निगम के कर्मियों के साथ ही घायल पत्रकारों से भी मुलाकात की। उन्होंने हिंसा को सुनियोजित तरीके से की गई गहरी साजिश करार दिया। नुकसान की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी।

हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानते हुए।

देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश, होगी कार्रवाई: धामी

हल्द्वानी। घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यह देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश है। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उनके सारे वीडियो फुटेज और फुटप्रिंट उपलब्ध हैं। इस घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिह्नित कर उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है।

मौलाना तौकीर के भड़काऊ बयान, भीड़ ने की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया, बवाल की आशंका में तनाव में घिरा रहा शहर, स्कूलों की छुट्टी, बाजार बंद किए

अमृत विचार: आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो की अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़ और पथराव करने के साथ दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।

समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। इस बीच शहर में चौतरफा सुरक्षा इंतजामों के बावजूद उनके हजारों समर्थकों की भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी। नमाज के बाद मौलाना समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना तौकीर और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मोदी-योगी होश में आओ के नारों के बीच शहामतगंज में मारपीट और पथराव

आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। 'मोदी-योगी होश में आओ' जैसे नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

एक नजर

नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए। अदालत ने ईडी से पूछा कि उसे आरोपियों की हिरासत की जरूरम क्यों, जबकि उसने अपनी जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिल: अजित

मुंबई। महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

विभूतियों को महासम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है।' प्रधानमंत्री ने अलग पोस्ट कर भारत रत्न से सम्मानित होने वाली सभी विभूतियों के योगदानों का जिक्र किया।

अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।



चौ. चरण सिंह
पूर्व प्रधानमंत्री

पीवी नरसिम्हा राव
पूर्व प्रधानमंत्री



एमएस स्वामीनाथन
हरित क्रांति के जनक

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान, इस साल अब तक पांच नामों की घोषणा

कांग्रेस ने किया स्वागत

नई दिल्ली। कांग्रेस ने 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'

योगी ने सम्मान को अभिनंदनीय बताया

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया।

कांशीराम को भी भारत रत्न मिले: मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा लिखा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जिन भी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद वीपी सिंह की सरकार ने भारतरत्न से सम्मानित किया। उसके बाद दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं।

140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'किरांति शौर्य समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में ये बातें कहीं। योगी ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा। बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूरा होने पर बधाई दी। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद रहे।

गोरखा रेजीमेंट लखनऊ की प्रशंसा की

योगी ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं। साल 1983 में लखनऊ में आने के बाद इस रेजीमेंट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहां के वीर जवानों ने शौर्य व पराक्रम से इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया है। इस रेजीमेंट ने देश को कैप्टन मनोज पांडेय जैसे शूरवीर दिए हैं। इस रेजीमेंट ने देश को दो सीडीएस व कई जनरलों की परंपरा दी है। यह 11 गोरखा रेजीमेंट के जवानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान से मातृभूमि की रक्षा की और गोरखा रेजीमेंट का गौरव बढ़ाया है।

भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इंकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'

अमृत विचार: पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा-रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है।

जम्मू-कश्मीर: निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ

- जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। संसद ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी, जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने और वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया।

लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या

अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

अयोध्या। प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, हमले के पीछे निजी दुश्मनी होने का संदेह है, लेकिन गिरोहों के बीच लड़ाई की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद दोनों हमलावर घटना स्थल से भाग गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई है।

पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क देने पर हो सकेगा रक्त संबंधियों में संपत्ति हस्तांतरण

राज्य ब्यूरो लखनऊ

अमृत विचार। राज्य विधानसभा में शुक्रवार को भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 बहुमत से पारित हो गया जिसके तहत यह व्यवस्था दी गयी है कि रक्त संबंधों में संपत्ति हस्तांतरण पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क देने के बाद किया जा सकेगा।

सदन में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 को पारित करने के लिए सदन में अनुरोध किया। पक्ष में बहुमत होने से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे पारित करने की घोषणा की। दरअसल जमीनों की खरीद फरोख्त 'पावर ऑफ अटॉर्नी' बनाकर की ज रही थी, जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा था।

करोड़ों की जमीनों को मामूली शुल्क पर 'पावर ऑफ अटॉर्नी' बनाकर बेचने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था लेकिन अब यह व्यवस्था दी गयी है कि रक्त संबंधों से बाहर के व्यक्तियों को 'पावर ऑफ अटॉर्नी' पर सर्किल रेट का सात प्रतिशत स्टांप शुल्क देना होगा। इसमें यह भी व्यवस्था दी गयी है कि रक्त संबंधों में मात्र पांच हजार रुपये के स्टांप पर ही संपत्ति हस्तांतरण करने की सहूलियत रहेगी। इसके अलावा विधानसभा में 'उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर' विधेयक, 2024 पेश किया गया, जिसके कानून बनने के बाद राज्य में अब बहुमंजिला इमारतों में नयी लिफ्ट व एस्केलेटर लगाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

राज्य सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा में 'उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर' विधेयक, 2024 पेश किया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। इस विधेयक में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के कार्यकाल से संबंधित संशोधन किये गये हैं। इन दोनों विधेयकों को शनिवार को पारित किये जाने का प्रस्ताव आ सकता है।

खेती-किसानी

गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

अमृत विचार: गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।

- कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान

> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर

नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस साल: गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

एक नजर

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर रालोद कार्यकर्ताओं में खुशी

अमृत विचार, लखनऊ : रालोद प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय समेत अन्य पदाधिकारियो ने माल्यार्पण कर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय का स्वागत किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर देश के अन्नदाताओं, खेत खलिहानों, शोषितों वंचितों का मान बढ़ाया है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय द्वारा गुड बांटा गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, रजनीकांत मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, अजय पांडेय ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आज

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में शुरू किए जा रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान की तैयारियों को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला शनिवार को राजधानी में आयोजित की गई है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला विश्वेश्वरैया सभागार हजरतगंज लखनऊ में प्रात: 11:30 बजे से प्रारम्भ होगी। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

सत्यापन के बाद ही होगा सामूहिक विवाह

तीन अधिकारियों समेत 11 बिचौलियों को जेल भेजने की दी सूचना

विधानसभा कार्यवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा ने उठाया सामूहिक विवाह योजना में भ्रष्टाचार का मुद्दा

अमृत विचार: राज्य विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया में हुए फर्जीवाडे का मामले का उठा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए इसी मुद्दे पर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि संबधित मामलें में तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है।

ग्यारह दलालों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। इस प्रकरण में भुगतान रोका गया है। अब सत्यापन के बाद ही इस प्रक्रिया में लोगों को शामिल किया जाएगा। किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा। इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने शून्य प्रहर में यह मामला उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल 537 लोगों का विवाह कराया गया। जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र थें। इस योजना में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन मे जितने जोडे थे उनमें से अधिकांश महिलाएं स्वयं अपने गले में माला डालती हुई दिखी। सपा सदस्य ने कहा कि इस योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घोटालें शामिल थे उन्हे मुल्जिम बनाया जाए। सपा के ही सदस्य संग्राम सिंह यादव ने कहा कि इस योजना में ऐसे लोग भी शामिल थे जो पहले से शादीशुदा थे।

बलिया में हुए इस फर्जीवाडे पर वहां की स्थानीय विधायक केतकी सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में तीसरी बार सामूहिक विवाह को आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामलें संबधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं शनिवार को विधानसभा की कार्यवाही सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

सदन चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने से अभिभूत: सतीश महाना

लखनऊ : सदन में शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की सूचना दी। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसान दिवस की घोषणा की थी। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुलायम सिह यादव ने ही विधान भवन में चौधरी की प्रतिमा लगवाई थी। चौ .चरण सिंह को भारतरत्न दिए जाने पर राष्ट्रीय लोकदल के सदस्य डॉ. अजय कुमार ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे मसीहा थे। वे भारत रत्न जैसे सम्मान के हकदार थे। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पूरा सदन चौधरी चरण को भारतरत्न दिए जाने से अभिभूत है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता है।

जमीन का अधिग्रहण नहीं, गन्ने के बकाए का हुआ भुगतान

लखनऊ : शून्य प्रहर में ही उठे एक सवाल के जवाब में गन्ना विकास और पशुधन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि जिस किसान की आत्महत्या की बात कही गयी है उससे वन विभाग ने अपनी जमीन वापस ली थी उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। उसके गन्ने का बकाए का भुगतान भी कर दिया गया था। शून्य प्रहर में ही किसानों की आत्महत्या के उठे एक मुद्दे शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सपा के शासन काल में सरकारी जमीन पर कब्जे कराए जाते थे। किसी भी विभाग की जमीन यदि कोई कब्जा करता है तो उसे सरकार खाली करायेगी।इस मुददे पर सदन में मौजूद नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यदि सरकार यह मानती है कि सपा की सरकार में यदि जमीनों पर कब्जे हुए है तो उसकी सूची जारी करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लखनऊ में जो लोग सौ-सौ सालों से काबिज थे भाजपा के लोग उनकी जमीने कब्जा कर रहे है। इससे पहले सपा सदस्य अतुल प्रधान ने बुन्देलखण्ड से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक किसानो द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया था। सपा के ही सदस्य मनोज कुमार पारस ने भी किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का सही दाम न मिलने या फिर कर्ज से दबकर किसान आत्महत्याएं कर रहे है। सपा सदस्य अतुल प्रधान ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक किसान की जमीन को वन विभाग द्वारा लिये जाने पर उसके द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया। सपा के सदस्यों ने कहा कि सबसे युवा वाले उत्तर प्रदेश में आज युवा खेती किसानी से विमुख हो रहे हैं।

पुलिस कस्टडी में हत्या का मामला उठाया

लखनऊ : सपा के सदस्य राकेश प्रताप सिंह ने शून्य प्रहर में अपने निर्वाचन क्षेत्र में पुलिस उत्पीडन की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस रक्षक के बजाए भक्षक बन गयी है। पैसे लेकर लोगों को पीडित और प्रताडित कर रही है। पुलिस की भर्ती का आतंक है। कस्टडी में लोगों में लोगों की हत्याएं हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में पुलिस तीन निर्दोष युवकों को उठा ले गयी। उनके घर की वृद्ध महिला के साथ पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इस प्रकरण में वे रायबरेली के पुलिस अधीक्षक से बात करके सदस्य को वस्तुस्थिति से अवगत करा देंगे।

भारतीय स्टाम्प संशोधन विधेयक 2024 प्रस्तुत

लखनऊ : शुक्रवार को ही सदन में संसदीय वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भारतीय स्टाम्प संशोधन विधेयक 2024 भी प्रस्तुत किया। कहा कि इस तरह का संशोधन विधेयक दूसरे राज्यों में भी लाया गया। आज भी बजट पर चर्चा जारी रही। भाजपा की सदस्य अनुपमा जायसवाल, अर्चना पांडेय, सपा के शिवपाल यादव सहित अन्य दलीय नेताओं ने चर्चा में हिस्सा लिया।

शुक्रवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल और बरेली कैंट के विधायक संजीव अग्रवाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अमृत विचार

सरकार और विपक्ष साथ-साथ राम के दर्शन को कल जाएंगे अयोध्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 10 बसों से जाएंगे मंत्री और सत्तापक्ष-विपक्ष के विधायक

अमृत विचार: राज्य सरकार और विपक्ष साथ-साथ राम के दर्शन को अयोध्या जाने वाली है। इसके लिए 11 फरवरी की तारीख तय की गई है। इस दौरान विधानमंडल के सभी सदस्यों को उप्र. परिवहन निगम की 10 सुपर लग्जरी बसों से ले जाया जाएगा। शासन ने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सभी सदस्यों से रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया है। वह खुद भी बस में विधानसभा सदस्यों के साथ अयोध्या की यात्रा करेंगे। उन बसों में राम धुन भी बजेगी।

निर्धारित कार्यक्रम की गाइडलाइन जारी: जिन सदस्यों को अयोध्या जाना है, उनको अयोध्या को जाने के लिए बसें विधान भवन के गेट संख्या-1 व 3 के सुबह 8:15 बजे मिलेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अयोध्या धाम के दर्शन कराने वाली इन बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर रहनी चाहिए, पर्दे लगे होने चाहिए। बसों में सुरक्षा की नजर से अग्निशमन यंत्र अवश्य रहे। साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध रहे। साथ ही बसों में रामधुन भी अवश्य बजे इसके लिए भी विशेष निर्देश दिए हैं। साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर का व्यवहार कुशल हों इसके साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगा होगा।

रालोद के सभी विधायक होंगे शामिल

छपरौली से रालोद विधायक अजय कुमार ने बताया कि रविवार को पार्टी के सभी नौ विधायक भी एनडीए के विधायकों के साथ रामलला के दर्शन लिए अयोध्या जाएंगे।

हल्द्वानी में हुए उपद्रव को लेकर प्रदेश में अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डीजीपी ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

अमृत विचार: हल्द्वानी (उत्तराखंड) में मचे उपद्रव के मद्देनजर उप्र में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एक संप्रदाय विशेष के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को खास नजर रखने को कहा गया है। वहीं जुमे की नमाज के चलते शुक्रवार को मस्जिदों चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहा। नमाज से पहले पुलिस और पीएसी तैनात रही।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड से सटे सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। साथ ही उधर से आने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में धर्मगुरूओं के साथ समन्वय बनाने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा गया है। किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। संवेदनशील इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरे और ड्रोन से निगरानी करने को कहा गया है।

फाइलेरिया के लक्षण का न करें इंतजार, दवा का करें सेवन: मुख्यमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी ने क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया बीमारी चुपके से शरीर में प्रवेश करती है। इस बीमारी के लक्षण पांच से 15 साल में दिखाई देते हैं। ऐसे में हर कोई खुद को फाइलेरिया ग्रसित मानकर दवा का सेवन करे और खुद के साथ ही आने वाली पीढ़ी को भी इससे सुरक्षित बनाए। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है, इसलिए लक्षण आने का इंतजार न करके दवा का सेवन करे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को फाइलेरिया के खिलाफ शुरू होने वाले महाअभियान से जुड़ने के लिए आमजन से अपील की। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के खिलाफ शनिवार 10 फरवरी से 28 फरवरी तक 17 जिलों में फाइलेरिया मुक्ति अभियान चलेगा। अभियान के तहत 17 जिलों में 72 हजार स्वास्थ्यकर्मी 3 .5 करोड़ से अधिक प्रदेशवासियों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बीमारी को रोका तो जा सकता है, लेकिन एक बार हो जाए तो इसका कोई इलाज नहीं किया जा सकता। इसलिए इसकी रोकथाम जरूरी है। फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए 36 हजार टीमों को गठन किया गया हैं। दवा का सेवन कराने के लिए स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर दवा उपलब्ध कराएगी। लोग अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जा कर खुद भी दवा का सेवन कर सकते हैं।

2047 तक सपा की वापसी की कोई संभावना नहीं

विधान परिषद में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, विपक्षी दल के पास मुद्दों का अभाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ जातिवार जनगणना को लेकर सपा विधायकों ने किया वॉकआउट

अमृत विचार: विधान परिषद में नेता सदन एवं उप.मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा विपक्षी दल सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। जातिवार जनगणना की विरोधी ना तो भाजपा है और ना ही मै केशव मौर्या । जनगणना केन्द्र का विषय है। जब ये सरकार में थे तब इन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। इसलिए अब 2047 तक इनकी वापसी की कोई संभावना नहीं है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए सदन से वाक आउट किया।

शुक्रवार को शून्य प्रहर में कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाए गए जातिवार जनगणना के सवाल पर उप मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। सदन में सपा और सत्तापक्ष के बीच खूब तीर चले और नोक-झोंक भी हुयी। स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा आरक्षण के मामले में भाजपा की कथनी-करनी में अन्तर है। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सरकार पर आरक्षण विरोधी और पिछड़ों का अपमान कराने का आरोप लगाते व नारेबाजी करते हुये सदन से वाक आउट कर गये।

भोजनावकाश के बाद डॉ.सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विधान सभा द्वारा पारित उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने सदन के पटल पर रखा। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की खूबियां गिनाते हुये समर्थन किया, वहीं सपा के डॉ.मान सिंह सरकार को बीएसयनएल, एलआईसी, एयरपोर्ट आदि को बेचने वाली सरकार बताते हुए कहा कि मैं इस बजट का विरोध करता हूं। इसके अलावा कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। शाम पांच बजे शनिवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया है।

नि:शुल्क शिक्षा में अनियमितता की होगी जांच : निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था अधिनियम की अनियमितता व फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर हो रहे दुरूपयोग का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड की जांच की जाये। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बीएसए आगरा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं। तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी जांच करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने कहा जांच कमेटी में तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी की जगह कोई एसडीएम अथवा तहसीलदार स्तर के अधिकारी से जांच कराये तो बेहतर होगा।

अनावश्यक जांच न करायी जाए: शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के राज्य अनुदानित मदरसों के कार्यरत शिक्षको एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण का मामला उठाया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसों की बेहतरी, नौजवानों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए ईमानदारी से काम किया जा रहा है। हमारी सरकार इनके लिए काम कर रही है। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने निर्देश दिया कि जांच अनावश्यक न हो।

रिकार्ड गायब कर मृतक आश्रित में दूसरे को नौकरी

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने बरेली की कमलादेवी के पति जमुना प्रसाद की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित में नियुक्ति न देने और मृतक जमुना के संबन्धित रिकार्ड कार्यालय से गायब कर, उसी नाम के कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी देने का मामला उठाया। नेता सदन ने कहा कि मामला संवेदनशील है। डीएम पीलीभीत का तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आख्या आते ही हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा सदन को भी अवगत कराया जायेगा।



विप में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य सदस्य।

यूपी बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू होगा: योगी

अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी ने कहा हमारी सरकार शिक्षा में किसी के साथ भेद-भाव नहीं कर रही है। पिछले सात साल में प्रदेश् में शिक्षा के स्तर को सुधारने का किये जा रहें प्रयास सर्वविदित हैं। बेसिक शिक्षा परिषद में 1.32 लाख विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारा गया है। योगी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के प्रति बच्चों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है, 40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है। साथ ही बताया कि यूपी बोर्ड में चरण बद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।

सदन में शुक्रवार को प्रश्न प्रहर में निर्दलीय विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल के सवाल पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जवाब दे रहे थे। इसी बीच सदन में मौजूद मुख्यमंत्री योगी ने कमान संभालते हुए कहा कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा सरकार हर छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में बैग, किताब, जूता-मोजा, स्वेटर के लिए अब 1200 रुपए दिये जाते हैं। जबकि पिछली सरकार में एक हजार का प्रावधान था, वो भी मिलता नही था।

विधायकों को गिफ्ट मिलते थे : विप में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उपहार की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी से कहा कि बजट प्रस्तुत करने के बाद विधायकों को गिफ्ट मिलते थे, हम लोगों इंतजार कर रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा उपहार सभी सदस्यों को मिलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेरी तरफ से भोजन का आनंद लिजिए और भजन करिये।

गलत सूचना देने वाले अधिकारियों की होगी पहचान

शून्य प्रहर में शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा सदन में असत्य एवं त्रुटिपूर्ण सूचना दिये जाने के संबंध में औचित्य का प्रश्न किया। जिसपर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने इस प्रकरण की जांच किन अधिकारियों ने की है, उस रिपोर्ट को इस सत्र के अंतिम दिन या अगले सत्र के प्रथम सप्ताह तक इस सदन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

सौर ऊर्जा से जगमगाएगा नया हाईकोर्ट परिसर

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ के नए हाईकोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिसर में रूफटॉप सोलर इम्पैनल्ड पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन का मार्ग प्रशस्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने 6.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद धनराशि जारी कर दी है।

देश के सबसे खूबसूरत हाईकोर्ट परिसरों में शुमार लखनऊ हाईकोर्ट का नया परिसर गोमतीनगर के विभूति खंड में में है। इसे 1300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार परिसर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भवन की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का निर्णय वर्ष 2022 में लिया गया था। फिलहाल, सरकार द्वारा बजट एलोकेशन और धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने के बाद परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जारी की गई धनराशि में 18 प्रतिशत जीएसटी राशि को भी सम्मिलित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा लखनऊ के नए हाई कोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा युक्त बनाने की जो परियोजना प्रस्तुत की गई है उसके अनुसार सोलर पैनल्स, प्लांट सभी सभी जरूरी संयंत्रों के क्रय को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा।

यूपी में निवेश को लालायित फार्च्यून कंपनियों ने आसान किया लक्ष्य

औद्योगिक घरानों में मोदी और योगी की उपस्थिति में भूमि पूजन का बढ़ा क्रेज

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ पहले चरण में पहाड़ सा दिख रहा 10 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य हुआ आसान

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदलने जा रही है। यहां निवेश को लेकर देश-विदेश की फार्च्यून-500 कंपनियों में प्रतिस्पर्धा से प्रथम चरण में ही लक्ष्य बौना साबित होने जा रहा है। देश-विदेश के औद्योगिक घरानों से लेकर जिला स्तर के उद्यमी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भूमि पूजन का क्रेज दिख रहा है।

प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से लेकर मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों समेत उद्योग केंद्रों के अफसरों के पास 19 फरवरी को भूमिपूजन के लिए तेजी से प्रस्ताव बढ़ रहे हैं। प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने का यह आयोजन ज्योतिषियों के मुताबिक इस दिन शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 33 मिनट तक है। हर कोई इसी दौरान अपनी-अपनी इकाई के लिए ईंट रखना चाहता है। अयोध्या का ही उदाहरण लें तो, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने 18 हजार करोड़ के 102 निवेश प्रस्ताव को अंतिम माना, जबकि दो दिन भी नहीं बीते कि उपायुक्त अमरेश पांडेय के अनुसार 21 हजार करोड़ के 232 प्रस्ताव हो गए। ऐसे उदाहरण कई जिलों में सामने आ रहे हैं। बरेली, हरदोई, अमेठी, गोंडा, फतेहपुर, और चंदौली के बाद कुछ और जिलों से भी लक्ष्य से अधिक निवेश की रिपोर्ट भेजी गई है।

शासन के सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य साधना फार्च्यून-500 कंपनियों के आकर्षण से आसान हो गया है। हैदराबाद का ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा गुरार, गटवा, पिंडारी, रानीदेहो, मुहुना और राबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम बैजनाथ में 3660 मेगावाट की इकाई लगाएगी। जबकि अमहमदाबाद का टोरंट पॉवर लि. सोनभद्र के शोभा गांव में 2400 मेगावाट और शाशनाई में 2000 और 1750 मेगावाट की इकाई को लेकर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से छह माह पहले ली गई सैद्धांतिक अनुमति को जमीन पर उतारने जा रही है। यही हाल मुंबई की जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के 1200 मेगावाट प्रोजेक्ट, हरियाणा के एसीएमई क्लीनटेक सल्युशंस की चंदौली में 600 मेगावाट और मिर्जापुर में 900 मेगावाट और नोएडा की अवाड़ा वाटर बैटरी प्रालि. की सोनभद्र में 1220 मेगावाट की इकाईयों का है।

सूत्रों के मुताबिक सरकार की ओर से नोएडा, झांसी, गोरखपुर, लखनऊ आदि इलाकों में तैयार औद्योगिक गलियारों समेत इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले आदि बड़ी कंपिनयां के साथ अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, टाटा ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप आदि की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं की इकाईयों पर भूमिपूजन होगा।

जिलों में तेजी से बढ़ रही इकाई लगाने की प्रक्रिया

30517 करोड़- लखनऊ
30270 करोड़- बरेली
19000 करोड़-कानपुर
21000 करोड़- अयोध्या
4400 करोड़- हरदोई
6400 करोड़-अमेठी
1806 करोड़ - गोंडा
1600 करोड़- फतेहपुर
23000 करोड़- चंदौली

धरातल पर उतरने को तैयार निवेश प्रस्ताव

- 30000 करोड़ से हीरानंदानी ग्रुप बनाएगा यीडा के अंतर्गत डेटा सेंटर पार्क
- 18625 करोड़ की एनटीपीसी की अनपरा ई 8 सौ मेगावाट की दो इकाई
- 17985 करोड़ रुपये के निवेश से एनटीपीसी की ओबरा डी की दो इकाई
- 11000 करोड़ से नोएडा में सिफी की ओर से डाटा सेंटर की परियोजना
- 11000 करोड़ से नोएडा में वीएएलएस डेवलपर्स की डेटा सेंटर की परियोजना
- 6500 करोड़ से ललितपुर में टस्को की सौर्य उर्जा परियोजना
- 6000 करोड़ रुपये के निवेश से सोनभद्र में सौर्य उर्जा परियोजना
- 4000 करोड़ रुपये की से मुरादाबाद में कागज निर्माण ईकाई
- 4000 करोड़ से नोएडा में एयर कार्गो व लाजिस्टिक की परियोजना

इटली से आए 11 पर्यटकों ने यूपी पुलिस का जताया आभार

अमृत विचार, लखनऊ: इटली के विभिन्न स्थानों से भारत भ्रमण पर आए 11 पर्यटकों के समूह ने मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर, प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र में सुबह के वक्त पवित्र स्नान एवं भ्रमण का आनंद उठाया।

संगम पर सुरक्षित स्नान कर वे अभिभूत हो गए। उन लोगों ने भीड़ में भी उन्हें सुगम और सुरक्षित स्नान की सुविधा प्रदान उप्र प्रशंसा की। पर्यटकों की ओर से इस आशय का जारी वीडियो सोशल मीडिया वायरल हुआ है।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इस वीडियो को संज्ञान में लेते पुलिस टीम को उनके कठोर परिश्रम और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि पुलिस कर्मियों के बिहेवियरल ट्रेनिंग पर विशेष बल दे रहे हैं, जो आगामी कुंभ में भी हमारे लिए सहायक सिद्ध होगा।

ईएमबी सॉफ्टवेयर से शत-प्रतिशत बिलिंग करने वाला पहला राज्य बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। जल जीवन मिशन में ऑनलाइन बिलिंग सॉफ्टवेयर इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिल (ईएमबी) को शतप्रतिशत लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिलिंग सिस्टम लागू होने से पहले जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली कंपनियों को पेमेंट होने में कम से कम 41 दिन का समय लगता था। जिसकी वजह से मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी धीमी पड़ने लगी थी परन्तु अब ईएमबी के तहत पेमेंट होने से कंपनियों को महज 14 दिन में बिलिंग हो जाती है।

ऐसे काम करता है ईएमबी: ऑनलाइन ईएमबी पर कंपनी द्वारा बिल अपलोड करने के बाद सभी आंकड़ों की जांच कर जूनियर इंजीनियर बिल पर अपने कमेंट लिखता है। फिर असिस्टेंट इंजीनियर कमेंट बिल पर देते हैं, यहां थर्ड पार्टी अपना अप्रूवल देती है। इसके बाद अधिशासी अभियंता सभी तथ्यों की जांच कर फाइल को ऑनलाइन ही फाइनेंस के पास भेज देता है और फाइनेंस अधिकारियों की जांच के बाद कंपनी को पेमेंट कर दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में 14 दिन का अधिकतम समय लगता है।

> मुख्यमंत्री योगी की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाते हुए जल निगम (ग्रामीण) ने जल जीवन मिशन में बिलिंग प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन किया है। इससे कामों की रफ्तार तेज हुई है। वहीं, दूसरी ओर भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा है।
> **-डॉ. बलकार सिंह,** प्रबंध निदेशक, जल निगम ग्रामीण

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- एसजीपीजीआई के क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग में इंटरनेशनल वर्कशॉप का आयोजन- 10:00 बजे।
- हजतरगंज मेट्रो स्टेशन पर वसंत मेले में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री- 11:00 बजे।
- गोमती तट के झूले लाल पार्क में स्काय क्लब का बोट राइड कार्यक्रम- 12:00 बजे।

एक नजर

दो वरिष्ठ लिपिक सहित 11 बने केंद्र प्रभारी

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन निगम ने दो वरिष्ठ लिपिकों सहित 11 लोगों को प्रोन्नत करते हुए केंद्र प्रभारी बनाया है। सभी को एक वर्ष के लिए अस्थाई तौर पर परिवीक्षा अवधि में रखा गया है। संतोषजनक कार्य मिलने पर ही प्रोन्नति दी जाएगी। राकेश कुमार वर्मा को लखनऊ का और मनोज कुमार को कानपुर का केंद्र प्रभारी बनाया गया है। हरदोई में तैनात राजेश कुमार पांडेय को बरेली, प्रयागराज में तैनात बृजलाल यादव और राकेश कुमार द्विवेदी को गोरखपुर, हौसला प्रसाद यादव को वाराणसी, वकील सरोज को अयोध्या, रमेश कुमार को आजमगढ़ का केंद्र प्रभारी बनाकर भेजा गया। वहीं, गाजियाबाद में कार्य कर रहे योगेंद्र कुमार शर्मा को मेरठ और सलीम मोहम्मद को नोएडा का केंद्र प्रभारी बनाया गया है। यह जानकारी प्रधान प्रबंधक कार्मिक अशोक कुमार ने देते हुए विभागीय आदेश जारी किया है।

हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर बसंत मेला आज से

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पांच दिवसीय वसंत मेला खाद्य महोत्सव शनिवार यानी आज से शुरू होगा। इस मेगा कार्निवल में हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांटर, प्लांट सहित अन्य उत्पाद की बिक्री की जाएगी। यह सभी उत्पाद देश में निर्मित स्वदेशी वस्तुओं से तैयार किए गए हैं। स्टेशन पर फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। लोगों के लिए स्टाल सुबह 11 बजे से रात 8 बजे के बीच खुले रहेंगे। मेले के आखिरी दिन म्यूजिक बैंड परफॉर्मेंस 14 फरवरी को होगा। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक सेल्फी स्टैंड भी बनाया जाएगा।

गली-गली अनाउंसमेंट, मात्र पांच हजार में कराएं आवास पंजीयन

एलडीए ने अकबर नगर प्रथम व द्वितीय के पात्र विस्थापितों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर में एक तरफ ध्वस्तीकरण की तैयारी तो दूसरी तरफ यहां रहने वाले लोगों को आवास देकर विस्थापित करने की लखनऊ विकास प्राधिकरण की कवायद जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, विशेष कार्याधिकारी श्रद्धा चौधरी, रोहित सिंह समेत आवासीय व व्यवसायिक योजनाओं के अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ गलियों में घूम-घूमकर विस्थापितों को अनाउंसमेंट से प्रधानमंत्री आवास के पंजीयन कराने की जानकारी दी।

इसके अलावा कैंप कर मोहल्ले में रहने वालों को जागरूक किया। इसी तरह पांच अलग-अलग टीम ने अयोध्या रोड व अकबरनगर की गलियों में माइक से अनाउंसमेंट किया। यह भी बताया कि एलडीए ने विस्थापितों के लिए प्रधानमंत्री आवास की पंजीकरण धनराशि घटाकर आधी कर दी है। अब मात्र पांच हजार रुपये में आवास का पंजीकरण किया जा रहा है। जबकि शेष धनराशि 10 वर्ष की आसान किश्तों में जमा करनी है। छूट की जानकारी भी दी।

अकबर नगर में पुलिस बल के साथ अनाउंसमेंट कर आवास पंजीयन की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण, शेष धनराशि 10 वर्ष की आसान किश्तों में देय होगी

12 को हाईकोर्ट में सुनवाई

कुकरैल नदी व बंधे पर करीब 1200 व्यवसायिक व आवासीय भवन अवैध रूप से बने हैं। नदी के सुंदरीकरण के लिए एलडीए को इन सभी भवनों को ध्वस्त करना है। इन सभी भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया था। ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट ने रोक लगा रखी है। इसकी 12 फरवरी को सुनवाई होनी है।

किसी को आवंटन पत्र मिले तो किसी ने पंजीयन कराया

अपर सचिव ने बताया कि अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकानें आवंटित की जा रही हैं। इसके लिए पुलिस चौकी के पास 9 दिसंबर से विशेष पंजीकरण शिविर संचालित है। कुल 82 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें से पात्र विस्थापितों को बसन्तकुंज योजना में भवन आवंटित करके आवंटन पत्र दिए जा चुके हैं। कई विस्थापितों ने डूडा आसरा आवास योजना के लिए पंजीकरण कराया है।

जमा करें 15 प्रतिशत राशि, पाएं दुकान पर कब्जा

अनाउंसमेंट में यह यह भी जानकारी दी गई कि व्यावसायिक श्रेणी में 25 प्रतिशत के स्थान पर 15 प्रतिशत धनराशि की गई है। इतनी धनराशि अग्रिम भुगतान करने पर दुकानों पर कब्जा दिया जा रहा है। इसके अलावा जो विस्थापित प्रधानमंत्री आवास की पात्रता नहीं रखते हैं, वह प्राधिकरण की योजनाओं में फ्लैटों को 15 प्रतिशत के अग्रिम भुगतान पर लेकर निवास कर सकते हैं। इन सभी श्रेणियों में अवशेष धनराशि 10 वर्ष की आसान किस्तों में देनी होगी।

सर्द हवाओं के बीच बारिश का अलर्ट

अमृत विचार, लखनऊः राजधानी वासियों को एक बार फिर खराब मौसम का सामना करना पड़ सकता है। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से बूंदाबांदी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, शुक्रवार को भी पूर्व दिनों की भांति खिली धूप ने लोगों को राहत दी।

ऐसे में सुबह से ही लोगों ने पूर्व दिनों की तरह राहत के साथ रोजमर्रा के काम निपटाए, लेकिन ठंडी हवाओं का क्रम जारी रहा। तेज हवाएं पश्चिमी विक्षोभ के कारण बने दबाव से चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, दो दिनों के भीतर एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। धूप के बावजूद ठंडी हवाओं की रफ्तार बढ़ी है। बारिश होने के बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

बारिश की संभावनाः सोमवार से लेकर बुधवार के बीच बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञ एम दानिश के अनुसार, पहाड़ों पर चल रही ठंडी हवाओं से बने वायुमण्डलीय दाब के कारण पश्चिमी क्षेत्र में बारिश की संभावनाएं प्रबल हैं। इसी का असर मध्य क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, हवाओं की रफ्तार आने वाले दिनों में और भी बढ़ सकती है। हालांकि इस दौरान लगातार खिली धूप कर रही है। लेकिन इन हवाओं के असर के कारण रात के तापमान में परिवर्तन हो सकते हैं।

शराब दुकान के सेल्समैन से दिनदहाड़े 4.82 लाख की लूट

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- पांच दुकानों से रुपये लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था सेल्समैन
- काकोरी क्षेत्र में वारदात को अंजाम देकर बाइक से भागे बदमाश

अमृत विचार : काकोरी इलाके में शुक्रवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाश तमंचे के बल पर शराब दुकान के सेल्समैन से 4.82 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। हरदोई जिले के संडीला कस्बे के मोहल्ला राजा हाता निवासी हरिकृष्ण उन्नाव के थाना हसनगंज अंतर्गत धौरा गांव की शराब दुकान पर सेल्समैन है।

हरिकृष्ण ने बताया, शुक्रवार सुबह वह बाइक से घर से निकला था। उसके द्वारा रायपुर माल, ककराबाद, हसनापुर, घोला और धौरा की दुकानों से तीन दिनों की बिक्री के 4,82, 820 रुपये एकत्रित कर बैग में रखे गए। करीब 2:30 बजे धौरा स्थित दुकान से निकल कर काकोरी स्थित बैंक में रुपये जमा करने के लिए जा रहा था। रास्ते में कुसमी गांव के समीप आम के बागों के बीच से निकल कर सड़क पर पहुंचा ही था।

इसी दौरान अचानक पीछे से काली पल्सर बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश पहुंचे और आगे से कट लगाकर उसे रोक लिया। कुछ समझने से पहले ही एक बदमाश उसकी कनपटी पर तमंचा लगाकर गोली मारने की धमकी देने लगा और दूसरे ने रुपयों से भरा बैग लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर तीनों बदमाश फरार हो गए। उनके आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन से निकलने की आशंका है। हरिकृष्ण ने लूट की सूचना शराब दुकानों के मालिक धर्मेंद्र और पुलिस को दी। घटनास्थल पर डीसीपी पश्चिमी राहुल राज, एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव सर्विलांस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस अफसरों ने पीड़ित सेल्समैन से पूछताछ के बाद बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमों को निर्देश दिए। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शराब ठेकेदार धर्मेंद्र सिंह की तहरीर पर बदमाशों के खिलाफ लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगीं पांच टीमें

एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया, लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगायी गई हैं। तीन टीमें थानों की, एक टीम क्राइम ब्रांच और एक सर्विलांस की टीम लगाई गयी है। आसपास के थानों को भी सूचित कर नाकाबंदी करा दी गयी है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर लूट की वारदात का खुलासा किया जाएगा। वहीं, शराब दुकानों के मालिक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि दुकानों से रुपये लेकर हरिकृष्ण बैंक में जमा करने जा रहा था।

बिल्डर ने काटे 93 हजार, देंगे ब्याज समेत जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने आदेश देकर लगाया लाखों का जुर्माना

अमृत विचार : गाजियाबाद में मैसर्स बीसीसी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर एक महिला को फ्लैट निरस्त कर कटौती करने पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने लाखों रुपये हर्जाना लगाया गया है।

अमिता शर्मा पत्नी सुनील निवासी 62, शारदा अपार्टमेंट, वैस्ट एन्क्लेव पीतमपुरा नई दिल्ली ने 10 जुलाई 2012 को मैसर्स बीसीसी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से गाजियाबाद में 35,04,358 रुपये का फ्लैट बुक कराया। शर्तों के हिसाब से सितंबर 2014 में कब्जा नहीं मिला। बल्कि एक साल बाद 7 अक्टूबर 2015 को ई-मेल से ई 2-804, टावर ई-2, भारत सिटी, फेस-प्रथम, इन्द्रप्रस्थ योजना में आवंटित होने की जानकारी मिली। जिस पर अक्टूबर 2015 में कब्जा देना बताया गया। इसके लिए अतिरिक्त 7,34,536 रुपये और विलम्ब शुल्क 1,72,943 रुपये 5 नवंबर 2015 तक मांगे गए। जबकि इससे पहले उन्होंने बैंक से 10.25 प्रतिशत ब्याज पर ऋण लेकर 29,29,489 रुपये जमा कर दिए थे। उन्होंने आवंटन निरस्त कर जमा रुपये मांगे तो काफी जद्दोजहद के बाद 1,43,000 रुपये घटाते हुए वापस किए। निरस्तीकरण के नाम पर 50,000 रुपये कम करके कुल 93 हजार रुपये काट लिए और नहीं लौटाए। इस मामले की राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना ने सुनवाई कर बिल्डर पर हर्जाना लगाया। आदेश दिया कि काटे गए 93 हजार रुपये 1 अप्रैल 2015 से 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 30 दिन के अंदर अदा करें और समय पर न देने पर 15 प्रतिशत ब्याज देय होगा।

बिना फिटनेस मिली स्कूल बस जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : क्षेत्रीय संभागीय परिवहन अधिकारियों ने शुक्रवार को स्कूली वाहनों की जांच की। जांच के दौरान एक स्कूल बस बिना फिटनेस के पकड़ी गई। शुक्रवार को सिटी इंटरनेशनल स्कूल के नाम से पंजीकृत स्कूल बस सड़क पर बिना फिटनेस के दौड़ती मिली। एआरटीओ अमित राजन राय ने बस के प्रपत्रों की जांच के बाद इसे सीज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया यदि दोबारा बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के बस सड़क पर दौड़ती मिली तो इसके खिलाफ एफआईआर की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहली बार चेकिंग में पकड़े जाने पर अनफिट स्कूली वाहनों को जब्त किया जाएगा। दोबारा से चेकिंग में बगैर फिटनेस पकड़े जाने पर परिवहन विभाग मुकदमा दर्ज कराएगा।

एमएसटी सस्ती, 30 ट्रिप के किराए में करें 60 यात्राएं

- महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और छात्रों को मासिक पास के किराए में दी गई छूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगरीय परिवहन सेवा में मासिक पास एमएसटी से सफर करने वाली महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और छात्रों के लिए खुशखबरी! अब नगर बसों में इन्हें सस्ती सेवाएं मिलेंगी। 30 ट्रिप की धनराशि पर अब यह 60 यात्राएं कर सकेंगे।

इस पर निर्णय हो गया है। बीते दिनों मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव रखा गया था। इस पर मुहर लगाते हुए कमिश्नर ने एमएसटी की दरों को घटाते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अब एमएसटी किराए में छूट की दरों के साथ लागू की जाएगी। यह जानकारी सिटी बस के प्रबंध निदेशक आरके त्रिपाठी ने दी।

एमएसटी : नए किराए की तुलनात्मक दरें

कहां से कहां तक	पहले(रु.)	अब(रु.)
-चारबाग से राम स्वरूप यूनिवर्सिटी	- 2,700	-1,468
-मोहनलालगंज से अवध हास्पिटल	-2,100	- 1,168
-चारबाग से सिकंदरबाग	-1,200	-718
-अवध हास्पिटल -सिकंदरबाग	-1,800	-1,018
-चारबाग - फन सिनेमा	-1,500	-8,68

फारेंसिक विभाग की रिपोर्ट ने अटका दी धनराशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से रानीलक्ष्मी बाई योजना के तहत एक से 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है
- एसिड अटैक, दुष्कर्म समेत आईपीसी की नौ धाराओं के तहत पीड़ित महिला को दी जाती है सहायता
- जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से 19 मामले स्वीकृति के लिए डीएम के समक्ष रखे गए थे
- 12 मामले निरस्त कर दिए गए सात को स्वीकृत किया गया

अमृत विचारः रानीलक्ष्मी बाई योजना के तहत पात्रों को फारेंसिक विभाग की रिपोर्ट न आने के कारण लाभ नहीं मिल रहा है। योजना के तहत पात्र सात पीड़ित महिलाएं रिपोर्ट आने की राह देख रही हैं।

बता दें कि रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत एसिड अटैक, दुष्कर्म, दुष्कर्म के साथ एसिड अटैक का शिकार हुई महिलाओं को एक से दस लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके अलावा आईपीसी की नौ अन्य गंभीर धाराओं के तहत भी अगर महिला पीड़ित है तो उसको लाभ दिया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 19 मामले रखे गए थे। जिसमें 12 मामले मानकों के अनुरूप न होने के कारण निरस्त कर दिए गए हैं। जबकि सात मामले स्वीकृत किए गए। सात मामलों की फारेंसिक रिपोर्ट न आने के कारण पीड़ित महिलाओं को लाभ नहीं मिल पाया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि फारेसिंक रिपोर्ट आने के साथ ही आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ नए मामले भी आए हैं। नए मामले डीएम के समक्ष रखे जाएंगे।

सिटी बस प्रबंधन चक्का जाम से निपटने को तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 11 फरवरी मध्य रात्रि से सिटी बस चालकों-परिचालकों के कार्य बहिष्कार के बाद भी संचालन प्रभावित नहीं होगा। सिटी बस प्रबंधन ने इसकी तैयारी कर ली है।

शुक्रवार को सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप संघ, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश और रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के साथ सिटी बस प्रबंधन की हुई वार्ता विफल रही।

सिटी बस प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि मंडलायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि दूसरे विभागों के कर्मचारियों को उनके मूल कार्यालय भेज दिया जाए। इसी के तहत पीआरडी के कर्मचारियों को उनके मूल विभाग भेजे जाने का निर्देश दिया गया है।

वहीं विभिन्न संघ के पदाधिकारियों ने 11 फरवरी की मध्य रात्रि से सिटी बसों का चक्का जाम करने का एलान किया है। वार्ता विफल होने के बाद उन्होंने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संयोजक राजकमल सिंह ने बताया कि सिटी बस प्रबंधन की बोर्ड बैठक यह निर्णय लिया गया कि दूसरे विभागों के कर्मचारियों को उनके मूल विभाग भेजा जाए। इसके तहत 63 से अधिक कर्मचारियों को उनके विभाग में भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

इन पीआरडी कर्मचारियों को वापस भेजने के बजाय यहीं पर सेवा करने का अवसर दिया जाये। हमारी मांग है कि पीआरडी कर्मचारियों को यहीं समायोजित किया जाए। मांगे पूरी न होने की दशा में 11 फरवरी की मध्य रात्रि से सिटी बस के चालक-परिचालक कार्य बहिष्कार को मजबूर होंगे।

- पीआरडी कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में भेजे जाने का हो रहा विरोध
- 11 से हड़ताल का दावा

मूल विभाग में वापस भेजा गया

सिटी बस के प्रबंध निदेशक आरके त्रिपाठी ने बताया कि 63 कर्मचारियों को मंडलायुक्त के निर्देश पर उन्हें मूल विभाग भेजा जा रहा है जहां से पीआरडी कर्मी आए थे। रोज ड्यूटी न मिलने को लेकर हंगामा किया जाता है। जब सीएनजी बसों की संख्या आधे से भी कम हो गई है। तो ये कर्मी ड्यूटी कहां करेंगे। हड़ताल गैरकानूनी है।

राहत | यार्न (धागे) की कीमतों में कमी से घटे सूती कपड़ों के दाम, इस गर्मी में जेब का बजट नहीं बिगाड़ेगा कॉटन

गर्मी से पहले ही कॉटन देने लगा है ठंडक

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचारः कॉटन का कपड़ा पहनने वालों को खबर राहत देने वाली है। गर्मी की दस्तक से पहले ही सूती वस्त्रों में प्रयोग होने वाले यार्न (धागे) की कीमतों में कमी से कॉटन कपड़ों के दाम करीब 10 से 12 फीसद घट गए हैं। होली और रमजान जैसे त्योहार पर इस बार लोग कॉटन के कपड़ों की खरीदारी समझदारी के साथ कर उन्हें कम पैसे में पहन सकते हैं। उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इसमें कुर्ता-पायजामा, कॉटन सदरी, पैंट, कार्टराइज्ड, मक्खनजीन, शर्ट के अलावा गांवों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली पापलीन, छाल्टीन, लट्ठा, मारकीन आदि कपड़ों के दाम में भी गिरावट आई है।

> गर्मी की दस्तक को देखते हुए कॉटन बाजार सस्ता हुआ है। एक तो होली और रमजान का त्योहारी सीजन दूसरे आगामी माह से होने वाले संसद के चुनाव को देखते हुए कॉटन कपड़ों की बिक्री में उछाल आएगा। कुर्ता-पायजामा और हॉफ मोदी जैकेट के लिए कॉटन कपड़ों की डिमांड बढ़ेगी।
>
> -प्रभू जालान, उपाध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

सफेद कुर्ता-पायजामा और कॉटन कपडे.की खपत ज्यादा

होली के बाद और रमजान के दौरान सबसे ज्यादा खरीदारी सफेद कुर्ता-पायजामा और कॉटन वस्त्रों की होती है। चाहे वह कॉटन की शर्ट हो या फिर डेनिम अथवा कॉटन पैंट का कपड़ा। इन सभी की कीमतों में कमी आई है।

मोदी जैकेट चलन में, मक्खनजीन भी पसंदीदाः एक तो गर्मी की दस्तक दूसरे मोदी की हॉफ जैकेट का बढ़ता चलन इस बार लोगों की जेब पर भारी नहीं पड़ेगा। चुनाव के दौरान कॉटन की जैकेट में सूती वस्त्रों का उपयोग जनप्रतिनिधियों को खूब रास आने वाला है। सस्ता मिलने से जेब का बजट भी बिगड़ने वाला नहीं है।

कीमतों में करीब 10 से 15 प्रतिशत का इजाफाः लेनिन वस्त्रों की कीमतों में करीब 10 से 15 फीसद का इजाफा किया गया है। इससे गर्मी के दिनों में लेनिन कपड़ों से जुड़ी वैरायटी पहनने वालों को झटका लगेगा।

> लंबे समय बाद या यूं कहें कि कोरोना काल के बाद कॉटन के कपड़े में गिरावट आई है। यार्न की कीमतों में कमी होने से कीमतें घटी हैं। लेनिन को छोड़कर सभी तरह के कॉटन वस्त्रों की कीमतों से दस से 15 फीसद की कमी है। गर्मी शुरू होने वाली है। ऐसे में होली और रमजान में कॉटन वस्त्र पहनने वालों की जेब हल्की नहीं होगी।
>
> -अशोक मोतियानी, अध्यक्ष उप्र. कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

कॉटन कपड़े की तुलनात्मक दरें

-मूल्य प्रति मीटर में	पहले(रु.)	अब(रु.)
-मक्खनजीन पैंट	-750 से 850	-700 से 785
-कार्टराइज्ड पैंट	-900 से 950	-800 से 886
-कॉटन पैंट	- 950 से 1,050	-850 से 885
-शर्ट	-850 से 885	-750 से 786
-कुर्ता पायजाम	-225 से 175	-175 से 150

कई इलाकों में आज बिजली सप्लाई रहेगी ठप

अमृत विचार, लखनऊ : पारा, गोमतीनगर, खदरा सहित कई इलाकों में शनिवार को बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जर्जर पोल और ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के लिए बिजली विभाग कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप रखेगा। गोमतीनगर के विनयखंड-तीन, चार, पांच, विवेकखंड-दो, तीन, विजयखंड और उजरियांव में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। अहिबरनपुर उपकेंद्र के खदरा, पक्का पुल, ब्रह्मनगर, शिवलोक में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। शंकुतला मिश्रा विश्वविद्यालय उपकेंद्र सुबह 9:00 बजे से शाम छह बजे तक बिजली सप्लाई ठप रहेगी। सेस-द्वितीय डिवीजन के अधिशासी अभियंता यादवेंद्र कुमार यादव के अनुसार पारा, मायापुरम, शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय, कुंदर विहार, सत्यम सिटी, बजरंग विहार, डिप्टीखेड़ा, योग विहार, अनंत विहार, सहित कई इलाकों में आज बिजली नहीं आएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश के बच्चों के नाम पर बनाई फर्जी आईडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अज्ञात के खिलाफ गौतम पल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव के बच्चों के नाम से एक्स पर फर्जी आईडी बनाने का मामला सामने आया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की तहरीर पर गौतम पल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस के मुताबिक सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने तहरीर दी है। इसमें उन्होंने बताया कि एक्स पर पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी टीना के नाम से फर्जी आईडी बनाई गई है। डीपी पर लगी फोटो में पद्मश्री मुलायम सिंह यादव कार के अंदर बैठे हैं। जबकि अखिलेश व डिंपल व उनकी बेटी नीचे खड़े हैं। दूसरी आईडी बेटे अर्जुन यादव के नाम से बनी है। जिसकी डीपी पर पद्मश्री मुलायम सिंह यादव और अखिलेश की फोटो लगी है। इन पोस्ट पर बड़ी संख्या में लोगों ने कमेंट व लाइक किए हैं। सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अज्ञात द्वारा फोटो पोस्ट किए गए हैं। इनका बच्चों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

कहीं आवाजाही में बाधा तो कहीं अव्यवस्थाओं की भरमार

22 फरवरी से आयोजित हो रही हैं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

बुरा हाल

- नियम दरकिनार कर बना दिया गया परीक्षा केंद्र

अमृत विचार : यूपी बोर्ड की परीक्षा आयोजित होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं।कम समय के बीच अव्यवस्थाओं की भरमार परीक्षा केन्द्रों पर देखने को मिली। कहीं आवाजाही में दिक्कत थी, तो कई परीक्षा केन्द्र ऐसे भी थे जहां पर्याप्त प्रकाश और संसाधनों का अभाव मिला। 22 फरवरी से लेकर 9 मार्च तक प्रदेश भर में यूपी बोर्ड परीक्षाओं को आयोजन कर रही है। लखनऊ में भी इस परीक्षा को लेकर विभाग की ओर तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं। ऐसे में कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नजर डाली गई, तो सुविधा टोटको में दिखी। पुराने लखनऊ के चौक क्षेत्र स्थित खुनखुन जी गर्ल्स इण्टर कॉलेज तक पहुंचने का हाल तो अजब गजब दिखा।

बोर्ड व्यवस्थापकों ने परीक्षा केन्द्र स्थापित करने से पहले यहां की आवाजाही पर नजर नहीं डाली। क्योंकि इस विद्यालय तक पहुंचने के लिए महज ढाई फिट की सड़क भर है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि 700 से अधिक छात्र इस विद्यालय तक किस तरह सुविधाजनक रूप में पहुंच सकेंगे। इतना ही नहीं सचल दस्ते को भी समय से परीक्षा केन्द्रों की निगरानी करने में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

खुनखुन जी गर्ल्स इण्टर कॉलेज तक जाने वाला सकरा रास्ता। अमृत विचार

घनी बस्ती में बना दिये परीक्षा केन्द्र : इस बार परीक्षा केन्द्रों को बनाने में नियम दरकिनार किये गए। क्योंकि पुराने लखनऊ में बनाए गए कई परीक्षा केन्द्रों की स्थिति बेहतर नहीं है। ऐसे विद्यालयों या तो सकरी गलियों में हैं, या फिर उखड़ी और टूटी नालियों और खड़ंजों के बीच। जानकारों का मानना है कि इन परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान समस्या आना तय है।

दस्ते कैसे भरेंगे रफ्तार: जेडी डॉ. प्रदीप कुमार का कहना है कि लखनऊ क्षेत्र में 134 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गए हैं। इनकी निगरानी के लिए जुबली कॉलेज में कंट्रोल रूम स्थापित हुआ है। जिसके सहारे परीक्षा संबंधी सूचनाओं का आदान- प्रदान होगा। साथ ही विषम परिस्थितियों में सचल दस्ते को भी मौके पर भेजने की व्यवस्था की जाएगी। अब बड़ा सवाल है,कि जब परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने में अभी से इतनी बाधाएं दिख रही हैं, तो परीक्षा संचालन और अवलोकन को विभाग कैसे व्यवस्थित करेगा।

चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचे हजारों श्रद्धालु

अमृत विचार , बख्शी का तालाब: माघी माह की मौनी अमवास्या पर्व पर शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने बख्शी का तालाब के कठवारा गांव स्थित चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचे और सुधन्वा कुण्ड में स्नान दान कर माता के दर्शन किए।

मेला कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व स्नान के लिए कमेटी व प्रशासन की तरफ से बेहतर प्रबंध किए गए थे।उन्होंने बताया कि हजारों श्रद्धालुओं ने सुधन्वा कुण्ड में स्नान कर पूजन किया।वहीं श्रद्धालुओं की भारी संख्या के चलते मंदिर के कपाट सुबह चार बजे ही खोल दिए गए थे।चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

11 से बाघ एक्सप्रेस कपूर्री ग्राम स्टेशन पर रुकेगी

अमृत विचार, लखनऊ : सोनपुर मंडल के कपूर्रीग्राम स्टेशन पर ट्रेन नंबर 13019/13020 हावड़ा-काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव 11 फरवरी से अगली सूचना तक प्रदान किया जाएगा। ट्रेन नंबर 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस कपूर्रीग्राम स्टेशन पर 11 फरवरी से सुबह 9 :01 बजे पहुंचकर 9 :03 बजे छूटेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस कपूर्रीग्राम स्टेशन पर 11 फरवरी से रात्रि 8 :53 बजे पहुंचकर 8 :55 बजे छूटेगी।

गोरखपुर-अहमदाबाद एक्स. कासगंज में 10 मिनट रोकी जाएगी

अमृत विचार, लखनऊ : इज्जतनगर मंडल के कासगंज-मरहरा के मध्य कार्य के चलते गोरखपुर से 12 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 19410 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस कासगंज में 10 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम ABRAR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम HAFIZ ABRAR AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MURAD ALI R/O 319-A,TARINPUR, POST SITAPUR PS -KOTWALI CITY, SITAPUR**

सूचना

पहले मेरा नाम JAHIR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ZAHEER AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MOHD SHAMIM R/O: 1183, HANSWAR POST HANSWAR, AMBEDKAR NAGAR**

सूचना

मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाते। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – क्रिया, तहसील मोदहा, जिला हमीरपुर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ नि. ग्राम जेठू मवई पो. धनीजलालपुर थाना व तह. गौरीगंज जनपद अमेठी** का निवासी हूं मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21.5.2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कहीं पता नहीं चल सका है।

आवश्यकता है

ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम नवेन्दु कुमार से बदलकर नवेन्दु कुमार शुक्ला रख लिया है। भविष्य में मुझे नवेन्दु कुमार शुक्ला के नाम से जाना जाये।**–नवेन्दु कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 गणेश शुक्ला, निवासी ओ–116 केशवपुरम आवास विकास–1, कल्यानपुर कानपुर नगर उत्तर प्रदेश–208017**

सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री दिनेश चंद्र वैश्य पुत्र लालता प्रसाद वैश्य निवासी 3/300 विशाल खंड, गोमतीनगर लखनऊ ने मूल दस्तावेज यानी आवंटन पत्र और फ्री होल्ड डीड दिनांक 19/08/1997, पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1816, पृष्ठ 71/82 क्रमांक 7318/97 सब रजिस्ट्रार लखनऊ में पंजीकृत जो कि खो गयी है। यह दस्तावेज 3/300 विशाल खंड गोमतीनगर लखनऊ के घर का है, यह संपत्ति वर्तमान में विशेष रूप से मेरे ग्राहक के स्वामित्व में है, यदि किसी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का अधिकार, शीर्षक, ब्याज का दावा, शेयर आदि है तो कृपया 7 दिनों के भीतर इसे सूचित करें। **सी.के. लीगल एसोसिएट्स लखनऊ 0522–4077776 पर या एक्सिस बैंक लिमिटेड** पर संपर्क करें अन्यथा इसे अमान्य माना जाएगा।

आवश्यकता है

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोट:– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।
प्रबंधक:– श्रीमती सरोज बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875 मो. नं. 9919751551, 8004972161

पुनर्वास विवि में विरासत पर व्याख्यान

- कार्यक्रम में प्राचीन सभ्यताओं और संस्कारों को बचाये रखने की दी गई सीख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला पुनर्वास विश्वविद्यालय में विरासत पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्राचीन सभ्यताओं और संस्कारों को बचाये रखने की सीख भी दी गई।

पुनर्वास विवि में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित इतिहास विभाग के आचार्य प्रोफेसर अवनीश चन्द्र मिश्र द्वारा विरासत पर गर्व विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि अपनी परम्परा का आदर करना, अनुभव जनक ज्ञान की परम्परा को कायम रखना, हमें अपने प्राचीन सभ्यताओं और संस्कारों को बचाये रखने की सीख प्रदान करती है। स्वयं सेवक राजीव प्रजापति द्वारा राष्ट्रीय गीत इस देश को नमन है प्रस्तुत किया गया। डॉ. आषुतोष पाण्डेय ने बताया कि हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए जिससे कि देश और समाज का उत्थान हो सके। कार्यक्रम में डॉ. विपिन कुमार पाण्डेय, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. अंजली सिंह, डॉ. डीबी सिंह सहित काफी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

पुनर्वास विश्वविद्यालय में व्याख्यान के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनामिका चौधरी की अध्यक्षता में फिनांशियल लिटरेसी एंड अवेरनेस विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आरती मोदी के द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के अध्यापक गण, शोधार्थियों, स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र/छात्राओं और विभिन्न संकायों के कर्मचारियों द्वारा भारी संख्या में प्रतिभाग किया गया।

पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए करें पौध रोपण

दुकानदार को जागरूक करते सदस्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज के एनसीसी व एनएसएस छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में जनसामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर एसएफएस महानगर प्रमुख एवं कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सारिका दुबे ने लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिये और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिये पौधे लगाना चाहिये। इस अवसर पर अविजित झा, विशाल शुक्ला, हीरालाल यादव, अमन दुबे, शिव कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

लविवि में अंतर्राष्ट्रीय शक्तियों की भूमिका पर दिया व्याख्यान

लविवि में आयोजित सेमिनार के दौरान मंचासीन अतिथिगण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : जम्मू कश्मीर और लद्दाख की समझ रुझान और प्रवृत्तियां विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय की डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा भू-राजनीतिक महत्व एवं जम्मू कश्मीर में अन्तर्राष्ट्रीय शक्तियों की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान दिया गया। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. अजय कुमार ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख में हो रहे परिवर्तनों और शान्ति स्थापित करने को लेकर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

इस दौरान विभाग के समस्त शिक्षक प्रो. कमल कुमार, प्रो. संजय गुप्ता, प्रो. कविराज, प्रो. अमित कुशवाहा, डॉ. अनामिका, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. तुंगनाथ मुआर व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जोखिमों में निर्णय लेने को लेकर कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- लखनऊ विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम, दिये सुझाव

अमृत विचार : उप्र बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने, हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार अशोक विश्वविद्यालय के सहयोग से, जोखिम भरी स्थितियों में निर्णय लेने की प्रक्रिया और विहित पूर्वाग्रहों की जटिलताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक कार्यशाला का आयोजन किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. नर्गेस हाजीमोलादारिश ने निर्णय लेने की प्रक्रियाओं, वास्तविक जीवन के परिदृश्यों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और जोखिम भरी स्थितियों में प्रचलित विहित पूर्वाग्रहों को संबोधित करने के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. प्रिया और सुष्मिता मिश्रा ने विभाग प्रमुख प्रो. संगीता साहू की देखरेख में कार्यशाला का निर्बाध निष्पादन सुनिश्चित किया, जिससे सत्र के उद्देश्यों को पूरा किया गया।

इस दौरान 60 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति के साथ मजबूत चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया।

सिंथेटिक तेल का विश्लेषण 26 से

अमृत विचार, लखनऊ: सिंथेटिक तेल की जांच और उसकी प्रमाणिकता को लेकर एक सेमिनार का आयोजन सीएसआईआर राष्ट्रीय वनस्पति - अनुसंधान संस्थान करने जा रहा है। वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पुनीत सिंह चौहान ने बताया कि तेलों का आसवन, कंक्रीट और निरपेक्ष की तैयारी के साथ प्राकृतिक तेलों में मिलावट का पता लगाया जाएगा।

प्रमाणिकता और पौष्टिकता पर भी विश्लेषण रहेगा। इसी को लेकर कार्यक्रम 26 फरवरी से पहली मार्च तक चलेगा।

भीख मांग रहे बच्चों को दिया गया आश्रय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भिक्षा से शिक्षा की ओर अभियान के तहत शुक्रवार को भिक्षावृत्ति में लगे पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को रेस्क्यू कर आश्रय दिया गया।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से भिक्षा से शिक्षा की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा और लॉरेटो चौराहा पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 16 बच्चे और 6 महिलाएं बच्चों को गोद में लेकर भीख मांग रही थीं। साथ ही दो पुरुषों को बच्चों के साथ भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहे से दो महिलाएं और बच्चे, दो पुरुष बच्चों सहित, पॉलीटेक्निक चौराहे से 2 बच्चे व 1 महिला बच्चे के साथ, लॉरेटो चौराहे, लखनऊ से 3 महिलाएं बच्चों सहित एवं 6 अन्य बच्चे भीख मांगते हुए रेस्क्यू किए गए। बच्चों का लोकबन्धु श्री राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराया गया। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पुनर्वासन के लिए पेश किया गया। समिति के आदेश पर बच्चों की आयु के अनुरूप उनको आश्रय दिया गया। अभियान के तहत आयोग के अध्यक्ष डॉ. श्री देवेंद्र शर्मा, श्यामजी त्रिपाठी सदस्य, डॉ. शुचिता चतुर्वेदी, सदस्य एवं अनीता अग्रवाल सदस्य के अलावा, श्रम विभाग, एएचटीयू, बचपन बचाओ आंदोलन, महिला कल्याण विभाग की टीम वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन रेस्क्यू अभियान में सम्मिलित रहे।

शटर तोड़कर लैपटॉप समेत लाखों रुपये की नकदी चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके में गुरुवार रात बेखौफ चोरों ने एक हार्डवेयर दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखा एक लैपटॉप और करीब डेढ़ लाख रुपए की नगदी पार कर दी। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है। सरोजनीनगर के गौरी बाजार निवासी अनिल कुमार विश्वकर्मा की स्कूटर इंडिया चौराहे के पास गहरू, पिपरसंड रोड पर श्री बालाजी हार्डवेयर नाम से दुकान है। अनिल के मुताबिक रोज की तरह गुरुवार देर शाम भी वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। शुक्रवार सुबह करीब 9 :30 बजे बगल के दुकानदारों ने अनिल को उनकी दुकान का शटर टूटा होने की सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे अनिल कुमार ने देखा तो दुकान का शटर टूटा होने के साथ ही अंदर रखी तिजोरी का ताला भी टूटा मिला। साथ ही दुकान के अंदर रखा एक लैपटॉप और तिजोरी में रखे करीब डेढ़ लाख रुपए गायब मिले। आनन फानन उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की। जहाँ सीसीटीवी फुटेज में एक चोर दुकान के अन्दर चोरी करते नजर आया। फिलहाल अनिल की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ
लालबाग, टी0एन0 रोड, लखनऊ - 226001 (उ0प्र0)
ईमेल : nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

संख्या : 351/मु0अ0/2023-24 **दिनांक : 09.02.2024**

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 23.02.2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22-02-2024 तक अपरान्हन 02 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 23-02-2024 को अपरान्हन 03:00 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को 23.02.2024 को अपरान्हन 4 बजे मुख्यालय स्थित बाबू राज कुमार श्रीवास्तव कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कुल निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित
1.	शारदा नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत रतनखण्ड में म0सं0-1/502 से 505 होते हुए म0सं0-1/481 तक नाली व सड़क साइड पटरी पर इंटरलाकिंग का कार्य।	718490.00	71849	2 माह	718	129	848
2.	शारदा नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत रतनखण्ड में म0सं0-1/477 से 1/521 तक नाली व सड़क साइड पटरी पर इंटरलाकिंग का कार्य।	755698.00	75570	2 माह	756	136	892
3.	शारदा नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत रतनखण्ड में म0सं0-2/226 से 2/236 तक नाली 505 होते हुए म0सं0-1/481 तक नाली व सड़क साइड पटरी पर इंटरलाकिंग का कार्य।	708527.00	70853	2 माह	709	128	836

शर्तें - 01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। 02. 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा डाले जाने पर 1.00 प्रतिशत की दर से सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। 03. शासनादेश संख्या- 962/नौ-9-2017/81ज /17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। 04. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। 05. कार्य समय से पूर्ण न होने पर अर्थ दण्ड लगाया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी। 06. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायविल्टी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

मुख्य अभियन्ता

ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से किसानों को साधेगी भाजपा

महानगर कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 12 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुजफ्फरनगर से करेंगे यात्रा की शुरुआत
- प्रत्येक मंडल के लिए प्रवासी नियुक्त किए

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से किसानों को साधेगी।

ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 12 फरवरी को मुजफ्फरनगर से करेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान उक्त बात कही। कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा पांच मार्च तक चलेगा। प्रदेश के 50 हजार ग्रामों एवं शहरों के प्रत्येक मोहल्लों में ग्राम परिक्रमा यात्रा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की ओर से चलाई जाएगी। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने किसानों एवं गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। भाजपा किसान मोर्चा ने प्रत्येक मंडल के लिए प्रवासी नियुक्त किए हैं।

मंडल के प्रत्येक मोहल्लों में प्रवासी और मंडल के पदाधिकारियों विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को बताएंगे। द्विवेदी ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और आधुनिक कृषि तकनीक से सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की रणनीति बनाने की घोषणा की है। साथ ही मत्स्य संपदा योजना को भी आगे बढ़ने का संकल्प लिया है।किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की 10 वर्षों में केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धियां है। जिनका लाभ किसानों को मिला है। अभियान के तहत किसान मोर्चा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री के नौ संकल्पों को अपनाने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, किसान मोर्चा महामंत्री ज्ञान द्विवेदी, विवेक सिंह, महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, अभिषेक खरे, अनुराग साहू उपस्थित रहे।

भाजपा महानगर ने अन्य दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए खोले दरवाजे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 13 को चलेगा भाजपा महानगर में सदस्यता अभियान

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा महानगर 13 फरवरी को दूसरे दलों से आने वाले लोगों को सदस्यता दिलाएगी। भाजपा ने दूसरों दलों से आने वाले लोगों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं।

भाजपा महानगर कार्यालय में शुक्रवार को मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों की बैठक हुई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि देश का राजनीतिक माहौल भाजपामय है। इसको लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत में तब्दील कर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने सभी से पार्टी के मिशन में जुटने की अपील की और कहा कि प्रदेश भाजपा का संरक्षक होने के नाते वह सबके सम्मान और भावनाओं का ख्याल रखेंगे। जो भी अन्य पार्टी के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेना चाहता है वह अपने वार्ड के मंडल अध्यक्ष या कैसरबाग कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। वही मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान में विशेष सतर्कता बरतें। अन्य पार्टी से आए प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं से वार्ता कर उनको पार्टी से जोड़ें।

एक नजर

उपभोक्ता की शिकायत पर जेई निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : उपभोक्ता की शिकायत पर जांच में दोषी पाए गए नादरगंज के बिजनौर उपकेंद्र के जेई नितिन कुमार को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। अधीक्षण अभियंता योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बिजनौर के घसियारी मोहल्ले में रहने वाली नीतू देवी ने अवर अभियंता नितिन कुमार पर आरोप लगाया कि उन्होंने विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति की प्रकिया को शुरू नहीं किया गया। जबकि उन्होंने एस्टीमेट का डेढ़ लाख से अधिक रुपये जमा कर दिया। विभाग ने कनेक्शन तो नहीं दिया, लेकिन बिल का आना शुरू हो गया। इसके बाद विभाग ने जांच की, जिसमें अवर अभियंता को कार्य में लापरवाही और उदासीनता का दोषी पाया गया। जिसके बाद जेई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

गोवंशों के भरण-पोषण में न हो कमी, करें निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : गोवंशों के भरण-पोषण में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। समय से उपभोग प्रमाण पत्र देकर आगे के बजट की मांग करें। नियमित गोशालाओं का निरीक्षण कर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। लापरवाही मिली तो चिकित्सक जिम्मेदार होंगे। शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने सभी चिकित्सकों के साथ विभागीय समीक्षा की। इसमें गोशालाओं पर जोर दिया। कहा कि भरण-पोषण के लिए बजट की कमी नहीं है। मांग के अनुसार समय पर बजट उपलब्ध भी कराया जा रहा है। गोशालाओं का निरीक्षण करें और वहां व्यवस्थाएं देखकर दुरुस्त कराएं। गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। गांव-गांव जाकर अभियान के तहत टीकाकरण करें। पशुपालन और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नंद बाबा मिशन दुग्ध योजना की जानकारी दें और लाभान्वित करें। बैठक में राजकीय पॉलीक्लीनिक के अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा समेत सभी चिकित्सक मौजूद रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र : कहीं ताला तो कहीं डॉक्टर ही नदारद

लोगों को नहीं मिल रहा इलाज, निगरानी न होने से की जा रही मनमानी, 4 बजे तक खुलने का समय, लेकिन 2 बजे से पहले ही बंद हो जा रहीं पीएचसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खोले गए हैं। अब यह अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गए हैं। निगरानी न होने से केंद्रों पर डॉक्टरों की मनमानी मरीजों को भारी पड़ रही है। इन केंद्रों पर न तो समय से डॉक्टर आते हैं और न ही मरीजों को दवाएं मिल पाती हैं। ज्यादातर केंद्रों पर ताले लटक रहे हैं तो वहीं कुछ जगह सिर्फ दिखावे भर के लिए केंद्र खोले जा रहे हैं।

शहरी केंद्रों को खोलने का समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक और ग्रामीण के सुबह 10 से शाम 4 बजे तक का है, लेकिन ज्यादातर केंद्र 2 बजे से पहले ही बंद हो जा रहे हैं। इससे इलाज के लिए मरीजों को परेशान होकर निजी चिकित्सकों के पास जाने को मजबूर होना पड़ता है। आरोप है कि इन केंद्रों पर तैनात डॉक्टर विभागीय सेटिंग के चलते महीने में एक दो बार आकर अपनी हाजिरी जरूर लगा देते हैं। इसको लेकर 'अमृत विचार' की टीम ने शुक्रवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के कई केंद्रों का निरीक्षण किया तो कई तरह की अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। कहीं पीएचसी समय से पहले बंद मिली तो कहीं केवल सफाई कर्मचारी ही मौजूद मिला। इस व्यवस्था में मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है।

पेश है रिपोर्ट...

पीएचसी कसमण्डी कला, समय 3 :28 बजे

यहां ताला लगा मिला। जानकारी करने पर पता चला कि यहां किसी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं है। फार्मासिस्ट संजय शर्मा मरीजों को देखते हैं। अक्सर उनकी ड्यूटी ही रहती है। इससे मरीजों को दिक्कत होती है।

पीएचसी रहीमाबाद, समय 3 :10 बजे

केंद्र पर ताला लटक रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर दानिश नाम के डॉक्टर की तैनाती है। रोजाना 2 बजे से पहले ही केंद्र बंद हो जाता है। मजबूरन लोगों को निजी क्लीनिक जाना पड़ता है।

पीएचसी कहला मलिहाबाद, समय : 2 :45 बजे

मौके पर कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। लैब टेक्नीशियन श्याम मौके पर मिला। उसने कहा कि डॉक्टर कुछ देर पहले ही निकले हैं। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि डॉक्टर अक्सर गायब रहते हैं। कर्मचारी दवा बांटते हैं। रोजाना 2 बजे के पहले ही केंद्र को बंद कर दिया जाता है।

पीएचसी जानकीपुरम : समय 1 :50 बजे

यहां पर एक डॉक्टर मौजूद मिला, हालांकि खांसी के मरीज को कफ सीरप नहीं दिया गया। पूछने पर बताया कि सीरप का स्टॉक खत्म हो गया है। बाजार से खरीदना होगा। हालांकि पीएचसी खुलने का समय उसने सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही बताया।

पीएचसी आदिल नगर : समय 12 :50 बजे

एक महिला फार्मासिस्ट व एक अन्य व्यक्ति जो खुद को डॉक्टर बता रहा था। दोनों खुले मैदान में धूप सेंक रहे थे। उसी समय दो मरीज आए। एक मरीज ने कमर में दर्द व दूसरे ने खांसी की शिकायत बताई। खुद को डॉक्टर बताने वाले व्यक्ति ने दोनों मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के बजाए महिला कर्मचारी को मरीजों का नाम नोट कर दवा देने का फरमान सुना दिया। पूछने पर बताया गया कि पीएचसी खुलने का समय सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक है। इस बीच समय को लेकर डिप्टी सीएमओ डॉ. आरएन सिंह से जब बात कराई गई तो उसने उनसे भी इसी समय का हवाला दिया। जिस पर डिप्टी सीएमओ ने फोन पर ही कर्मचारी को फटकार लगाई।



> समय को लेकर एक बार फिर से स्पष्ट आदेश जारी कर दिया जाएगा। जहां पर लापरवाही की शिकायत है। उनके विरुद्ध नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लिया जाएगा। जो समय निर्धारित है, उसी समय पर केंद्र खुलेंगे और बंद होंगे। -डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ

कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित पीएचसी एक साल से फार्मासिस्ट के सहारे चल रही

खुजौली पीएचसी में करीब एक साल पहले डॉक्टर सलीम की तैनाती हुई थी। सूत्रों की मानें तो पोस्टिंग के बाद एक दिन भी डॉक्टर सलीम यहां नहीं आए। कर्मचारी वीके सिंह ने बताया यहां फार्मासिस्ट आनंद कुशवाहा की वजह से अस्पताल चल रहा है, जबकि यह कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित पीएचसी है और यहां सफाई कर्मचारी न होने के बावजूद अस्पताल में साफ सफाई बेहतर है। सफाई इन लोगों के द्वारा ही की जाती है। इस दौरान कोई भी मरीज मौके पर नहीं मिला।

पीएचसी में सिर्फ मलका दाई मौजूद

12 :40 बजे सिर्फ एक महिला सफाई कर्मचारी मलका मौजूद मिली। उसने बताया कि डॉक्टर दिवाकर यहां के हेड हैं। यहां दो फार्मासिस्ट हैं। एक दुर्गा सिंह जो तीन माह से छुट्टी पर है। दूसरा राजेश सिंह है जो अभी कुछ देर पहले कहीं गया है। वहीं हेड डॉक्टर दिवाकर भारद्वाज भी कुछ देर पहले ही निकल गए। जबकि अस्पताल की टाइमिंग 10 बजे से 4 बजे तक है।

एंटी भू-माफिया कमेटी खाली कराएगी यूपीएसआईसी की जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरोजनी नगर के नादरगंज में कुछ वकीलों के सहयोग से योजनाबद्ध तरीके से कब्जा की गई उप्र लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) की जमीन बुलडोजर चलाकर मुक्त कराई जाएगी। यूपीएसआईसी के एमडी का पत्र मिलने पर एडीएम प्रशासन ने एसडीएम सरोजनी नगर को एंटी भू-माफिया अभियान के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बद्री नगर इंडस्ट्रियल एरिया नादरगंज में यूपीएसआईसी की जमीन खसरा संख्या 3418 पर पिछले माह ग्राम अमौसी निवासी रवि गुप्ता ने दिनदहाड़े योजनाबद्ध तरीके से बाउंड्रीवाल और गेट लगाकर कब्जा किया था। इसमें कुछ वकीलों ने सहयोग किया और विरोध करने पर लोगों को धमकी दी। इस जमीन की यूपीएसआईसी के एमडी राजेश कुमार ने राजस्व विभाग से जांच कराई थी। जिसमें रवि गुप्ता द्वारा कब्जा करने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर एमडी ने डीएम सूर्य पाल गंगवार को जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए पत्र लिखा था। जो मिलने पर शुक्रवार को एडीएम प्रशासन डॉ. शुभि सिंह ने एसडीएम सरोजनी नगर फाल्गुनी सिंह को एंटी भू-माफिया अभियान के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वह राजस्व, पुलिस व यूपीएसआईसी के अधिकारियों से समन्वयक बनाकर जमीन खाली कराएंगी।

बद्री नगर इंडस्ट्रियल एरिया नादरगंज में यूपीएसआईसी की जमीन पर दीवार व गेट लगाकर किया गया कब्जा।

- नादरगंज में बुलडोजर चलाकर कब्जामुक्त कराई जाएगी सरकारी जमीन
- एमडी का पत्र मिलते ही सक्रिय हुआ प्रशासन, एसडीएम सरोजनी नगर को निर्देश
- कुछ वकीलों के सहयोग से योजनाबद्ध तरीके से कब्जा की गई थी सरकारी जमीन

> इस मामले पर एंटी भू-माफिया के तहत कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम सरोजनी नगर को दिए हैं। जो यूपीएसआईसी, राजस्व व पुलिस से समन्वय बनाकर सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराएंगे। -डॉ. शुभि सिंह, एडीएम प्रशासन

> एमडी की तरफ से कार्रवाई के लिए डीएम को पत्र भेजा है। पुलिस-प्रशासन के सहयोग से जल्द निगम की जमीन खाली कराएंगे। कब्जेदार पर कार्रवाई करेंगे। -एसके राय, अधीक्षण अभियंता, यूपीएसआईसी, कानपुर

पहले बनाई दीवार, अब डालने लगा कबाड़ : रवि गुप्ता ने जमीन पर पहले डस्ट डालकर कब्जा किया। इसके बाद 40 से 50 लोगों को मौके पर इकट्ठा कर उनकी मदद से सीमेंट के पिलर डालकर अस्थाई दीवार बनाई और गेट लगाकर जमीन चारों तरफ से घेर कर कब्जा कर लिया। इससे पहले भी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया था। जो तीन बार पुलिस ने रुकवाया था लेकिन, बाद में मिलीभगत कर जमीन पर कब्जा कर लिया गया। जांच में कब्जेदार के पास जमीन के स्वामित्व संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। इधर, कुछ दिनों से जमीन पर कबाड़ डाला जाने लगा है। बताया यह भी गया कि ये लोग गिरोह बनाकर सरकारी जमीन कब्जा करते हैं। आसपास कई जमीन इसी तरह से कब्जा की हैं।

बिल के लिए शव रोके जाने के मामले की जांच शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बीकेटी अस्पताल में भर्ती महिला की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई थी। परिजन द्वारा बकाया बिल देने में असमर्थता जताने पर अस्पताल प्रशासन ने शव देने से मना कर दिया। इससे नाराज परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद परिजनों को शव मिल सका। डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह का कहना है कि अस्पताल को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीकेटी एयरफोर्स स्टेशन रोड के रहने वाले इंद्रपाल सिंह ने पत्नी शांति (45) ने आंत का ऑपरेशन बीकेटी अस्पताल में गत 23 जनवरी को कराया था। आरोप है कि इस बीच अस्पताल प्रशासन ने इलाज के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये वसूले। गुरुवार को मरीज की मौत हो गई। इस पर ढाई लाख रुपये और देने की मांग करते हुए शव देने से मना कर दिया। इसके बाद पुलिस के हस्तक्षेप से शव मिला।

एआई तकनीक ने आसान किया गंभीर मरीजों का इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग एवं सोसाइटी ऑफ प्रिसीजन मेडिसिन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रिसीजन मेडिसिन कॉफेंस (पीएमआईसी)-2024 के तीसरे एवं आखिरी दिन शुक्रवार को विशेषज्ञों ने आईसीयू के मरीजों के इलाज में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक के इस्तेमाल सहित अन्य बेहतरी के सुझाव दिए।

गंगा राम हॉस्पिटल, नई दिल्ली में क्रिटिकल केयर एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के पद्मभूषण डॉ. वीके राव ने एडवांस ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर व्याख्यान दिया।

प्रिसीजन मेडिसिन कॉन्फ्रेंस-2024में शामिल विशेषज्ञ। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि नई तकनीक का इस्तेमाल गंभीर मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है।

इससे कम समय मे जांच रिपोर्ट जल्द मिलने के साथ ही इलाज की दिशा तय करने में आसानी हो रही है। एचएन रिलायेंस फाउण्डेशन हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर, मुम्बई के एडिशन डायरेक्टर डॉ.अरिन्दम कर ने टेली-आईसीयू एण्ड आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इन लो रिसोर्स सेटिंग के बारे में जानकारी साझा की। कॉफेंस के आखिरी दिन प्रो. जिन लुईस विंसेंट, डिपार्टमेंट ऑफ इन्टेसिव केयर, यूनिवर्सिटी ऑफ लिब्रे डे ब्रुक्सेल, बेल्जियम द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में नेविगेटिंग दी होरीजोन, चार्टिंग दी फ्यूचर ऑफ प्रिसीजन मेडिसिन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ. मनीष मोदी, और डॉ. रोहित भाटिया ने न्यूरो-किटीकल केयर विषय पर अपना अनुभव साझा किया। वहीं, डॉ. रवींद्र नाथ चौधरी, एडिशनल प्रोफेसर, न्यूरोलोजी विभाग, एनआईएमएचएएनएस, बंगलेरू द्वारा रोल ऑफ बायोमार्कर के बारे में बताया।

- केजीएमयू में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने आईसीयू के मरीजों को बेहतर इलाज के दिए सुझाव

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने को होगी कार्रवाई : डीएम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एंटी भू माफिया अभियान के तहत जिला प्रशासन ने 1 करोड़ 10 लाख मूल्य की 0.821 हेक्टेयर भूमि को कराया कब्जा मुक्त
- सरोजनीनगर की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए चलाया गया अभियान

अमृत विचार : जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के आदेश पर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एंटी भू माफिया अभियान के तहत जिला प्रशासन ने 1 करोड़ 10 लाख मूल्य की भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

तहसील सरोजनीनगर की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान में आज तहसील सरोजनीनगर के तहत ग्राम कल्ली पूरब की गाटा संख्या 414, 376, 375, 374, 373, 377, 362, 366, 481 में शासकीय भूमि से कब्जा हटाया गया। इसका कुल रकबा 0.821 हेक्टेयर और बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ 10 लाख है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

किसी काम के नहीं हैं उपकेंद्रों के सीयूजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजधानी के विभिन्न उपकेंद्रों पर लगे फोन और सीयूजी पड़े हैं बंद

अमृत विचार : उपकेंद्रों पर लगे फोन अब डेड हो चुके हैं। सीयूजी नंबर रीचार्ज नहीं है। बिजली जाने पर उपभोक्ता जब उपकेंद्र पर काल करते हैं तो अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि बिजली विभाग को उपभोक्ताओं की कितनी फिक्र है।

एक तरफ विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए विभाग कहीं तारों को बदल रहा है तो कहीं पोल लगाए जा रहे हैं, लेकिन उपकेंद्रों पर तैनात अधिकारियों की उदासीनता के चलते शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के दावों की हवा निकलती दिखाई दे रही है। पॉवर कारपोरेशन के उपकेंद्र कितने हाइटेक हैं, इसका अंदाजा यहां खराब पड़े फोन और सीयूजी नंबर को देख कर आसानी से लगाया जा सकता है।

> उपकेंद्र पर लगे फोन और सीयूजी नंबर जो बंद पडे.हैं, उन्हें जल्द ठीक कराया जाएगा। जिम्मेदार अधिकारियों पर आख्या लेकर कार्रवाई भी की जाएगी। -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

इन उपकरणों की खराबी के चलते उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि उपकेंद्र पर तैनात सब स्टेशन आपरेटर को मिले मोबाइल रीचार्ज तक नहीं किए गए हैं। इससे शटडाउन देने व अधिकारियों को केंद्र की जानकारी देने के लिए जारी सीयूजी नंबर भी काम नहीं कर रहे हैं। लेसा अधिकारियों के अनुसार कई उपकेंद्रों पर फोन और सीयूजी नंबर के खराब होने की सूचना विभाग को मिली है। उसे जल्द ही सही कराकर उपभोक्ताओं की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में बिछीं लाइनों में करंट व आग लगने की सूचना देना आसान नहीं है। सब स्टेशन आपरेटर के सीयूजी नंबर बंद पड़े हैं। बीकेटी, सरोजनीनगर, चौक, अलीगंज, इटौंजा, राजाजीपुरम, निशातगंज, जीवीआरए सहित कई उपकेंद्रों के फोन या तो खराब हैं या ये रीचार्ज न हो पाने पर बंद हो गए हैं।

मुहिम कृषि वैज्ञानिक ने छात्रों को दिए महत्वपूर्ण सुझाव, फसलों के उत्पादन को बढ़ाने को लेकर किया गया प्रोत्साहित

कागज-गोंद के सहारे सरसों के फूलों की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी व आसपास के जिलों में सरसों की फसल को कीटों से बचाने के लिए कृषि वैज्ञानिक ने मुहिम छेड़ रखी है। इसे लेकर वे विद्यालयों के छात्रों को बुलाकर खेतों में परीक्षणीय कैंप आयोजित करा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक कहते हैं कि इस व्यवस्था से फसल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, फसल भी अच्छी उपज देगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह का मानना है कि सरसों ही नहीं कई बार अन्य फसलों का नुकसान बदलता मौसम कर देता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही असर सरसों की फसल पर देखने को मिला है। कहते हैं कि तापमान में आए बदलाव के कारण फसलों में पत्ती चूसने वाले कीटों की संख्या बढ़ चली है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को मांहू कीट से बचाने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान छात्र कीटों की अनुमानित संख्या के साथ फसलों के बचाव के गुर भी सीख रहे हैं।

छात्रों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह। अमृत विचार

पीला कागज और गोंद रहेगा कारगर : सरसों की फसल की देखरेख और उसके बचाव के लिए कृषि वैज्ञानिक ने पीला कागज और गोंद के उपयोग की बात है। कहते हैं कि इसे विभिन्न आकारों में काटकर नीचे दफ्ती लगाकर लकड़ी के स्टैंड पर खेतों की फसलों के आसपास लगा दिया जाता है। इस विधि द्वारा कीटों की गणना आसानी से की जा सकती है।

छात्र बोले- उपयोगी विधि को करेंगे साझा

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या अब तक दो सौ पार कर चुकी है। छात्र निखिल प्रताप सिंह का कहना है कि इस विधि के सहारे फसल की उत्पादकता तो बढ़ेगी, किसानों की एकमुश्त आय के स्रोत में वृद्धि होगी। कहते हैं कि ये जानकारियां वे आसपास के गांवों में भी साझा करेंगे। निखिल मिश्रा और हर्षित सिंह भी इसी पक्ष में दिखे। इनका मानना है कि किसानों के बीच जाकर ऐसे शिविर लगाना बेहतर रहेगा। सुधांशु नंद, दीपांशु द्विवेदी, नितिन, प्रतिपाल सिंह, रामगोपाल, सुशांत उपाध्याय और गुरप्रीत सिंह ने भी उपयोगी जानकारियों को साझा किये जाने की बात कही।

खेतों में लगाएं यलो स्टिकी ट्रैप

सरसों के खेतों में यलो स्टिकी ट्रैप लगाया जाना कारगर रहेगा। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सिंह बताते हैं कि इस विधि के सहारे मांहू कीट की मॉनीटरिंग की जाएगी। जिससे उनकी संख्या का भी पता चले सकेगा।

आरा मक्खियों की संख्या अभी हैं कम

सरसों के खेतों में आने वाली आरा मक्खियों की संख्या हाल-फिलहाल अभी कम है। कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि मित्र कीटों में प्रेयिंगमेंटिड, क्राइसोपर्ला और लेडीबर्ड बीटल मिले हैं। यह फसल उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के अच्छे संकेत हैं।

बरेली और प्रयागराज में भी मिलेगी सीटी स्कैन की सुविधा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने मशीनों का किया ऑनलाइन लोकार्पण
- प्रदेश के 71 जिलों में नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध

अमृत विचार : बरेली और प्रयागराज में भी सरकारी अस्पतालों के मरीजों को सीटी स्कैन की निःशुल्क सुविधा मिलेगी। एनेक्सी के सभागार में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इन सीटी स्कैन मशीनों की सेवाओं का ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की प्रदेश में हर नागरिक को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

सीटी स्कैन मशीनों का लोकार्पण करने के बाद उप मुख्यमंत्री प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बरेली में 300 शैय्या चिकित्सालय व प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में इन मशीनों को स्थापित किया गया है। यह सीटी मशीनें आधुनिक 32 स्लाइस तकनीक पर आधारित हैं। इससे स्कैनिंग की गुणवत्ता और भी बेहतर होगी। पीपीपी मोड पर प्रदेश के 69 जिलों में पहले से ही सुविधा उपलब्ध है। निःशुल्क सुविधा अब 71 जिलों में मरीजों को उपलब्ध हो गई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

दुकान पर छापा, 14 सिलेंडर बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : बिजनौर इलाके में घरेलू सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में रिफिलिंग करने वाले के खिलाफ पूर्ति निरीक्षक ने कार्रवाई की है। आलमबाग इलाके की पूर्ति निरीक्षक गरिमा कंचन ने बताया बिजनौर पुलिस चौकी सीआरपीएफ कैंप सरोजनीनगर तहसील रोड लखनऊ स्थित यादव किचन सेन्टर एण्ड बर्तन भंडार दुकान पर घरेलू सिलेंडर से रीफिलिंग और कालाबाजारी की शिकायत मिली थी। टीम के साथ दुकान पर छापा मारा तो वहां पर बड़े सिलेंडर से छोटे में रीफिलिंग का काम होते मिला। काम कर रहे कर्मी ने अपना नाम अरुण कुमार निवासी तिलोकपुर, पो भदेसुवा बताया। दुकान से 11 बड़े सिलेंडर, तीन छोटे और अन्य उपकरण बरामद किए गए। आरोपी अरुण मौके से फरार हो गया। पूर्ति निरीक्षक ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राना ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महिला सिपाही की आत्महत्या मामले में परिजन ने सदर चौकी पर किया प्रदर्शन

3 जनवरी को महिला सिपाही ने की थी आत्महत्या, एसीपी कैंट ने परिजन को कराया शांत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस भर्ती बोर्ड में तैनात महिला सिपाही आंशी तिवारी (27) की मौत के मामले में परिजनों ने शुक्रवार सदर चौकी का घेराव कर दो घंटे तक प्रदर्शन किया।

परिजन महिला सिपाही के प्रेमी अखिल त्रिपाठी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी की मांग करते रहे। हालांकि, प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एसीपी कैंट मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रेमी पर कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए परिजनों को शांत कराया।

सदर चौकी में प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

गौरतलब है कि बीते 3 जनवरी को पुलिस भर्ती बोर्ड में तैनात महिला सिपाही आंशी तिवारी ने कमरे में फंदा लगाकर खुदकशी कर ली थी। भाई प्रशांत तिवारी का कहना है कि पुलिस प्रेमी अखिल त्रिपाठी की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। बहन की हत्या किए जाने से संबंधित और प्रेमी अखिल के कमरे में आने के कुछ साक्ष्य भी उसके पास हैं। कमरे पर अखिल का हेलमेट भी मिला था। इसकी फोटो भी पुलिस को उपलब्ध कराई।

सीबीआई जांच की मांग

प्रर्दशन की सूचना पर पहुंचे एसीपी कैंट पंकज सिंह ने 36 घंटे के भीतर प्रेमी की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर आंशी तिवारी के परिवारीजन को समझाकर शांत कराया। एसीपी ने बताया कि सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग की। उसकी भी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की नाकामी से हत्या बनी पहेली

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

विशाल कौशिक हत्याकांड

- 21 सितम्बर को एक तालाब में मिला था शव
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या के बाद शव को फेंके जाने की हुई थी पुष्टि

अमृत विचार : विशाल कौशिक हत्याकांड पूरी तरह से पहेली बन गई है। पारा पुलिस खुलासा करने में नाकाम रही है। चार महीने पहले हुए इस हत्याकांड में बहन ने प्रॉपर्टी डीलर रेहान सहित पांच पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पर, पुलिस एक भी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी। बहन का आरोप था कि आरोपियों ने हत्या कर शव को तालाब में फेंका था।

गौरतलब है कि 21 सितम्बर को पारा के पीएम आवास की निमार्णाधीन बिल्डिंग के समीप एक तालाब में लापता विशाल कौशिक का शव पानी में उतराता मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर दो जगह लगी चोट से मौत की पुष्टि हुई थी। बहन शिल्पी ने प्रापॅर्टी डीलर रेहान, उसके भाई इमरान, किराना व्यापारी शोभित गुप्ता, दोस्त फैजान, कल्लू और बॉक्सर पर हत्या कर शव को तालाब में फेंकने का आरोप लगाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

तत्कालीन अपर पुलिस आयुक्त (एडीसीपी) पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मुकदमा दर्ज होते ही 24 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश कर हत्यारोपियों को जेल भेजने का दावा किया था। वहीं, परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मुकदमें में नामजद लोगों को थाने में बुलाकर छोड़ दिया था। इसके कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। जबकि पुलिस का मानना है कि विशाल कौशिक हत्याकांड एक ब्लाइंड मर्डर है। पुलिस ने प्रेम-प्रसंग और रंजिश समेत अन्य बिंदुओं पर तफ्तीश करते हुए मृतक के मोबाइल की सीडीआर भी खंगाली, लेकिन नतीजा शून्य रहा। उसके बाद क्राइम सीन रिक्रिएशन भी किया गया।

एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस कई स्तर से जांच कर रही है। हालांकि, हत्यारों के बारे में कुछ अहम सुराग नहीं मिला है।

विद्युत कनेक्शन दिए बिना बिल भेजने वाला अवर अभियंता निलंबित

संवाददाता, सरोजनीनगर

बिना विद्युत कनेक्शन दिए ही बिजली विभाग ने भेज दिया बिल

संवाददाता, सरोजनीनगर

» बिजनौर उपकेंद्र अंतर्गत घसियारी मोहल्ले का मामला

अमृत विचार : बिजनौर इलाके में विद्युत विभाग का एक नया कारनामा सामने आया है। यहां की एक महिला का कहना है कि बिना विद्युत कनेक्शन हुए ही उसे विद्युत बिल भेज दिया गया। बिजनौर के घसियारी मोहल्ला निवासी नीतू देवी ने दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने विद्युत कनेक्शन के लिए 20 अक्टूबर 2023 को आवेदन किया था और 25 केवीए के ट्रांसफार्मर के साथ 1,45,378.92 रुपये का प्राक्कलन का 26 अक्टूबर ... कनेक्शन न होने की शिकायत की। उसकी शिकायत पर 15 जनवरी को जेई उसके घर पहुंचे और 50 हजार रुपये की मांग की। 25 जनवरी को उसे 1113 रुपए का विद्युत बिल प्राप्त हो गया। जबकि अभी तक न तो कनेक्शन हुआ है और न ही ट्रांसफार्मर लगा। इस मामले में अधिशासी अभियंता दुर्गेश यादव ने कहा कि इस मामले में संबंधित एसडीओ को तत्काल विद्युत लाइन बनवाकर ट्रांसफार्मर लगाने ...

अमृत विचार में प्रकाशित खबर

- अमृत विचार में खबर छपते ही हरकत में आया बिजली विभाग
- बिजनौर उपकेद्र के अंतर्गत घसियारी मोहल्ले का मामला

अमृत विचार : बिजनौर इलाके में बिना विद्युत कनेक्शन दिए ही विद्युत बिल भेजने वाला विद्युत विभाग आखिरकार अमृत विचार समाचार पत्र में खबर छपने के बाद हरकत में आ ही गया।

नतीजा यह कि शुक्रवार को बिजनौर पावर हाउस के उपखंड अधिकारी अखिलेश कुमार भास्कर खुद मौके पर पहुंचे और नीतू के घर में मीटर लगाते हुए विद्युत कनेक्शन भी दे दिया। उधर इस मामले में बिजनौर पावर हाउस के संबंधित अवर अभियंता नितिन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। बताते चलें कि बिजनौर के घसियारी मोहल्ला निवासी नीतू देवी ने पांच दिन पहले मध्यांचल विद्युत वितरण निगम सेस- प्रथम के अधिशासी अभियंता से शिकायत की थी कि उसने अपने भूखंड पर विद्युत कनेक्शन के लिए 20 अक्टूबर 2023 को आवेदन किया था। इसके बाद 25 केवीए ट्रांसफार्मर के साथ ही 1,45,378 रुपये का विद्युत विभाग द्वारा एस्टीमेट बनाया गया। उसने 26 अक्टूबर को उसका पूरा भुगतान भी कर दिया। लेकिन संबंधित जेई के तमाम चक्कर काटने के बाद भी विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया।

परेशान नीतू ने 10 दिसंबर 2023 को आइजीआरएस में इसकी शिकायत की। जिसमें उसने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद 15 जनवरी 2024 को विद्युत विभाग का जेई उसके घर पहुंचा और 50 हजार रुपये की मांग करने लगा। जब नीतू ने जेई द्वारा मांगी गई रकम उसे नहीं दी तो जेई ने उसे देख लेने की धमकी दी। इतना ही नहीं नीतू का आरोप है कि बिना विद्युत कनेक्शन दिए ही 25 जनवरी 2024 को उसे बिजली विभाग द्वारा 1113 रुपये का विद्युत बिल थमा दिया गया। इसी से परेशान होकर नीतू ने अधिशासी अभियंता से शिकायत की।

अनियंत्रित पिकप ने सैन्यकर्मी को रौंदा, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट थानाक्षेत्र अन्तर्गत सैन्य इलाके में गुरुवार देर रात बहादुर शाह मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप ने स्कूटी सवार सैन्यकर्मी संजय सिंह को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही सैन्यकर्मी की मौत हो गई। वहीं, पिकअप चालक को 11 गोरखा राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर के पास पकड़ा लिया गया। इसके बाद सेना ने आरोपी चालक सहित वाहन को कैन्ट पुलिस के हवाले कर दिया। कैंट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सात कुमाऊं रेजीमेंट में तैनात हवलदार संजय सिंह अल्मोड़ा के गांव सायला के रहने वाले है।

व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला कर चलाई गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हमलावरों की तलाश में दबिश दे रही पुलिस

अमृत विचार : गाजीपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत इन्दिरानगर में रंजिश के चलते दबंगों ने एक व्यापारी पर धारदार हथियार से हमलाकर उस पर गोली चला दी। हालांकि, गोली मिस हो जाने से व्यापारी बालबाल बच गया। उसके बाद हमलावर व्यापारी को धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, हरीहरनगर इन्दिरानगर निवासी संदीप कुमार ने युवराज सिंह, अमरनाथ गुप्ता, मानवेंद्र सिंह उर्फ मोनू, विनय राजपूत समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 3 फरवरी को वह दोस्त सचिन के साथ निजी कार्य से डीके मैरिज हॉल के पास जा रहा था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद दबंगों ने दोनों को बीच रास्ते रोक लिया और गाली-गलौज कर झगड़ा करने लगे। विरोध पर दबंगों ने उन पर तमंचा तान गोली चला दी। उसके बाद आरोपियों ने रॉड और धारदार हथियार से हमला कर लहूलूहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

गाली देने से मना किया तो युवक का फोड़ा सिर

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत हुसड़िया में गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने एक युवक पर ईंट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। हालांकि, तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

गोमतीनगर प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, हुसड़िया गांव निवासी लक्ष्मी शंकर ने गांव निवासी लवकुश पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित कहना है कि लवकुश से उनका विवाद चल रहा है। गुरुवार रात वह पैदल घर की तरफ जा रहा था। इसी बीच उसे अकेला पाकर लवकुश गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर आरोपी ने उसके सिर पर ईंट से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद आरोपी उन्हें धमकाते हुए वहां से भाग निकला।

ई-रिक्शा चालक ने ट्रैफिक होमगार्ड को जड़ा थप्पड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने ई-रिक्शा चालक का शांतिभंग में किया चालान

अमृत विचार : नाका हिंडोला थानाक्षेत्र अन्तर्गत चारबाग नत्था तिराहे पर गुरुवार सुबह ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक होमगार्ड को ई-रिक्शा चालक ने थप्पड़ जड़ दिया। हालांकि, चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मी ने ई-रिक्शा चालक को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पर शांतिभंग का चालान कर दिया।

नाका हिंडोला प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, ट्रैफिक होमगार्ड जगदेव प्रसाद गुरुवार सुबह नत्था तिराहे पर ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा चालक को होमगार्ड ने रोक लिया। इसके बाद ई-रिक्शा चालक होमगार्ड से झगड़ने लगा। होमगार्ड के विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक ने उसके तमाचा जड़ दिया। जिससे होमगार्ड के होंठ से खून बहने लगा। इसके बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होमगार्ड जगदेव प्रसाद ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर शिकायत की है। पुलिस ने आरोपी पर शांतिभंग का चालान कर दिया।

ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम इलाके में भिटौली रेलवे क्रॉसिंग के समीप दिव्यांग मजदूर की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी। जानकीपुरम थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया मूलतः बाराबंकी के घुंघटेर निवासी दिव्यांग विनोद यादव (35) मजदूरी करता था। वह पिता छत्रपाल यादव व भाई राजू यादव के साथ जानकीपुरम विस्तार में झोपड़ी में रहता था।

शुक्रवार सुबह विनोद शौच करने घर से निकला था। वह बोलने व सुनने में सक्षम नहीं था। इसी के चलते सीतापुर से आई ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी। इससे ट्रेन की चपेट में आ गया। सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

रूमी गेट के समक्ष तेज धूप से चेहरे को बचातीं युवतियां। अमृत विचार

सार-संक्षेप

डॉक्टर के घर से 25 लाख के गहने चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला में एक निजी अस्पताल संचालक के बंद घर से 25 लाख की चोरी का मामला सामने आया है। मिल रोड निवासी डॉ. पीएन पांडेय का घर में ही निजी अस्पताल है। गुरुवार सुबह वे परिवार के साथ सीतापुर गए थे। रात आठ बजे घर लौटे तो भूतल पर बने अस्पताल में रुक गए। शुक्रवार दोपहर तीन बजे नौकरानी घर की सफाई करने दूसरी मंजिल पर पहुंची तो कमरे का कुंडा टूटा होने की बात डॉक्टर को बतायी। डॉक्टर ऊपर पहुंचे तो अलमारी खुली मिली और उसमें रखे 25 लाख के गहने चोरी मिले। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इंस्पेक्टर संतोष आर्य ने बताया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह घायल

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद में शुक्रवार देर रात रिसेप्शन में डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें छह लोगों घायल हो गये। अमीनगंज के बुदुध लाल धर्मशाला में आयोजन के बीच डीजे पर वजीरगंज निवासी अक्षरा व अन्य डांस कर रहे थे। इसी दौरान धक्का-मुक्की हो गयी। घटना में अक्षरा, कैसरबाग निवासी महक व दूसरे पक्ष से कैसरबाग निवासी बलवंत सोनकर व अन्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया। कुछ लोगों को थाने ले आई। इंस्पेक्टर सुनील कुमार आजाद ने बताया दोनों पक्ष थाने में हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

पान मसाला कारोबारी की दुकान से लाखों की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा थानाक्षेत्र अन्तर्गत कुर्सी रोड पर चोरों ने पान-मसाला कारोबारी की दुकान का ताला तोड़ चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं, कृष्णानगर के भोलाखेड़ा में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की ज्वैलरी पार कर दी। हालांकि, पीड़ितों की लिखित शिकायत पर गुडम्बा और कृष्णानगर पुलिस ने चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुडम्बा प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, कुर्सी रोड निवासी शिवा गुप्ता ने बताया कि गत 7 फरवरी को चोरों ने उनकी दुकान का ताला तोड़ हजारों की कीमत का पान-मसाल पार कर दिया है। वहीं, कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भोलाखेड़ा निवासी पारूल गुप्ता बीते 1 फरवरी को रिश्तेदार के घर सपरिवार शादी समारोह में गए थे। अगले दिन वह वापस लौटे तब उन्हें चोरी का पता चला। चोरों ने घर से पांच लाख की ज्वैलरी पार कर दी।

दबंगों ने मानसिक मंदित युवती को घर से किया अगवा

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एलडीए कॉलोनी में गुरुवार शाम एक मानसिक मंदित युवती (23) को दबंगों ने अगवा कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक, एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी राघव दीक्षित ने एक अज्ञात युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि गुरुवार शाम करीब साढ़े पांच बजे बहन (23) घर के बाहर कुर्सी पर बैठ धूप का आनंद ले रही थी। इसी बीच एक अज्ञात युवक उनकी बहन से जोर जबरदस्ती कर अपने साथ कहीं लेकर चला गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फुटेज के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है। जल्द ही युवती को सुरक्षित बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया जाएगा।

बहला-फुसलाकर नाबालिग को ले गया युवक

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज इलाके में नाबालिग को दूसरे समुदाय के युवक द्वारा बहला फुसला कर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने आरोपी पर बेटी का धर्मांतरण कर शादी करने की आशंका जताई है। पीड़िता ने पुलिस से बेटी की सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगायी है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी (17) 7 फरवरी को खाना खाकर परिवार संग करीब 10 बजे सो गई थी। लगभग 12 बजे उनकी आंख खुली तो बेटी लापता थी। खोजबीन में पता चला कि रिवरबैंक कॉलोनी निवासी आर्यान कनौजिया शादी का झांसा देकर बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। बेटी की तलाश में वह आरोपी के घर पहुंचीं, जहां गेट पर ताला पड़ा मिला। कहा कि आरोपी के संग उसका पूरा परिवार भी लापता है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया आरोपी आर्यन कनौजिया व अन्य अज्ञात के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। नाबालिग की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

एजीएम ने महिला सहकर्मी को भेजे आपत्तिजनक मैसेज

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर स्थित कार शोरूम की महिला कर्मचारी ने असिस्टेंट जनरल मैनेजर (एजीएम) पर छेड़छाड़ व धमकी का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर महानगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। मूलरूप से गोरखपुर निवासी युवती करीब ढाई वर्ष से महानगर के कार शोरूम में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पीड़िता ने बताया कि गत 1 जनवरी की सुबह एजीएम आर्या द्विवेदी ने उसके वाट्सएप नंबर पर नव वर्ष की बधाई संदेश देते हुए बातचीत शुरू की। इसके बाद एजीएम ने सहकर्मी को आपत्तिजनक मैसेज भेजने लगा। रिप्लाई न देने पर वह वीडियो कॉल करने लगा। विरोध करने पर एजीएम उसे धमकाते हुए अपशब्द कहने लगा। संस्थान में शिकायत करने के बावजूद एजीएम अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मंदिर पर तहरी भोज व कंबल वितरण का आयोजन

अमृत विचार, काकोरी : मौनी अमावस्या के अवसर पर बालागंज चौराहा स्थित शनिदेव मंदिर पर शुक्रवार को ब्राम्हण परिवार की ओर से तहरी भोज व कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. पूनम मिश्रा मौजूद थी। इस मौके पर संगठन की ओर से तहरी भोज के साथ-साथ 250 बुजुर्ग निर्धन लोगों को कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर हनुमान प्रसाद त्रिपाठी, श्याम नारायण मिश्रा, डा भानू पाण्डेय, रजनी तिवारी, रामनाथ मिश्रा सहित तमाम ब्राम्हण परिवार के लोग मौजूद थे।

दो जालसाजों को व्यापारियों ने पकड़ा, एक फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पांच लाख का पान मसाला ढाई लाख में देने की बात तय होने पर हुआ संदेह

अमृत विचार : चौक इलाके में धोखाधड़ी कर पान मसाला बेचने का प्रयास कर रहे दो युवकों को व्यापारियों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपी एक व्यापारी से कंपनी रेट से आधी कीमत पर पान मसाले का सौदा कर रहे थे।

थाना अंतर्गत मुंशी पुलिया निवासी व्यापारी राहुल गुप्ता ने बताया 5 फरवरी को उनके मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से काल आयी थी। उससे एक कंपनी का पान मसाला कम रेट पर देने का सौदा तय हुआ। उसी दिन एक युवक उसे 44 सौ का पान मसाला दे गया। अगले दिन फिर से कॉल कर 5 लाख का माल ढाई लाख में देने की बात कही। राहुल गुप्ता को संदेह हुआ। उन्होंने माल लेने की हामी भरते हुए माल मंगा लिया और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को पूरा मामला बताया।

तीन युवक दो गत्तों में पान मसाला भरकर शनि मंदिर के पास पहुंचे। इसी दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी पहुंच गये। माल देते ही आरोपी रुपये मांगने लगे। राहुल ने चेक करने के लिये गत्ते खोले तो ऊपर पान मसाला के पाउच व नीचे रद्दी के टुकड़े भरे मिले। पोल खुलती देख एक आरोपी भाग निकला जबकि दो को व्यापारियों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान शिवम निवासी रघुनाथपुर, थाना माल, संतोष कुमार निवासी चमका भरावन, थाना अतरौली जिला हरदोई और भागने वाले की पहचान विजय गुप्ता निवासी सैरपुर छठामील के रूप में हुयी। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया राहुल की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जेल में बंद रियल एस्टेट कारोबारी पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रॉपटी डीलर की हत्या के मामले में जेल में बंद है कारोबारी

अमृत विचार : जेल में बंद रियल एस्टेट कारोबारी जयेश कुमार सिंह के खिलाफ एक युवक ने धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्जक कराई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, बीबीडी थानाक्षेत्र अंतर्गत भारतीपुरम निवासी राकेश पाल ने दिसम्बर 2017 में प्लॉट खरीदने के लिए अवध ग्रीन इंफ्रा के निदेशक जयेश से मुलाकात की थी। आरोप है कि किस्तों के माध्यम से उसने कुल 3.20 लाख रुपये जमा किए थे। बावजूद इसके आरोपी ने रजिस्ट्री नहीं की। रुपये मांगने पर आरोपी आनाकानी करने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बीते 2 नवम्बर को रुपयों के लेनदेन के विवाद में जयेश ने साथी अजय और नितिन सिंह के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलर शत्रोहन की हत्या कर दी थी। हालांकि, सीतापुर पुलिस ने वारदात में शामिल तीनों हत्यारोपियों को गिफ्तार कर जेल भेज दिया था।

छोटे भाई की पत्नी से दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली में एक महिला ने जेठ पर दुष्कर्म की कोशिश किए जाने का आरोप लगाते हुए छेड़खानी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि जेठ ने उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी पिटाई भी कर दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक, क्षेत्र निवासी महिला ने पति समेत चार पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि वर्ष 2023 में इंदिरानगर के खुर्रमनगर निवासी पंकज शुक्ला से उसकी शादी हुई थी। ससुराल में दहेज की मांगों को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। जेठ अजय शुक्ला उस पर गलत नियत रखता था। उसे कमरे में अकेला पाकर जेठ ने दुष्कर्म करने का भी प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है।

कृषि विभाग के कर्मी पर पत्नी ने लगाया अवैध संबंध का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच

अमृत विचार : कृषि विभाग के कर्मी पर पत्नी ने अवैध संबंध का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी युवती और उसके परिजन पर मारपीट का आरोप भी लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर मड़ियांव पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बताया उसका पति कृषि विभाग में कार्यरत है। वर्तमान में वह सीतापुर में तैनात है। मड़ियांव निवासी युवती पति के विभाग में ही काम करती है। युवती से पति के अवैध संबंध है। पति इसी युवती के साथ किराये पर कमरा लेकर सीतापुर में रहता है और पूरा वेतन युवती और उसके परिवार पर खर्च कर रहा है। पति उससे व बच्ची से ताल्लुक नहीं रखते। वह पति से अलग ससुराल में बच्ची के साथ रहती है।

बताया कि एक दिन वह युवती को समझाने उसके घर पर पहुंची। इस पर नाराज युवती, उसकी मां, छोटी बहन व एक युवक ने उससे गाली-गलौज व मारपीट की। इसमें उसकी बेटी भी घायल हो गयी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पिता ने बेटी को बेचने की दी धमकी, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव कोतवाली में एक महिला ने ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। महिला का कहना है कि रुपये की मांग पूरी न होने पर पति बेटी को बेचने की धमकी दे रहा है। फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी वर्ष 2019 में राजेश कुमार से हुई थी। आरोप है कि ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता है। बेटी के जन्म लेने के बाद पति मायके से रुपये मांगकर लाने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर पति बेटी को बेचने की भी धमकी देने लगा। तंग आकर वह मायके रहने लगी। हालांकि, मायके वालों ने समझौते का प्रयास किया, लेकिन पति ने उसे रखने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि तहरीर के आधार पर महिला के पति समेत आठ परिवारिक सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

उप निरीक्षक की वर्दी पहन ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वर्दी का रौब दिखा ट्रेन और बसों में मुफ्त में करता था सफर

अमृत विचार : उप निरीक्षक की वर्दी पहन भोले-भाले लोगों पर रौब गांठने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी गुमशुदा लोगों के परिजन से संपर्क कर उनकी जल्द तलाश करने का झांसा देकर ऑनलाइन रुपये अपने खाते पर ट्रांसफर कराता था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ा लिया।

नाका इलाके में गुरुवार रात पुलिस ने अम्बेडकर तिराहे से बासमंडी जाने वाली रोड पर पुल के समीप फर्जी उप निरीक्षक की वर्दी पहने खड़े युवक को पकड़ा। आरोपी की पहचान अखिलेश सिंह यादव निवासी इंदरानगर, थाना सदर कोतवाली, उन्नाव व वर्तमान में नियर हाइड्रिल चौकी, थाना सरोजनीनगर के रूप में हुयी। आरोपी उप निरीक्षक यूनिफार्म पहने था, जिस पर दो-दो गोल्डन स्टार लगे थे। नेम प्लेट पर अखिलेश सिंह लिखवा रखा था।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्दी चारबाग की एक दुकान से 2500 रुपये में खरीदी है। खुद को क्राइम ब्रांच का प्रभारी बता लोगों को जेल भेजने की धमकी देकर वूसली करता है। वह बदल-बदल कर होटलों में किराये पर कमरे लेकर ठहरता है। जहां पीड़ितों को बुलाकर उनका काम कराने का झांसा देकर ठगी करता है। वर्तमान में परम रेसीडेन्सी चारबाग में रुका था। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

गुमशुदा लोगों के परिजन से संपर्क कर वसूली

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गुमशुदा लोगों के परिजन का मोबाइल नंबर हासिल कर उनसे संपर्क करता था। एक व्यक्ति से 5 फरवरी को दो हजार रुपये व छह फरवरी को दूसरे व्यक्ति से आठ हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर कराये थे। इसके साथ ही गुमशुदा परिजन को जल्द खोजने का आश्वास दिया था। इसके अलावा वह वर्दी का रोब दिखाकर ट्रेन व बसों में भी फ्री में सफर करता था। गोरखपुर निवासी अंकुर त्रिपाठी ने बताया कि उसके रिश्तेदार आकाश मूर्ति लापता हैं। उसके पास कॉल आयी, उधर से बोलने वाले ने बताया कि वह क्राइम ब्रांच से बोल रहा है। आपके रिश्तेदार की तलाश कर रहे हैं। कुछ पैसे भेज दो।

एक नजर

नवीन ने दिलाई यूपी टिम्बर को जीत

अमृत विचार, लखनऊ: मैन ऑफ द मैच नवीन यादव की घातक गेंदबाजी की बदौलत यूपी टिम्बर ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में जीत दर्ज की। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में यूपी टिम्बर ने यूथ क्रिकेट क्लब को 137 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी टिम्बर ने 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 239 रन बनाए। प्रतीक सिंह ने 58, करण सिंह ने 55 और संकेत मौर्य ने नाबाद 53 रन बनाए। जवाब में यूथ क्लब की टीम 27 ओवर में 102 रनों के योग पर सिमट गई। यूपी टिम्बर की ओर से नवनीत यादव ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 7 ओवर में एक मेडन और 28 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।

वंचित समाज के बच्चों ने इनोवेटिव पाठशाला में दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : वंचित से चर्चित फाउंडेशन ने वंचित समाज के लिए निशुल्क शिक्षा केंद्र इनोवेटिव पाठशाला में बच्चों में छुपी प्रतिभा को उभारने की कोशिश की। इस मौके पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने गणेश वंदना से की। वंचित समाज के बच्चों ने यहां एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं कुसुम लता ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने जीवन में प्रगति के लिए बच्चों को तमाम टिप्स दिये। वंचित से चर्चित फाउंडेशन के इस आयोजन में हर्षित सिंह, विशाल कनौजिया, दीपक शर्मा, रोहित वर्मा और अभिषेक कश्यप ने वंचित समाज के बच्चों को प्रेरित किया।

सनातनी धम्मायोजन का आयोजन लखनऊ में कल

अमृत विचार, लखनऊ : आगामी 11 फरवरी को सनातन संगम न्यास की ओर से राजधानी लखनऊ में सनातनी धम्मायोजन का आयोजन किया जाएगा। न्यास के न्यासी देवेश दीक्षित ने बताया कि प्रेम, करुणा, मैत्री, समानता, सद्भावना और समन्वय के भाव को समाज में फैलाने के लिए हिन्दू, जैन, सिख और बौद्ध को एक मंच पर लाया जाएगा।

हल्द्वानी में हिंसा के बाद अलर्ट पर राजधानी

जुमे की नमाज को देखते हुए रही कड़ी सुरक्षा, 61 संवेदनशील स्थलों पर तैनात रहे सुरक्षा कर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

पुराने लखनऊ में बड़े इमामबाड़े के समक्ष फ्लैग मार्च करते पुलिस व आरएएफ के जवान।

अमृत विचार : हल्द्वानी में हिंसा के बाद राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को जुमे की नमाज पर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। दोपहर करीब डेढ़ बजे नमाज के दौरान टीले वाली मस्जिद समेत पुराने शहर के 61 संवेदनशील स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी गई। कानून-व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए नमाज के पूर्व और बाद में अर्धसैनिक बल, पुलिस और पीएसी के साथ आलाधिकारियों ने अधीनस्थों के संग नक्खास, पाटा नाला, हुसैनाबाद, सआदतगंज, बिल्लौचपुरा में फ्लैग मार्च किया।

हल्द्वानी में हिंसा के मद्देनजर देर रात से राजधानी पुलिस अलर्ट हो गयी। आलाधिकारियों ने अधीनस्थों के साथ बैठक और संवदेनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उधर, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल भी रूमी दरवाजे पर पुलिस बल के संग मुस्तैद रहे। इसके अलावा डीसीपी पश्चिमी राहुल राज, एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव, सीओ राजकुमार सिंह, चौक प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय समेत करीब 10 थानों का पुलिस फोर्स सड़क पर पेट्रोलिंग करती दिखाई पड़ी।

550 मस्जिदों पर तैनात रहा विशेष सुरक्षा बल

डीसीपी पश्चिमी राहुल राज के मुताबिक, सुरक्षा के लिहाजा से सुबह से ही शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। खासतौर पर टीले वाली मस्जिद, नक्खास के बिल्लौचपुर स्थित दो मस्जिदों में, मदेयगंज मसालची टोला मस्जिद, नादान महल रोड जामा मस्जिद, बुलाकी अड्डा स्थित मस्जिद और ऐशबाग ईदगाह मस्जिद समेत अन्य इबादतगाहों के पास पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान सुबह से गश्त करते दिखे। डीसीपी ने बताया कि पुराने लखनऊ की पुलिस टीम ने 61 संवेदनशील स्थल चिह्नित किए गए थे। इसके अलावा 70 मस्जिदें ऐसी हैं जहां अधिक भीड़ होती है। वहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। पुराने लखनऊ में 550 मस्जिदें हैं। पुराने शहर को 37 सेक्टरों में बांटा गया है। एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सब कुछ सामान्य है।

हल्द्वानी में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कई ट्रेनें प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तराखंड प्रदेश के हल्द्वानी में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने काठगोदाम-लखनऊ जं.एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया है। जिन ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेशन किया गया उनमें लखनऊ जं. से चलने वाली ट्रेन नंबर 15043 लखनऊ जं.-काठगोदाम एक्सप्रेस अब काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ में रोकी गई। देहरादून से चलने वाली ट्रेन नंबर 14120 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ तक संचालन किया गया। नई दिल्ली से चलने वाली ट्रेन नंबर 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस सहित ट्रेनें काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ में शार्ट टर्मिनेट की गई। यह ट्रेनें लालकुंआ-काठगोदाम के मध्य निरस्त रही।

काठगोदाम से लालकुंआ के मध्य निरस्त रहीं ये ट्रेनें

काठगोदाम से 9 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 15044 काठगोदाम-लखनऊ जं. एक्सप्रेस काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ से, काठगोदाम से 9 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ से काठगोदाम से 9 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ से चलायी गयी। ये ट्रेनें काठगोदाम से लालकुंआ के मध्य निरस्त रही।

खाद बिक्री का दूसरे को भी देना होगा अधिकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइसेंस धारक बाहर होना बता कर बिना पीओएस बेचते हैं खाद
- तीन लोगों को अधिकृत करने का है विकल्प, लेकिन पालन नहीं

अमृत विचार : अब बिना पीओएस मशीन के खाद बेचने पर लाइसेंस धारक किसी तरह की बहानेबाजी नहीं कर पाएंगे। सभी लाइसेंस धारकों को विकल्प के तौर पर एक या दो व्यक्ति को अधिकृत करना अनिवार्य होगा। जो उनके न रहने पर खुद का अंगूठा लगाकर पीओएस मशीन से खाद बेचेंगे।

सरकार ने खाद में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पीओएस मशीन से बिक्री की अनिवार्यता की है। उसमें लाइसेंस धारक का अंगूठा लगता है और किसान के साथ बिक्री व स्टॉक का हिसाब ऑनलाइन फीड हो जाता है। इसमें फर्जीवाड़ा न होने पर ज्यादातर लाइसेंस धारक घर या बाहर के व्यक्ति को दुकान पर बैठाकर बिना मशीन के खाद बेचते हैं। क्योंकि उनका मशीन पर अंगूठा दर्ज नहीं है। और पकड़े जाने पर बीमार या बाहर होने की बात कहकर बच जाते हैं। जबकि मशीन में लाइसेंस धारक के अलावा तीन लोगों को अधिकृत करने का विकल्प है। इसका पालन करने के लिए जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने सभी विक्रेताओं को एक या दो व्यक्ति अधिकृत करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी बिना पीओएस के खाद बिक्री तो लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

रैंप और शौचालयों के लिए प्रधानाध्यापकों से कराएं सर्वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीएम ने मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा की

अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों के माध्यम से सर्वे कराकर शौचालयों और रैंप की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली जाएगी। साथ ही ऐसे विद्यालयों को चिह्नित किया जाएगा जिसमें दिव्यांग शौचालय अभी नहीं बने हैं। प्राथमिकता के आधार पर उनका निर्माण कराया जाएगा।

जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन, परिवारिक लाभ योजना सहित सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं की सत्यापन आख्या तत्काल संबंधित जिलास्तरीय अधिकारी को उपलब्ध कराएं। सभी विभाग अंतर्विभागीय समस्याओं के बारे में अगले माह की दो तारीख को अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यलय को दें। सरकारी विभागों के बिजली बकाए का विवरण देने के निर्देश दिए गए। कहा कि विवरण मिलने पर उसका भुगतान कराया जाएगा। प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों के नियमित सफाई के लिए जिला पंचायतराज अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि प्राथमिक विद्यालयों पर सफाईकर्मी के नाम और मोबाइल नंबर की वाल पेंटिंग कराएं। साथ ही रजिस्टर की व्यवस्था कराई जाए जिसमें वे सफाई कार्य के दिनांक को दर्ज करें। जिले के गांवों नए उद्योगों को स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), विश्वकर्मा श्रम सम्मान आदि कार्यक्रम संचालित है, जिसमें प्रत्येक ग्राम से 5 प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

खेल छात्रावासों में दाखिले के लिए आवेदन अगले महीने से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के सभी स्टेडियमों में मिलेंगे फार्म
- 16 खेलों में दाखिले के लिए खिलाड़ी कर सकेंगे आवेदन

अमृत विचार : प्रदेश भर के खेल छात्रावासों में दाखिले के लिए फार्म अगले महीने से मिलने शुरू हो जाएंगे। 16 खेलों के लिए प्रदेश भर के 44 छात्रावासों में खिलाड़ियों के दाखिले के लिए खेल विभाग तैयारी में जुट गया है। विभागीय अधिकारियों ने सभी छात्रावासों के मूल्यांकन की रिपोर्ट भी खेल निदेशालय भेज दी है। किस छात्रावास में कितनी सीटें खाली हैं, इसका ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। इसके बाद खेल विभाग दाखिले के लिए फार्म उपलब्ध कराएगा। प्रदेश भर के सभी सरकारी स्टेडियम में यह फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश भर के छात्रावासों में दाखिले की प्रक्रिया अगले महीने शुरू की जाएगी। दाखिले के लिए चयन ट्रायल कब और कहां आयोजित किए जाएंगे, इसकी जगह और तिथियां तय की जा रही है। इसके लिए क्रीड़ा अधिकारियों की तैनाती भी की जानी है। अभी अधिकांश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाएं खत्म होते ही सभी स्टेडियमों में दाखिऐ के लिए फार्म मिलने शुरू हो जाएंगे। 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। खेल निदेशालय के निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार दाखिले की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं।

पूर्व ओलंपियन देंगे छात्रावास के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

छात्रावासों के खेल स्तर सुधारने को खेल विभाग पूर्व ओलंपियन और एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को द्रोणाचार्य पदों पर तैनात करने की तैयारी में है। इन द्रोणाचार्यों को प्रति माह डेढ़ लाख रुपये का भुगतान भी किया जाएगा। प्रदेश भर में 50 ऐसे द्रोणाचार्यों की तैनाती की जाएगी। ये प्रशिक्षक खेल छात्रावासों में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। अप्रैल में इसकी शुरुआत होगी।

सार-संक्षेप

मुनाल महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

मुनाल महोत्सव में हुई अवधी, ब्रज और बुन्देली लोकगीतों की मनोहारी प्रस्तुति

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति उपवन में चल रहे मुनाल महोत्सव के तीसरे दिन ब्राइटलैंड कालेज के संस्थापक और मुनाल के संरक्षा राम मानस की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों को सम्मानित किया गया। मुनाल महोत्सव की तीसरी संध्या की शुरुआत अवधी, ब्रज व बुन्देली लोकगीतों की मनोहारी प्रस्तुति के साथ हुई। महोत्सव में सम्मानित होने वालों में चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. सागर, गायन के क्षेत्र में कृष्ण चन्द्र जोशी, साहित्य के क्षेत्र में एसके द्विवेदी गोपाल, हस्तशिल्प के क्षेत्र में पुनीता भटनागर और समाजसेवा के क्षेत्र में आशा सिंह का नाम शामिल है। जनजाति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी, ब्राइटलैंड कालेज की चेयरपर्सन डॉ. रीना मानस, कृषि विभाग के पूर्व निदेशक सत्येन्द्र कुमार सिंह और मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट ने विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को अंगवस्त्रम और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुनाल के कलाकारों ने प्रीति लाल और मानसी बिष्ट के निर्देशन में अवधी, ब्रज व बुन्देली लोकगीतों की मनोहारी प्रस्तुति दी। विभा नौटियाल के निर्देशन में सरस्वती वंदना के बाद ब्राइटलैंड कालेज के विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के लोकगीत व लोकनृत्य प्रस्तुत किए। बिरजू महाराज कथक संस्थान की शिक्षिका उपासना श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ समूह नृत्य सराहा गया। विक्रम बिष्ट ने बताया कि 10 सितम्बर को डॉ. सुबोध नेगी व इंदिरा रावत की स्मृति को मुनाल महोत्सव समर्पित रहेगा।

उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में 10 से 13 तक होगा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : संस्कृति विभाग, थियेटर एंड फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन, नव अंशिका फाउंडेशन, एंटी क्राइम एंटी करप्शन और लखनऊ कम्युनिकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 10 से 13 फरवरी तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गायन, नृत्य, नाटक, कवि सम्मेलन, माडलिंग, रंगोली, मेंहदी, आर्ट और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में थियेटर एंड फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्दीकी ने बताया कि इन आयोजनों के जरिए लोगों के भीतर छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना है। नव अंशिका फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए हमारा प्रयास घरेलू महिलाओं के भीतर छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना है। एंटी क्राइम एंटी करप्शन के चेयरमैन शैलेन्द्र मोहन ने बताया कि गोल्डन स्वीट-60 में हीन भावना और अकेलापन दूर करके उनके अन्दर की प्रतिभा को बाहर निकालना है।

दमादम मस्त कलंदर और पिया हाजी अली जैसी कव्वालियों पर झूम उठे लोग

अमृत विचार, लखनऊ : संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से कव्वाली की शानदार शाम सजाई गई। कार्यक्रम में शिवम मिश्रा व साथी कलाकारों ने अपनी कव्वालियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सचिव आदिल हसन ने कहा कि उर्दू अकादमी लगातार उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं को उर्दू भाषा के जरिए प्रचारित एवं प्रसारित करने का काम कर रही है। इसके तहत सेमिनार, नाटक, कव्वाली, गजल और अन्य कार्यक्रम कर सरकार की नीतियों का भी प्रचार करती है। कार्यक्रम में शिवम मिश्रा व उनके साथी कलाकारों ने कार्यक्रम की शुरुआत नुसरत फतेह अली खान की गाई रचना बीबा साडा दिल मोर दे से की। इसके बाद उनकी ही चर्चित कव्वाली आफरीन और अर्जियां सारी सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लगातार एक के बाद शानदार कव्वालियों की प्रस्तुति में शिवम व साथी कलाकारों ने दमादम मस्त कलंदर, सादगी.. और पिया हाजी अली जैसी कव्वालियां सुनाकर खूब लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि हमारी संस्था उर्दू भाषा को नाटक, कव्वाली व गजल के जरिए रूबरू करा रही है। वामिक खान ने बताया कि कव्वाली हमारे उत्तर प्रदेश की अनूठी परंपरा रही है। शिवम मिश्रा जैसे कलाकार उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं सभ्यता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सचिव एस रिजवान, संतोष मिश्रा, अब्दुल वहीद, जुबेर अहमद, मुर्तजा अली, प्रदीप तिवारी, ओम पटेल, मास अहमद, मोहम्मद आमिर, मुमताज अहमद, आरिफ खान, प्रिंस आर्य, सुफियान बाग, संतराम यादव, रईस अहमद, ज्ञानेश्वर शर्मा और एसपी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नौ साल की ईश नन्दिनी ने राम पर गाया सुमधुर भजन

अमृत विचार, लखनऊ : फिरोजाबाद की नौ साल की बेटी ईश नन्दिनी सिद्धि जादौन ने राम पर सुमधुर भजन गाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। बीत गई कई पीढ़ियां इस दिन के इंतजार में, राम विराजे राजगद्दी योगी की सरकार में को ईश नन्दिनी ने मनभावन अंदाज में प्रस्तुत किया। राजधानी के प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब ईश नन्दिनी ने बताया कि उसकी मां सरिता जादौन कवयित्री हैं। उन्होंने राम पर गीत लिखा। उन्हें गुनगुनाते देखकर मैंने भी उसे गाया। मैंने गाया तो उसे लोगों ने पसंद कर लिया। कासगंज के एमल पब्लिक स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली ईश नन्दिनी ने अपनी मां का लिखा भजन गाया तो सभी को पसंद आया। इस भजन को रिकार्ड किया गया। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के वीडियो के साथ ईश नन्दिनी का वीडियो शूट किया गया है।

इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब की आठ विकेट से जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मैन ऑफ द मैच जितेंद्र (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के शुक्रवार को खेले गए लीग मुकाबले में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी (बीकेटी) को 8 विकेट से हराते हुए पूरे अंक जुटाए।

गियर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में सीएसडी सहारा (बीकेटी) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया लेकिन टीम 32.4 ओवर में 104 रन पर ऑल आउट हो गई। सलामी बल्लेबाज हर्ष सिंह ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 28 गेंद का सामना करते हुए चार चौके व एक छक्का जड़ा। अंशुमान ने 17 और अंकित यादव ने 15 रन का योगदान किया। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब से शिवा सिंह और जितेंद्र ने 3-3 विकेट हासिल किए। वैभव और सावंत पाल को दो-दो विकेट मिले। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने 16.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज चंदन ने 39 गेंदों पर 8 चौके व एक छक्के से 44 रन और अभय ने 21 रन बनाकर पारी की शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर टीम को जीत की राह दिखा दी। इसके बाद जीत में दिव्यांशु ने नाबाद 13 रन बनाए।

क्षितिज में पं. विनोद कुमार द्विवेदी ने बिखेरा शास्त्रीय गायन का जादू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मासिक सांस्कृतिक श्रृंखला क्षितिज के तहत कानपुर से आये पं. विनोद कुमार द्विवेदी ने हिन्दुस्तानी गायन ध्रुपद धमार के जरिए कलाप्रेमियों को मन्त्रमुग्ध किया। क्षितिज का आयोजन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में किया गया। पं. विनोद कुमार द्विवेदी की देश में अग्रणी ध्रुपद गायक के रूप में पहचान है। देश-विदेश में उत्कृष्ट संगीतकार के रूप में उन्होंने अपनी संगीत साधना का प्रदर्शन किया है। आकाशवाणी लखनऊ और दूरदर्शन के वह ए श्रेणी के कलाकार हैं। रंजना देवी संगीत महाविद्यालय में ध्रुपद के प्रमुख गुरु के रूप में काम कर रहे पं. विनोद कुमार ध्रुपद धमार के साथ-साथ ख्याल, भजन, ठुमरी और चतुरंग में अपनी शानदार पहचान रखते हैं। उन्होंने यहां ध्रुपद राग गोरख कल्याण में नमो तुम अल्पाचारी से अपना कार्यक्रम शुरू किया। चौताल में बंदिश – राम नाम गान करो को उन्होंने अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। एक ताल में जय जय जगत जननी को पेश करने के बाद उन्होंने धमार को राग कलावती में और राग चारुकेशी में बंदिश – बोल राजा राम चन्द्र राघव सीता पति प्रस्तुत किया। उनके साथ आयुष द्विवेदी (सह गायन), पं. राजकुमार झा (पखावज) और कीर्ति गुप्ता ने (तानपुरा) पर मनभावन संगत की। कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के क्षेत्रीय निदेशक अरविन्द कुमार भी मौजूद रहे।

सर्वर न चलने से परेशान हो रहे आवेदक

अमृत विचार, लखनऊ: आरटीओ कार्यालय में सर्वर न चलने से आवेदन परेशान हो रहे हैं। ड्राइविंग लाइसेंस से लेकर वाहन संबंधी कार्य इसके चलते ठप पड़े हैं। पहले से तारीख लेकर कार्य के लिए आरटीओ कार्यालय पहुंचने वाले वापस लौटने को मजबूर हैं। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार सर्वर न चलने की समस्या आए दिन बनी रहती है। विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है, लेकिन वह इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई आवेदक इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल तक पर कर चुके हैं।

जलकल विभाग, नगर निगम, जोन-4 गोमती नगर, लखनऊ।

प0सं0- 427/निविदा/ईई-4/2023-24 दिनांक- 09/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु जलकल विभाग नगर निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश (नान रिफन्डेबल) कैश काउण्टर जोन-4 में जमा करके दिनांक 16.02.2024 अपरान्ह 2.00 तक प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर प्राप्त व खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। निविदा के साथ धरोहर राशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारंटी जो अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के नाम बंधक को जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि की निविदा मान्य नहीं होगी। शेष नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

क्र0सं0	कार्य विवरण	निविदा मूल्य	धरोहर राशि
1	गोमती नगर जोन-4 के अन्तर्गत शहीद पथ विभूति खण्ड से अपोलो फार्मेसी के आस-पास तक 900 एम0एम0 व्यास की 297 मीटर ट्रंक सीवर लाइन की तली झाड़ सफाई कराये जाने के कार्य हेतु।	रू0 500.00	रू0 10000.00
2	गोमती नगर जोन-4 के अन्तर्गत विभूति खण्ड में फिलिपस शोरूम से राजेश स्टूडियो के आस-पास तक 900 एम0एम0 व्यास की 293 मीटर ट्रंक सीवर लाइन की तली झाड़ सफाई कराये जाने के कार्य हेतु।	रू0 500.00	रू0 10000.00

अधिशासी अभियन्ता, जोन-4

28 रजब को निकला जुलूस सफर-ए-इमाम हुसैन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 28 रजब को पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की मदीना से कर्बला रवानगी की याद में शुक्रवार को लखनऊ में कर्बला दियानतुद्दौला और मुफ्तीगंज में जुलूस सफ़र-ए-इमाम हुसैन निकाला गया। जुलूस में सबसे आगे ऊंट पर सवार मुनादी करता व्यक्ति याद दिला रहा था कि इंसानियत की हिफाजत और मदीना को खूंरेजी से बचाने के लिए इमाम हुसैन मदीना से कर्बला जा रहे हैं।

इस जुलूस में ऊंटों पर अमारियां थीं। हजरत अब्बास का अलम था। इमाम हुसैन का घोड़ा जुलजनाह था। छह महीने के हजरत अली असगर का झूला था। जुलूस में मातमी अन्जुमनें भी शामिल थीं। जिनमें शामिल नौजवान या हुसैन और या अब्बास की सदाओं के साथ मातम कर रहे थे। इकबाल नगर के सुगरा इमामबाड़े से शाम को चार बजे शुरू हुए जुलूस सफ़र-ए-इमाम हुसैन मुफ्तीगंज के रास्ते से गुजरता हुआ मीरन साहब के इमामबाड़े तक गया। इमामबाड़े में देर रात तक लोग जियारत के लिए उमड़ते रहे। कर्बला दियानतुद्दौला में जुलूस से पहले हुई मजलिस को मौलाना एजाज अतहर ने खिताब किया, मौलाना ने इस मजलिस में हजरत इमाम हुसैन के मिशन के बारे में विस्तार से बताया। सफ़र-ए-इमाम हुसैन का मंजर देखकर लोग रो पड़े।

किसी भी शिक्षा की सार्थकता तभी है, जब हम उससे जागरूक हों : मांडवी सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : पुरातात्विक धरोहरों के प्रचार-प्रसार और उनके संरक्षण के साथ-साथ आम लोगों के बीच इन्हें लेकर जागरूकता पैदा करने के मकसद से उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा आयोजित पुरातत्व अभिरुचि कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। 11 दिवसीय इस आयोजन से सम्बन्धित निबन्ध प्रतियोगिता में चयनित 10 प्रतिभागियों प्रियंका रानी, राजन कृष्ण, आदित्य वर्मा, अभिनव चतुर्वेदी, सौहित, अनामिका चौधरी, पूजा वर्मा, सुकीर्ति मौर्या, छवि पाण्डेय और नवेन्द्र कुमार सिंह को प्रो. मांडवी सिंह ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अन्य प्रतिभागियों को निदेशक पुरातत्व डॉ. रेनू द्विवेदी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समापन समारोह के अवसर पर प्रतिभागियों में से कुछ प्रतिभागियों ने 11 दिवसीय कार्यक्रम के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति ने पुरातत्व विभाग की वेबसाइट का लोकार्पण करने के बाद कहा कि किसी भी शिक्षा की सार्थकता तभी है जब दी जाने वाली शिक्षा से हम इतना जागरूक हो जायें कि उस पर शोध करें और उसे आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि बिना धरोहरों के विषय में जानकारी किये बिना हम और हमारा समाज अधूरा है। इसलिये हमें उसके बारे में पूर्ण जानकारी होनी चाहिए।

प्रो. रहस को संस्कृत संस्थान का सर्वोच्च विश्व भारती पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सभी संस्कृत की 46 विभूतियों को मिलेगा सम्मान

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने वर्ष 2022 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। संस्थान का पांच लाख रुपये का सर्वोच्च विश्व भारती पुरस्कार जबलपुर के प्रो. रहस बिहारी द्विवेदी को दिया जाएगा। दो-दो लाख रुपये के महर्षि वाल्मीकि पुरस्कार से अयोध्या के डॉ. देवी सहाय पाण्डेय दीप को और महर्षि व्यास पुरस्कार से वाराणसी के प्रो. आंजनेय शास्त्री को सम्मानित किया जाएगा।

वाराणसी के प्रो. गोपबंधु मिश्र को एक लाख रुपये के महर्षि नारद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा वाराणसी के प्रो. हृदय रंजन शर्मा, बांदा के प्रो. रमाकांत पाण्डेय, वाराणसी के प्रो. शंकर कुमार मिश्र, प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी और प्रो. रामपूजन पाण्डेय को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विशिष्ट पुरस्कार में एक-एक लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी।

51 हजार रुपये के वेद पंडित पुरस्कार से सम्मानित होने वालों में बांदा के सूरज त्रिपाठी, गोरखपुर के भास्कर तिवारी, वाराणसी के नितीश मिश्र, मिर्जापुर के प्रज्ञान रामजी त्रिपाठी, बस्ती के शिवम मिश्र, गंजाम (उड़ीसा) के दुर्गाशरण रथ, वाराणसी के अविनाश पाण्डेय, बुलंदशहर के गणेश कुमार शर्मा, गोरखपुर के विवेक मिश्र और वाराणसी के दीपक कुमार दुबे को सम्मानित किया जाएगा।

51-51 हजार के चार नामित पुरस्कार दिए जायेंगे। नामित पुरस्कार पाने वालों में पलवल के डॉ. राजकुमार मिश्र, अयोध्या के डॉ. देवी सहाय पाण्डेय, दरभंगा के डॉ. धीरज कुमार पाण्डेय और वाराणसी के डॉ. जयंत कुमार चौधरी का नाम शामिल है। छह विद्वानों को 21-21 हजार रुपये के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनमें वाराणसी के प्रो. श्रीकिशोर मिश्र, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, कानपुर के डॉ. रामशंकर अवस्थी, औरैया के डॉ. कैलाश नाथ द्विवेदी, बागपत के डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी और नालंदा के प्रो. राम नक्षत्र प्रसाद का नाम शामिल है। 17 विद्वानों को 11-11 हजार रुपये के विविध पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनमें प्रयागराज के डॉ. संत प्रकाश तिवारी, फतेहपुर के डॉ. विपिन कुमार द्विवेदी, वाराणसी के डॉ. सुधाकर मिश्र, डॉ. ममता मेहरा, कानपुर की डॉ. शोभा मिश्रा, मेरठ के डॉ. राकेश शास्त्री, मथुरा के डॉ. जगदीश प्रसाद शर्मा, वाराणसी के डॉ. दया शंकर त्रिपाठी, कानपुर के डॉ. अमित द्विवेदी, वाराणसी के डॉ. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रो. श्रीकिशोर मिश्र, जौनपुर के डॉ. दिनेश कुमार द्विवेदी, वाराणसी के रामाश्रय तिवारी, गोरखपुर की रंजनलता, वाराणसी के राजकिशोर आर्य, नालंदा के अरुण कुमार यादव और गौतमबुद्ध नगर के डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य का नाम शामिल है।

लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन.मार्ग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)

ई-मेल- nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स-0522-2622440

संख्या- 346/मु.अ./23-24 दिनांक : 8.2.2024

अति-अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 19.2.24 को मोहरबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 17.2.24 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 19.2.24 अपरान्हन 3 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 19.2.24 को अपरान्हन 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वंय का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू0 में	धरोहर धनराशि रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18% जी.एस.टी.	कुल निविदा मूल्य
01	विवेकानन्दपुरी वार्ड के अन्तर्गत सतबगलिया पार्क की बाउण्ड्रीवाल उच्चीकरण एवं रंगाई-पुताई व मरम्मत का कार्य।	846669.00	84667	2 माह	847	152	999
02	विवेकानन्दपुरी वार्ड के अन्तर्गत, महानगर सेक्टर-ए में म0सं0 बी-56 के सामने पार्क में कोटा स्टोन एवं झूला व बेंच लगाने का कार्य।	837196.00	83720	2 माह	837	151	988

शर्ते:
1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
2. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/ 06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
3. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017 / 81ज / 17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
4. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890 / नौ-5-19-149सा0 /2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
5. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

एक नजर

चारबाग में डारमेट्री की बुकिंग मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : चारबाग रेलवे स्टेशन पर होटल जैसी सुविधाओं से लैस डॉरमेट्री तैयार की जा रही है। जल्द ही इसकी बुकिंग यात्रियों के लिए शुरू की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मार्च से बुकिंग किए जाने की संभावना है। यात्री यहां पर पर्सनल केबिन वाली डॉरमेट्री भी बुक करवा सकेंगे। स्टेशन पर रिटायरिंग रूम को महाराजा रूम, डीलक्स रूम में बदला जा रहा है। डॉरमेट्री के कमरों को भी होटल के कमरों की तरह चमकाया जा रहा है। इनकी फिनिशिंग की जिम्मेदारी आईआरसीटीसी को सौंपी गई है। चारबाग स्टेशन की डॉरमेट्री में 46 बेड थे। इनमें 26 बेड अपग्रेड किए गए हैं। यहां डॉरमेट्री को पर्सनल केबिन बनाया गया है। डबल बेड वाले तीन रिटायरिंग रूम को भी महाराजा रूम, डीलक्स रूम में बदल दिया गया है। अफसरों के मुताबिक नई व्यवस्था के तहत अपग्रेडेशन के बाद डॉरमेट्री में ठहरने वालों को चाय, काफी, नाश्ता और भोजन की सुविधा मिलेगी। मार्च से इसे शुरू करने की योजना है। इस समय 12 घंटे के लिए नॉन एसी डॉरमेट्री का बेड 165 रुपये और एसी डॉरमेट्री का बेड 220 रुपये है। अपग्रेडेशन के बाद इनका किराया बढ़ सकता है। डबल बेड के एसी रूम 12 घंटे के लिए 739 रुपये में बुक हो रहे हैं।

गुड्डू मुस्लिम, साबिर व अरमान एसटीएफ के शिकंजे से बाहर

पांच लाख का है इनाम, एक साल में खोज नहीं पायी एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज में दिन-दहाड़े हुई उमेश पाल की हत्या के मामले में वांटेड हैं अतीक के शूटर

अमृत विचार : हार्डकोर क्रिमिनल पर लगाम कसने के लगातार हो रहे सरकारी दावों के बीच एक बड़ा सच यह है कि डॉन गुड्डू मुस्लिम समेत प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के तीन वांटेड शूटरों को एक साल से एसटीएफ-उप्र पुलिस खोज नहीं पा रही है। खास बात यह है कि शिकंजे से बाहर खुली हवा में सांस ले रहे गुड्डू के अलावा अरमान और साबिर मोस्ट वांटेड सूची में शुमार है और इनकी गिरफ्तारी पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित हैं। इससे माफिया-दुर्दांत अपराधियों पर नकेल कसने की जिम्मेदारी वाले विभाग और उसके आला अफसरान की भूमिका सवालों के कठघरे में हैं।

पुलिस महकमें के कई वरिष्ठ अफसर इसे एसटीएफ-उप्र पुलिस की पूरी तरह नाकामयाबी मानने को तैयार नहीं हैं। इसके पीछे उन्हें कोई और कहानी सांय-सांय कर रही है। एसटीएफ के अफसरों से बातचीत में भी बातचीत में कुछ ऐसे ही संकेत मिलते हैं। आधिकारिक रुप से वह कहते हैं कि अरे पकड़ लिए जाएंगे। ऐसा लगता है कि शूटरों की गतिविधियां उन तक है, और उन्हें शिकंजे में लाने को लेकर उनकी अभी कोई रुचि नहीं हैं। ऐसा क्यों है? इस सवाल का जवाब बातचीत में स्पष्ट नहीं हो पाता है।

वहीं दूसरी ओर इन वांटेड शूटरों को सलाखों के पीछे भेजने में प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस की भी प्रभावी सक्रियता नहीं दिख रही है। एक साल में उनके खिलाफ कार्रवाई के नाम पर सिर्फ उनके घरों की कुर्की तक कर सकी है, जहां सिर्फ दीवारें ही बची थीं।

प्रयागराज में 24 फरवरी 2023 को दिन-दहाड़े उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या कर दी गई थी। फिल्मी स्टाइल में हुई यह वारदात प्रदेश की कानून-व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करने वाली थी। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री ने माफिया को मिट्टी में मिलाने का एलान किया था। उसके बाद एसटीएफ और प्रयागराज पुलिस ने अपने-अपने स्तर से सक्रियता तेज की। प्रयागराज पुलिस ने इस घटना में शामिल अरबाज को 27 फरवरी को एक इनकाउंटर में मार गिराया। फिर छह मार्च को दूसरे शूटर उस्मान चौधरी को भी ढेर कर दिया। 13 अप्रैल को एसटीएफ ने माफिया अतीक के बेटे असद और उसके साथी गुलाम को झांसी में मार गिराया। इस बीच 15 अप्रैल को माफिया अतीक और उसका भाई अशरफ की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद से ही इस घटना को लेकर एसटीएफ की सक्रियता लगभग खत्म हो गई।

समिट बिल्डिंग में देर रात तक सजी रही महफिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 12.30 बजे तक बंद होने हैं सभी बार, देर रात तक जमीं रही महफिल
- सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो वायरल, बार मैनेजर को नोटिस

अमृत विचार : समिट बिल्डिंग में देर रात मुजरा होने व महफिल जमने का मामला सामने आया है। दूसरे तल पर स्थित लार्ड आफ ड्रिंक लाउंज एंड बार का मामला है। सोशल मीडिया पर वीडिया वायरल होने पर अफसरों ने संज्ञान में लेकर संबंधित बार में ताला लगा दिया। वीडियो में फिल्मी अंदाज में फर्श पर गलीचे बिछे हैं। बीच में एक बाला मुजरा की प्रस्तुति दे रही है और लोगों की वाह-वाह गूंज रही है।

शुक्रवार को बार में हुई अश्लीलता का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने संज्ञान लिया और संचालक को नोटिस जारी कर ताला डाल दिया। संचालक के पास रात दो बजे तक शराब बेंचने का लाइसेंस है, लेकिन समय सीमा खत्म होने के बाद दरवाजा बंद करके प्राइवेट पार्टी चल रही थी। इसके लिये पुलिस और प्रशासन से अनुमित नहीं ली गई थी। एडीएम पूर्वी अमित कुमार ने बताया कि लार्ड आफ ड्रिंक लाउंज बार संचालकों ने पार्टी की अनुमित नहीं ली थी। समिट बिल्डिंग में सरकार ने 17 बार लाइसेंस दे रखे हैं। इतनी बड़ी संख्या में बार होने से आए दिन यहां छेड़छाड़, मारपीट और उपद्रव की शिकायतें आती हैं। इससे आसपास रहने वाले परेशान हैं। जिला आबकारी अधिकारी सुशील कुमार मिश्र का कहना है कि देर रात तक शराब बिक्री की शिकायत पर जांच की गयी। इसमें लार्ड आफ ड्रिंक लाउंज बार के संचालकों ने नियम विरुद्ध रात दो बजे के बाद भी शराब की बिक्री व बिना अनुमित पार्टी का आयोजन किये जाने की पुष्टि हुयी। इस पर संचालक को नोटिस जारी करते हुए बार में ताला डाल दिया गया है।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग

[COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071

सार-संक्षेप

गोमती में कूदने जा रही युवती को बचाया

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज इलाके में शुक्रवार दोपहर नेशनल कॉलेज से बैकुंठ धाम को जोड़ने वाले पुल की जाली फांदकर युवती रेलिंग पर खड़ी होकर कूदने जा रही थी। इसी दौरान एक युवक ने उसका हाथ पकड़ कर खींच लिया। इससे उसकी जान बच गयी। पुलिस ने परिवारीजनों से संपर्क कर किया तो पता चला कि युवती मानसिक अस्वस्थ है। पुलिस के मुताबिक युवती मूलत: गोरखपुर की रहने वाली है। वह पीजीआई में परिजन के संग रहती है। मां ने बताया कि पिछले वर्ष युवती की दादी की मौत हो गयी थी। इससे बीएससी कर रही युवती का पेपर छूट गया था। इसके बाद से वह मानसिक अस्वस्थ है। लोहिया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था।

मैच देखने के दौरान युवक को बैट से पीटा

अमृत विचार, मलिहाबाद : मैच देखने के दौरान दो भाइयों ने एक युवक की डंडा व बैट से जमकर पिटाई कर मौके से भाग निकले। पुलिस ने युवक को मरणासन्न हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर पंचायत के मोहल्ला बस्ती धनवंतराय निवासी आजाद गुरुवार अपराह्न 5 बजे मोहल्ले के पास हो रहे मैच को देख रहा था। किसी बात को लेकर गांव के ही दो भाइयों संजय व शिवा शराब के नशे में गाली देने लगे। विरोध करने पर मैच देख रहे दर्शक पर दोनों भाइयों ने उसके सिर पर बैट मार दिया। साथ ही उसकी डंडा व बैट से पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर मलिहाबाद पुलिस ने दोनों भाइयों के विरुध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

खनन में चल रहे डंपरों से राहगीरों का चलना मुश्किल

अमृत विचार, गोसाईगंज : क्षेत्र के धौरहरा गांव में हो रहे मिट्टी खनन से लोग परेशान है। ग्रामीणों का चलना दूभर हो गया है। इन डंपरों के चलते गांव के रास्तों की हालत जर्जर हो गई है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल सहित मंडला आयुक्त से कर कार्यवाई की मांग की है। गोसाईगंज के धौरहरा गांव के मजरे सहादतअली का पुरवा गांव में मिट्टी खनन का काम तेज़ी से चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस खनन में चल रहे डंपरों से गांव की सड़को की हालत जर्जर हो गई है। आए दिन लोग चोटिल हो रहे है। राहगीरों सहित गांव से स्कूल जाने वाले बच्चों का इस रास्ते से होकर गुजरना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि क़रीब 10 दिन पहले तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से ससुराल आ रहे बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई थी। खनन अधिकारी दिनेश कुमार आर्य का कहना है खनन की रॉयल्टी विभाग द्वारा दी गई है। यदि मानक से अधिक खनन या कोई अन्य शिकायत आती है तो कार्रवाई की जायेगी।

पीएनसी कंपनी के पैनल चोरी कर भाग रहे चोर को दबोचा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में शुक्रवार को कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी के तीन चैनल चोरी करके भाग रहे एक चोर को सिक्योरिटी गार्डों ने धर दबोचा। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं इस घटना में फरार हुए एक अन्य युवक को भी बाद में पुलिस ने पकड़ लिया। मध्य प्रदेश के माधव नगर, कटनी निवासी पंकज मिश्रा के मुताबिक वह एक सिक्योरिटी कंपनी में सुरक्षा गार्ड होने के साथ ही कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी के सामान की सुरक्षा में तैनात है। उसका कहना है कि एक युवक बंथरा में कटी बगिया के पास से कंपनी के तीन पैनल चोरी करके भाग रहा था। तभी पंकज के भाई ने शोर मचाते हुए मनीष कुमार पांडेय की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम बंथरा के गढ़ी चुनौटी गांव निवासी दर्शन बताया। पुलिस ने पकड़े गए दर्शन से पूछताछ की तो उसने बताया कि चोरी की यह घटना उसके गांव के रहने वाले राजेश के साथ वह अंजाम देता है। जिसके बाद पुलिस ने राजेश को भी गिरफ्तार कर लिया।

साइबर जालसाजों ने महिला के खाते से उड़ाए 25 हजार

अमृत विचार, आलमबाग : आलमबाग कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला के बचत खाते से साइबर जालसाजों ने 25,800 रुपये पार कर दिया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित कैलाशपुरी निवासिनी ममता यादव के अनुसार, उसका बचत खाता यूको बैंक में है। बीते 24 दिसम्बर 23 की शाम यूपीआई के माध्यम से उसके खाते से 25800 उसके खाते से डेबिड हो गये। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने मे शिकायत की है।

खड़े ट्रक से टकराई एंबुलेंस, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

शहीदपथ पर हुसड़िया ओवरब्रिज के पास क्षतिग्रस्त एंबुलेंस।

अमृत विचार : गोमतीनगर इलाके में दिल्ली से शव लेकर सिद्धार्थनगर जा रही एंबुलेंस चालक से बेकाबू होकर शहीद पथ पर रोड किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। जोरदार टक्कर से एंबुलेंस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। ट्रैफिक हेड कांस्टेबल ने अगली सीट पर बैठे युवक को बाहर निकाल लिया, जबकि एंबुलेंस में फंसे चालक को दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाल कर लोहिया अस्पताल भेजा।

फायर स्टेशन ऑफिसर गोमती नगर शिव दरस प्रसाद ने बताया कि दिल्ली निवासी विभोर एंबुलेंस चालक हैं। गुरुवार दोपहर दिल्ली से एंबुलेंस से शव लेकर सिद्धार्थनगर के लिए निकले थे। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे शहीद पथ पर हुसडिया ओवरब्रिज के समीप खराब खड़े ट्रक में एंबुलेंस टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस चालक विभोर और अन्य केबिन में ही फंस गए। रूट चेक कर रहे ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल विशाल सिंह मौके पर पहुंचे। आनन-फानन विशाल ने राहगीरों की मदद से अगली सीट पर फंसे युवक को बाहर निकाल लिया। जबकि काफी प्रयास के बाद भी विभोर को बाहर नहीं निकाला जा सका। उन्होंने चालक को निकालने के लिए दमकल कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची गोमतीनगर स्टेशन से दमकल टीम ने कटर से एंबुलेंस काट कर विभोर को निकाला और लोहिया हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद विभोर और साथ में मौजूद युवक को डिस्चार्ज कर दिया गया।

फटा टायर बदल रहा था ट्रक चालक

बताया जा रहा है कि हुसड़िया ओवरब्रिज के समीप बीच रोड पर ही ट्रक का टायर फट गया था। रोड पर ही ट्रक रोक कर चालक हेल्पर के साथ टायर बदल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार एंबुलेंस बेकाबू होकर ट्रक से टकरा गई।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचनाः ओटी-16-2023

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-।।/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः ओटी-16-2023, कार्य का विवरणः** दोहरीकरण/तीसरी लाईन/आमान परिवर्तन/ यार्ड रीमाडलिंग/प्री-एनआई/एनआई/वीआईपी/मिनिस्टर प्रोग्राम एवं अन्य आकस्मिक अवसरों पर अथवा निर्माण इकाई के अन्य यूनिटों द्वारा माँग पर अस्थाई रूप से उचित एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था। उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, गोरखपुर के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत जहाँ कहीं भी आवश्यक हो (एक वर्ष की अवधि हेतु)।, **अनुमानित लागतः**₹ 96,90,143.70, **बयाना राशिः** ₹ 1,93,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह। **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः** 29.02.2024 को 15.00 बजे। **नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-।।/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-265 गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

दारू पार्टी करने के विवाद में दबंगों ने दंपति से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने एक नामजद समेत 12 अज्ञात पर दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत रजनीखंड में दारू पार्टी के बाद गाली-गलौज कर रहे दबंगों को टोकना एक दंपती पर भारी पड़ गया। दबंगों ने सत्ता का रौब झाड़ते हुए दंपती की पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। हालांकि, पुलिस ने एक नामजद समेत 12 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, रजनीखंड निवासी शालिनी सिंह ने वैभव सिंह और उसके 12 अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि बुधवार शाम करीब सवा सात बजे आरोपी दारु मुर्गा पार्टी के शराब पीकर आपस में गली-गलौज कर रहे थे। यह देख पति विजय सेंगर ने उन्हें टोक दिया। जिसके बाद आरोपी सत्ता का रौब झाड़ते हुए उनके घर में घुस आए। फिर से दंपती से मारपीट करने लगे। हालांकि, चीख-पुकार मचाने से पड़ोसियों की भीड़ एकत्र हो गई। तब आरोपी दंपती को धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। महिला ने बताया कि इस बीच एक आरोपी वहां अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं एफआईआर दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

दो चोर गिरफ्तार

लखनऊ : चिनहट पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए मोबाइल बरामद किए है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, पुलिस की गिरफ्त में आए चोरों की पहचान न्यू काशीराम कॉलोनी निवासी अभिषेक उर्फ लेबा और गोविंद उर्फ गोलू के रूप में हुई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत नसेनिया, विकास खंड-अमौली, फतेहपुर

पत्रांकः मेमो / ग्राम पंचायत/सामग्री आपूर्ति-2023-2024/ दिनांकः 08/02/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा साफ्ट में पंजीकृत फर्मो का निर्माण सामग्री आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नसेनियॉ में मनरेगा अन्तर्गत सी0सी0 रोड का निर्माण होना है। जिसमें ईट, रोडी, गिट्टी,सीमेन्ट मौरंग सरिया व अन्य समान की आपूर्ति होना है। आपूर्ति हेतु टेण्डर आमंन्त्रित की जाती है। आपूर्ति की शर्ते व टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से 200 नगद जमा किये जायेगे टेण्डर फार्म 10.02.2024 से 17.02.2024 तक प्राप्त व जमा किये जा सकते है। प्रकाशन के सात दिन के बाद टेण्डर दाताओं के समक्ष टेण्डर खोले जायेगे।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
01	राम प्रताप के दरवाजे से जगदीश वर्मा के दरवाजे तक नाली व सी0सी0 निर्माण	6.3 लाख
02	राकेश के घर से जमील के घर तक नाली व सी0सी0 निर्माण	5.26 लाख
03	महेश चमार के घर से लक्ष्मी के घर तक नाली व सी0सी0 निर्माण	2.81 लाख

मीरा देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत नसेनियॉ,
विकासखण्ड अमौली, फतेहपुर

विजय कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत नसेनियॉ,
विकासखण्ड अमौली, फतेहपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू विकास खंड बसरेहर, इटावा

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0/ टेंडर प्रकाशन/ मनरेगा योजना/ कें0वि0आ0- रा0वि0आ0 2022-23 दिनांक 09-02-2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू विकास खंड बसरेहर के अंतर्गत मनरेगा योजना केंद्रीय वित्त आयोग राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने में प्रयुक्त निर्माण सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 10-02-2024 से 15-02-2024 को अपरांह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। विक्रित निविदाएं निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अंतर्गत डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरांत निविदायें स्वीकार नहीं की जाएंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय खेड़ा हेलू कार्यालय से दिनांक 10.02.2024 से 15.02.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक एवं दिनांक 15-02-2024 को सायं 3.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ाहेलू विकास खंड बसरेहर के कार्यालय से निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्धारित धनराशि की अदायगी कर निविदा क्रय की जा सकती है। अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक निर्देश प्राप्त किए जा सकते हैं।

क्रम	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	प्राकलन लागत	सामग्री अंश	जमानत
1	निर्माण कार्य	ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू में सीएससी केन्द्र निर्माण कार्य	411075.73	5.00 लाख	411075.00	2%

शिवानी सिंह, प्रधान — हृदेश नारायण, सचिव

ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू विकास खंड बसरेहर, इटावा

1090, चारबाग व मवैया जाने के लिए वैकल्पिक रास्तों का करें चुनाव

सीवर और सड़कों की मरम्मत के कार्य के चलते डायवर्जन लागू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वन सिटी वन आपरेटर योजना के तहत सीवर मेंटेनेंस और गोमती नदी पर बने गांधी सेतु के बाएं सिरे के पास राइजिंगमेन के लीकेज रिपेयर किया जाएगा। इसके चलते 1090 चौराहा और सामाजिक प्रतीक स्थल ढाल पर 10 से 19 फरवरी तक डायवर्जन लागू किया गया है।

इसी तरह ग्रीन कॉरिडोर योजना के तहत आईआईएम भिठौली से कुड़ियाघाट तक डिवाइडर रोड का कार्य होने से इस इलाके में और मवैया रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे सड़क का मरम्मत के चलते डायवर्जन लागू किया गया है।

इन रास्तों पर डायवर्जन, वैकल्पिक मार्ग चुनें

- 1090 चौराहा से सामाजिक प्रतीक स्थल ढ़ाल के बीच और अंबेडकर पार्क की तरफ कोई भी वाहन नहीं जा सकेंगे।
- 1090 चौराहे से सामाजिक प्रतीक स्थल ढ़ाल होकर गोमतीनगर को जाने वाले वाहन 1090 चौराहे से समतामूलक, ताज होटल के सामने से होकर अंबेडकर उद्यान चौराहा जा सकेंगे।
- गोमतीनगर से सामाजिक प्रतीक स्थल ढ़ाल होकर 1090 चौराहा की तरफ जाने वाहन अंबेडकर उद्यान चौराहा से ताज अंडरपास चौराहे से दाहिने ताज होटल के सामने से होकर समतामूलक चौराहा से 1090 चौराहा जा सकेंगे।
- समतामूलक चौराहे से पुरानी चटोरी गली, सामाजिक परिवर्तन चौक व मरीन ड्राइव की तरफ जाने वाले वाहन को परिवर्तित किया जायेगा।
- कुड़ियाघाट से बन्धा होकर घऊघाट आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग कोनेश्वर, बालागंज, ठाकुरगंज की तरफ से तय किया गया है।
- गऊघाट से बन्धा की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बालागंज, ठाकुरगंज, कोनेश्वर होकर कुड़ियाघाट का उपयोग कर सकेंगे।
- मवैया और चारबाग से आलमबाग चार पहिया वाहन नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग केकेसी से कुंवर जगदीश होकर कैंटोनमेंट के रास्ते आलमबाग का तय किया गया है।
- आलमबाग और अवध चौराहे से मवैया होकर चारबाग जाने वाले चार पहिया वाहनों के लिये वैकल्पिक मार्ग टेढ़ी पुलिया आलमबाग से फतेह अली होकर तय किया गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज

पत्रांक- 1384/न0पा0प0छि0/टेण्डर/निर्माण/2023-24 दिनांक- 09 फरवरी, 2024

(निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ द्वारा स्वीकृत 5TPD wet waste processing unit हेतु ग्राम कमालपुर में समतल बेस हेतु मिट्टी भराव का कार्य एवं कार्यालय की पुताई कराना चाहती है। जिसके लिए ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदाएँ दिनांक-20.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। टेण्डर फार्म के साथ संलग्न नियम व शर्तो के अनुसार ही निविदायें मान्य होंगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अथवा अन्य किसी दिन ठेकेदारों/पंजीकृत फर्मो की उपस्थिति /अनुपस्थिति में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेंगी। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में सन्निहित होगा। बिना कारण बताएं आमन्त्रित निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सन्निहित होगा। निविदा की विक्री कार्यालय कार्य दिवस में की जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन की धनराशि	2% धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य + GST + प्रोसेसिंग फीस	कार्य का समय
1	नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में 5TPD wet waste processing unit के अधिष्ठापन हेतु ग्राम कमालपुर में समतल बेस हेतु मिट्टी भराव व बेस में चुनाई का कार्य।	270000	5400	351 + 63 + 100 = 514	20 दिन
2	नगर पालिका परिषद छिबरामऊ कार्यालय में पुताई का कार्य।	166000	3320	216 + 39 + 100 = 355	20 दिन

अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ, जनपद-कन्नौज।

अध्यक्ष
न.पा.प. छिबरामऊ, जनपद-कन्नौज।

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग

भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना

गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश

एक नजर

एसपी ने किया सतरिख थाने के मुख्य द्वार का लोकार्पण

बाराबंकी, अमृत विचार : एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को थाना सतरिख के मुख्य प्रवेश द्वार व मेस का लोकार्पण किया। उन्होंने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरक, आगन्तुक कक्ष, शौचालयों आदि का निरीक्षण कर मेस, बैरक व थाना परिसर की साफ-सफाई के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ग्राम चौकीदारों को कम्बल वितरत कर संवाद स्थापित किया गया।

उधारी का पैसा मांगने पर युवक ने की मारपीट

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के बल्लोपुर प्रथम गांव में उधारी के पैसे मांगने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना इलाके के बल्लोपुर गांव निवासी सोनू वाजपेयी चाट का ठेला लगाकर परिवार चलाता है। आरोप है कि गांव के रवि अवस्थी ने उधार खाई। जब पैसा मांगा तो मारपीट करने लगा। सोनू, रवि अवस्थी सहित तीन लोग घायल हुए।

अश्लील नृत्य पर दर्ज हुआ मुकदमा, एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा के बूढ़ीमेर टिकरहुआ अधिवक्ता राजेश कुमार तिवारी के दरवाजे पर नर्तकियों के साथ अश्लील नृत्य करने का मामला प्रकाश में आया है। शोमिल शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सीतापुर में जर्जर भवन और असुविधाओं के बीच रुके नौनिहाल

बेसिक शिक्षा अधिकारी बोले - सब फर्स्ट क्लास, मंडलस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रति संजीदा नहीं दिखे जिम्मेदार

फॉलोअप

अभिषेक सिंह

सीतापुर। जिला मुख्यालय पर आयोजित दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता भारी अव्यवस्थाओं के बीच संपन्न हो गई। तय बजट से अधिक खर्च होने के बाद भी प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं के ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था नहीं हो सकी। शुक्रवार को अव्यवस्था को उजागर करने के बाद बढ़ी हलचल के बाद व्यवस्था को सुधारने की जगह जिम्मेदार फर्जी रिपोर्टिंग का दावा करके तथ्यों को सिरे से नकारने में लगे रहे। इतना ही नहीं बल्कि जर्जर भवन को दुरुस्त बताकर उन कमरों में कक्षाओं के चलने का भी दावा किया गया। जबकि भवन की स्थापना 1889 में हुई थी।

बताते चलें कि जिला मुख्यालय के ध्यान चंद्र स्टेडियम पर दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सीतापुर समेत लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव, लखीमपुर खीरी जिलों से आये करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

स्कूल भवन के पिछले हिस्से में उगी झाड़ियां व जर्जर खिड़कियों के शेड।

मिशन स्कूल के भवन की खिड़कियों में उगी बड़ी घास। अमृत विचार

स्कूल परिसर में जमीन पर बैठकर बच्चों के लिए लंच पैकेट तैयार करता कर्मचारी।

स्कूल भवन के अंदर दीवार का टूटा प्लास्टर और खुली खिड़की।

कमरों में खिड़की से दरवाजे गायब होने पर नौनिहालों ने लगाये तौलिए।

बड़ा सवाल

▸▸ ऐसी लापरवाही के बीच कैसे निखरेगी कर्णधारों की प्रतिभा

दो दिवसीय प्रतियोगिता होने के कारण प्रतियोगी छात्रों के ठहरने व खाने का इंतजाम भी शिक्षा विभाग की ओर से किया गया था। लेकिन इन नौनिहालों को जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रतियोगिता में शामिल छात्रों को न तो ठहरने की उचित व्यवस्था हो सकी और न ही आरामदायक बिस्तर मुहैया हो सका। जिसके चलते कर्णधारों को समुचित व्यवस्था से ही संतोष करना पड़ा। इतना ही नहीं गुरुवार की रात कमरों की टूटी खिड़कियों ने इन नौनिहालों को और मुश्किल में डाल दिया। किसी तरह तेज ठंडी हवाओं के थपेड़ों से खुद को बचाते हुए इन नौनिहलों ने जर्जर कमरों में रात गुजारी। अव्यवस्था की खबर को जब अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो विभाग में हड़कंप मच गया। अपनी कारगुजारी को छिपाने के लिए जिम्मेदारों ने खबर को तथ्यपरक और फर्जी रिपोर्टिंग का हिस्सा बताया। बीएसए अखिलेश सिंह ने नसीहत देते हुए बताया कि खबर में दिन की फोटो को लगाकर रात का दर्शा दिया गया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि खबर लिखने से पहले आपको स्थलीय निरीक्षण करना चाहिए था।

डिब्बों में पैक हुआ लंच पैकेट

खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने आये नौनिहालों को जिम्मेदार गर्म खाना परोसे जाने की बात स्वीकार कर रहे हैं। बावजूद इसके स्कूल में इससे इतर ही व्यवस्था ही दिखाई दी। शुक्रवार की दोपहर जमीन पर बैठकर एक व्यक्ति मिठाई के डिब्बों में खाने को भरकर लंच पैकेट तैयार करते हुए नजर आया। इससे यह साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे नैनिहालों को गर्म खाना मुहैया हो सका होगा।

1889 में बना था भवन

जर्जर भवन और बगैर दरवाजों के खिड़की वाले मैथोडिस्ट गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल में उन्नाव से आए करीब 125 बच्चों के रुकने की व्यवस्था थी। भवन की स्थापना वर्ष 1889 में हुई थी। प्लास्टर टूट रहे कमरों में कर्णधारों को ठंड से बचाव के लिए अपने तौलिए का इस्तेमाल कर हवा रोकने के लिए लगाना पड़ा। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि भवन के आगे हिस्से में जंगल और झाड़ियों से घिरे हुए कमरों में बच्चों ने कैसे रात गुजारी होगी। खिड़कियां खुली होने से बच्चों को जंगली जानवर का भी खतरा बना रहा होगा।

बजट 93 हजार, खर्च अधिक

बीएसए अखिलेश सिंह ने बताया कि उन्हें इस आयोजन के लिए तो महज 93 हजार रुपये ही बजट मिलता है। जबकि इस कार्यक्रम में करीब दो लाख से अधिक का खर्च आता है। अब सवाल यह उठता है कि 93 हजार की जगह लाखों खर्च होने के बाद भी छात्र-छात्राओं को रहने के लिए टूटी खिड़की वाले कमरे ही मुहैया हो सके। फिलहाल इन बातों से यह तो साफ हो जाता है कि जिम्मेदार ऐसे कार्यक्रमों के लिए बिल्कुल भी संजीदा नहीं हैं। सवाल उठता है कि जिम्मेदारों की ऐसी लापरवाही से देश कर्णधारों की प्रतिभा कैसे निखर सकेगी।

खिड़कियों में उगी घास

मेथोडिस्ट मिशन जूनियर गर्ल्स स्कूल में भवन का आलम यह है कि खिड़कियों से दरवाजे ही गायब थे। इतना ही नहीं कमरों के वेंटिलेशन के लिए लगाईं गयी खिड़कियों में घास भी उग आई है। तस्वीरों में स्कूल के भवन की हालत को देखकर अगर बीएसए की मानें तो जरूर ही शिक्षण कार्य के दौरान बच्चों को खतरें की आशंका से मना नहीं किया जा सकता है। स्कूल के शौचालय का हाल बेहद ही चिंताजनक था। यहां गंदगी की भरमार थी और पानी की पाइप सहित यूरिनल भी जर्जर अवस्था में नजर आए।

> आपके अखबार में जिस भवन को जर्जर बताया गया है वह सुरक्षित है। इन कमरों में बैठकर बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। खाने की व्यवस्था प्रांगण में ही कराई गई थी। उन्हें गर्म खाना ही परोसा गया था। कमरों में बच्चों के लिए पर्याप्त रजाई और गद्दों का इंतजाम किया गया था। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं थी।
>
> -अखिलेश सिंह, बीएसए, सीतापुर

राजस्व परिषद के अध्यक्ष को अभिलेख नहीं दिखा सके कर्मी

लिया जायजा

▸▸ पटलों का किया निरीक्षण किसान दुर्घटना बीमा के भुगतान का कर्मचारी नहीं दे पाए ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: राजस्व परिषद के चेयरमैन हेमंत राव ने शुक्रवार को जब एक-एक कर सदर तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया तो उन्हे यहां काफी घोलमाल मिला। पटल देख रहे संबंधित कर्मचारी जरूरी अभिलेख तक नहीं दिखा पाए। यहां तक कि किसान दुर्घटना बीमा के भुगतान से संबंधित मौके पर कोई रजिस्टर नहीं मिला। करीब दो घंटे तक चले निरीक्षण में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक हलकान रहे।

पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह करीब 11 बजे सदर तहसील पहुंचे राजस्व परिषद के चेयरमैन हेमंत राव को सबसे पहले पुलिसकर्मियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद वह सीधे कम्प्यूटर रूम में पहुंचे और कम्प्यूटर पर बैठकर ऑनलाइन आने वाले विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों के आवेदनों की स्थिति देखी और उनके निस्तारण के बारे में सत्यता परखी। इस दौरान पास में खड़े जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कई मौके पर उनके सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया। इसके बाद श्री राव दैवी आपदा पटल पहुंच कर पटल सहायक भानू प्रताप सिंह से अब तक हुई कार्रवाई की स्थिति पूछी और अभिलेख देखे। इस दौरान लाभार्थियों को दिए गए धनराशि संबंधित अभिलेख व पोर्टल को भी जांचा। इसके बाद कृषि दुर्घटना बीमा योजना के पटल सहायक से जब दिसंबर माह तक हुए भुगतान संबंधी रजिस्टर मांगा तो कर्मचारी बगलें झांकते रहे। हालांकि बताया गया कि भुगतान सीधे ट्रेजरी के माध्यम से जाता है। भेजे गए भुगतान का ब्योरा पटल पर नहीं मिलता है। इस पर डीएम ने आश्वस्त किया कि अब सभी तहसीलों में इसका ब्योरा रखा जाएगा।

नवाबगंज तहसील में अभिलेखों का निरीक्षण करते राजस्व परिषद के अध्यक्ष हेमंत राव।

बगैर पैसा लिए काम नहीं करते लेखपाल : अधिवक्ता

चेयरमैन के समक्ष अधिवक्ताओं ने कहा कि लेखपाल बगैर पैसा लिए कोई काम नहीं करते हैं। एक-एक लेखपाल कई सालों से जमा है। इस पर डीएम ने कहा कि ऐसे लेखपालों को चिह्नित किया गया है। जल्द ही फेरबदल होगा। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि कई वाद लंबे समय से चल रहे हैं, निस्तारण नहीं हो रहा है।

डिजिटल किये जा रहे राजस्व संबंधी कार्य

चेयरमैन हेमंव राव ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राजस्व संबंधी कार्य अब डिजिटल हो रहे हैं। रियल टाइम खतौनी, अमल दरामद, घरौनी आदि सभी तरह के काम इसमें शामिल हैं। घरौनी के प्रमाण पत्र दे रहे हैं। इससे गांव में भूमि विवाद के वाद कम होंगे साथ ही शांति व्यवस्था भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि वाद का जो भी निस्तारण व आदेश होगा उसे पोर्टल पर फीड करना होग। ताकि जो वादकारी है उसे तत्काल पता चल जाए कि लिखित आदेश क्या है। जो भी आदेश व निस्तारण पोर्टल पर आए तभी इसे माना जाएगा।

लखनऊ के बदमाशों ने की थी सीतापुर के सराफ से लूट

बाराबंकी, अमृत विचार : बड्डूपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों ज्वेलर्स के साथ हुई लूट का पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से लूट का माल भी बरामद किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी सिन्हा ने बताया कि बीती 29 जनवरी को प्रान्जुल सिंह निवासी मोहल्ला बेलदारी टोला थाना महमूदाबाद, सीतापुर ने बड्डूपुर थाने पर सूचना दी कि शाम को उनके पिता नरेन्द्र सिंह थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित अपनी ज्वैलरी की दुकान बंद कर बाइक से बैग में सोने-चांदी के आभूषण लेकर घर वापस आ रहे थे। तभी डफरपुर चौराहे के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिता की बाइक को गिरा दिया एवं उनके साथ मारपीट करके आभूषण से भरा बैग छीनकर भाग गये।

उन्होंने बताया कि इस मामले में स्वाट और सर्विलांस टीम ने कल्लन उर्फ विजय पाल, झबरा उर्फ आनन्द मौर्या निवासी कैबिनेटगंज, बंदरियाबाग गेट नम्बर-212 थाना गौतमपल्ली लखनऊ को काजीबेहटा पुल से गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का एक गैंग है जो लूट की वारदातों को अंजाम देता है। गिरफ्तार आरोपी एक साथ लखनऊ में दिहाड़ी का काम करते हैं। उसी दौरान गिरफ्तार आरोपियों की जान-पहचान ओपी उर्फ ओम प्रकाश व नरेंद्र लोनिया से हो गई। नरेंद्र ने उन्हें बताया कि उसके यहां मनोज उर्फ नरेन्द्र सिंह थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित अपनी ज्वैलरी की दुकान को बन्द कर आभूषण लेकर प्रतिदिन घर आता-जाता है। आरोपियों ने साजिश रची कि जिस दिन मनोज बाइक से महमूदाबाद से बड्डूपुर आयेगा उस दिन नरेन्द्र लोनिया और ओपी उर्फ ओमप्रकाश बाइक से आएंगे। योजनाबद्ध तरीके से दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया और भाग गए।

सार-संक्षेप

समाज के सभी वर्गों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों के साथ ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मोदी और योगी के नेतृत्व में रामराज्य की परिकल्पना साकार हो रही है। भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा कोई भी योजना जाति धर्म और मजहब के आधार पर लागू नहीं की गई है। उक्त बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत शेखपुर अलीपुर ग्राम पंचायत के कविरापुर में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहीं। उन्होंने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गांव गरीब का जो सपना देखा था वह पूरी तरह से सरकार हो रहा है। सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ देने का काम किया गया है। 80 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क राशन देने के साथ ही किसान सम्मन निधि नौजवानों को रोजगार सहित तमाम कीर्तिमान स्थापित किए गए। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष मनोज कुमार, नंद किशोर, हरिश्चंद्र समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : शादीशुदा युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेटी की मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पिता ने युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस के मुताबिक, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एंडौरा गांव निवासी रामसूरत गोस्वामी की बेटी काजल (25) का गांव के ही शादीशुदा युवक विजय गोस्वामी (35) से प्रेम-प्रसंग था। करीब छह साल पहले दोनों लखनऊ में एक साथ रहने लगे थे। एक सप्ताह पहले दोनों सूरतगंज आए थे। तभी से अपने पिता के मकान में विजय युवती के साथ रहने लगा। शुक्रवार की सुबह युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। विजय का कहना है कि काजल बीमार चल रही थी। इसी वजह से वह लखनऊ से आकर यहां रहने लगा था। इधर, बेटी की मौत की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे पिता ने युवक विजय पर हत्या करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार रामसूरत ने अपनी बेटी की शादी जनपद गोंडा के थाना करनैलगंज इलाके के काशीपुर से की थी लेकिन विजय से प्रेम-प्रसंग की वजह से काजल ससुराल से चली आई थी। इसके बाद से दोनों एक साथ लखनऊ में रहने लगे थे। रामसूरत व विजय में इसी को लेकर विवाद चल रहा है।

व्यापारी हितों के लिए करेंगे काम: आलोक

नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी का स्वागत करते व्यापारी।

हैदरगढ़, बाराबंकी : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा भारतीय जनता पार्टी में शामिल किए गए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी के स्वागत का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को नगर पंचायत के सभागार में अखिल उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद शुक्ला एवं युवा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी द्वारा आयोजित समारोह में व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों द्वारा श्री तिवारी का फूल मालाओं और बुके से स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि दिये गए मान सम्मान को कभी भुला नहीं सकेंगे और व्यापारी हितों के लिए हर संभव काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी के प्रदेश कार्यलय पर बुलाकर भाजपा में शामिल करने के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जो जिम्मेदारी सौंपी है। पूरा विश्वास है कि आप लोगों के सहयोग से नगर क्षेत्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने में पूरी सफलता मिलेगी। इस मौके पर व्यापार संगठन के महामंत्री जानू मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि सैनी, उपाध्यक्ष नितिन सोनी, शिवम, विकास, युसूफ खान, बबलू, जुबेर, संतोष, संजय, सभासद विपिन, सूरज, गोलू राइन समेत कई लोग उपस्थित रहे।

भाकियू ने की पीपा पुल के निर्माण की मांग

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक तहसील परिसर में तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता व ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव के संचालन में संपन्न हुई। तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि त्रिवेदीगंज ब्लॉक के अंतर्गत नेरा कबूलपुर में एक कंपनी द्वारा किसानों की जमीन की आड़ में सरकारी जमीन पर बाउंड्रीवॉल उठाई जा रही है जिसे हटवाया जाए। ग्राम पंचायत चकोरा में सिंगागढ़ अमौनी घाट पर पीपा के पुल की मांग को लेकर 26 दिन तक चले अनिश्चितकालीन धरना में छह प्लांट टोन भेज कर प्रशासन ने यह आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया कि एक महीने के अंदर पीपा के पुल का निर्माण कर दिया जाएगा जबकि आज तक पीपे के पुल का निर्माण नहीं कराया गया यदि समय रहते हुए समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 20 फरवरी को एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में फूल चंद्र, सचिन, शिव सिंह समेत कई पदाधिकारी थे।

दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: रामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव के बहुचर्चित नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना में शुक्रवार को अदालत ने अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र में राजेश पुत्र कुन्नू लाल निवासी 145 सुभाष नगर मोहल्ला उतरौला जनपद बलरामपुर के विरुद्ध पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें अदालत में राजेश को दोषी पाया और उसे 10 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस बहुचर्चित मामले में दुष्कर्म का दोषी पाया गया व्यक्ति घर के सामने खेल रही बालिका को ही उठा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस घटना को लेकर क्षेत्र में काफी आक्रोश का माहौल था।

रामनगर से नहीं गुजरेगा हाईवे, बनेगा बाईपास

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : बाराबंकी-बहराइच हाईवे एनएच 27 व सरयू नदी पर नए पुल का निर्माण 28 सौ करोड़ की लागत से एनएचएआई द्वारा कराया जाएगा। लोधेश्वर महादेवा आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ व जनहित के मद्देनजर को देखते हुए यह हाईवे बुढ़वल चौराहा रामनगर से नहीं गुजरेगा। इसके लिए बाईपास का निर्माण कराया जाएगा। यह हाईवे ग्राम साधारणपुर के पास से मोड़कर बिछलखा, भरसवा मोड़ से ले जाकर नचना के पास जोड़ दिया जायेगा। इस हाईवे की जद में आने वाले किसानों की भूमि का चिह्नांकन व अधिग्रहण का कार्य मार्च से शुरू किया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार करने में संबंधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी जुट गए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-27 को फोर लाइन बनाने का निर्णय लिया है।

किसान के 3 लाख लेकर चंपत हुए ठग

जहांगीराबाद, बाराबंकी

जालसाजी

▸▸ सस्ते दाम पर खेत की मेड़बंदी कराने का दिया झांसा

▸▸ बैंक से निकलवायी रकम, लौटते समय बाइक से उतारकर हुआ फरार

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम नूरीपुर निवासी एक युवक से जालसाजों ने खेत में तार बंधवाने के नाम पर बैंक से तीन लाख रुपये निकलवाय और धनराशि लेकर चंपत हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम नूरीपुर निवासी मनीराम रावत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार को खेत में श्रमिकों से मेड़बन्दी करा रहा था। तभी उसके घर दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से आये और उसके पुत्र धर्मेन्द्र से मेरे बारे में पूछा। पुत्र ने कहा कि उसके पिता खेत में हैं। इसके बाद दोनों युवक बाइक से उसके पास खेत में पहुंचे और कहा कि आप के खेत में बीस रुपये फिट के हिसाब से तार लगेगा। इसमें से सात लाख सत्रह हजार उन्नीस रुपये की लागत आएगी। बातचीत के दौरान वह अपने खेत में तीन लाख रुपये की लागत में मेड़बंदी कराने के लिए तैयार हो गए।

एक युवक खेत में बैठा रहा और दूसरा युवक उसे बाइक पर बैठा कर भयारा स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक ले गया। मनीराम ने अपने बचत खाते से तीन लाख रुपये निकाले।

युवक उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर ग्राम हेतमपुर के पास पहुंचा और तीन लाख रुपये ले लिए और ग्राम सदरुद्दीनपुर के पास उतार कर मनीराम से कहा कि वह अभी आ रहा है। यहीं इंतजार करो। मनीराम ने काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन अज्ञात युवक वापस नहीं लौटा। जो युवक खेत में रुका था वह भी वहां से रफूचक्कर हो गया। उक्त दोनों लोगों ने मेरे साथ ठगी की है। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया किसान के ठगे जाने के मामले की तहरीर मिली है। इस मामले की जांच की जा रही है।

व्यवस्था निर्वाचन आयोग द्वारा लंबे समय से है चैलेंज वोट का प्रावधान, कई बार जांच शुरू होने के पहले ही यदि वोटर फर्जी हुआ तो भाग जाता है

आज भी दो रुपये में होता है असली-नकली वोटर का फैसला

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी:

अमृत विचार : लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान के दौरान वोटर असली है या फर्जी, चुनाव आयोग इसका फैसला आज भी दो रुपए में करता है। सुनने में यह बात भले ही अटपटी लगे, लेकिन यह सच है। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट, र स्वयं वोट डालने आए व्यक्ति की सुनवाई के बाद करते हैं। चैलेंज वोट की बरसों पुरानी यह परंपरा आज भी कायम है। इस बार भी यह व्यवस्था लागू रहेगी।

अगर पोलिंग बूथ पर यह बात आती है कि कोई वोटर फर्जी है, तो यह साबित करना होता है। आमतौर पर पोलिंग एजेंट यह आरोप लगाते हैं कि फलां वोटर फर्जी है। तब वोटर और पोलिंग एजेंट दोनों ही अपनी बातों पर अड़ जाते हैं तो पीठासीन अधिकारी के लिए मुसीबत खड़ी हो सकती है। ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। आमतौर पर राजनीतिक दल पोलिंग एजेंट स्थानीय लोगों को तय करती है, ताकि वे मतदाताओं को पहचान सकें। ऐसी विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। तब पीठासीन अधिकारी ट्रायल करेगा। वह वोटर से उसका नाम, पिता का नाम, पता, घर में कितने वोटर हैं आदि कई बिंदुओं के बारे में पूछताछ करेगा। संतुष्टि न होने पर वह सच और झूठ की तस्दीक करने संबंधित क्षेत्र के पटवारी या माकूल व्यक्ति को बुलाकर वोटर के बारे में गवाही लेगा। यदि यह साबित हो जाता है कि उक्त व्यक्ति वोटर ही है तो उसे वोट डालने का मौका मिल जाता है। पोलिंग एजेंट की जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर लेता है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है। यदि पोलिंग एजेंट की बात सच साबित हो जाती है तो उसे दो रुपए फीस वापस कर दी जाती है। पीठासीन अधिकारी पुलिस को बुलाकर फर्जी वोटर को सौंप देता है। मास्टर्स ट्रेनर अधिकारी पुल्लक भट्टाचार्य ने बताया कि कई बार जांच शुरू होने के पहले ही यदि वोटर फर्जी हुआ तो भाग जाता है। दो रुपए फीस शुरू से ही है। चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले प्रशिक्षक आशीष पाठक बताते हैं कि चैलेंज वोट के बाद फर्जी मिलने पर संबंधित को पुलिस के हवाले किया जाता है वहीं सही मिलने वाले मतदाता से वोट डलवाया जाता है।

काफी समय से चला आ रहा चैलेंज वोट का प्रावधान

चैलेंज वोट का प्रावधान निर्वाचन आयोग द्वारा पुराने समय से चला आ रहा है। इस संबंध में प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारियों को जानकारी दी जाती है ताकि मतदान कराते समय ऐसी स्थिति आने पर उसका निस्तारण करा सकें।

-सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

अगर किसी के नाम से दूसरे ने मत दे दिया तो टेंडर वोट का हक

यदि किसी दूसरे ने वोट डाल दिया तब वंचित वोटर मतदान अधिकार की मांग करता है। तब उसे टेंडर वोट का हक मिलता है। उसे कागज का मतपत्र दिया जाता है। अपनी मनपसंद के उम्मीदवार को वोट देने के बाद पीठासीन अधिकारी इस मतपत्र को लिफाफे में सील कर देता है। साथ ही रजिस्टर 17-ए में इसका रिकार्ड दर्ज कर लेता है। मतगणना के समय इस वोट की गिनती नहीं होती। पर यदि नतीजों को लेकर मामला कोर्ट में जाता, तब जज इस टेंडर वोट के आधार पर भी निर्णय दे सकते हैं।

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम्॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

संपादकीय

सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये ज़रूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक मैं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसके लिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत ही पढ़ते हैं तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिक लेखन के भाषाई स्वरुप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नल्सनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रैट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान की नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेस्मेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीऍफ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भों और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

प्रसंगवश

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'

संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

सोशल फोरम

हमारे जमाने की प्रेमिकाएं



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-हृदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं ! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया !

-फेसबुक वॉल से

विवाह संस्था को बचाना होगा

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है। यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

एक नजर

स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अयोध्या, अमृत विचार : गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म उपलब्ध हो गए हैं। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के वेबसाइट पर नौ से 12 वर्ष आयु के खिलाड़ी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालय पर 16 फरवरी से चार मार्च तक प्रारंभिक चयन परीक्षा होगी। इसमें चयनित खिलाड़ियों का अगले चक्र में परीक्षा होगी।

स्वदेशी 4 जी सेवा की कवायद में जुटा बीएसएनएल

अयोध्या, अमृत विचार : उपभोक्ताओं को हाई स्पीड इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए बीएसएनएल ने जिले में 4 जी तकनीक के टॉवर लगाने का काम शुरू किया है। बीएसएनएल के महाप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बीटीएस पर 4 जी उपकरणों की स्थापना का काम शुरू हो गया है। इसके लिए टीसीएस की ओर से उपकरण और कर्मी उपलब्ध कराये गए हैं। पहले चरण में सभी 220 बीटीएस को 4 जी तकनीक में अपग्रेड किया जाएगा। इसके बाद इनको 5 जी सेवा में बदलने की शुरुआत होगी।

कानपुर आईटीआई में मार्च में आएंगे चार रोबोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर। आईटीआई पांडु नगर में मार्च में 4 रोबोट काम शुरू कर देंगे। इनसे छात्र रोबोट के कार्य करने का तरीका और उसे बनाना सीखेंगे। 15 मार्च से पहले आने वाले रोबोट को सुरक्षित रखने के लिए संस्थान में तैयारी पूरी हो गई है। मार्च से ही संस्थान में शॉर्ट टर्म कोर्स भी संचालित होना शुरू हो जाएंगे। टाटा समूह की ओर से संस्थान में बन रहे ट्रेनिंग सेंटर में यह सुविधा शुरू की जाएगी। इससे पहले संस्थान में ऑटो कोर्स से जुड़े उपकरण आ चुके हैं। संस्थान में कोर्स के शुरू होने से पहले प्रधानाचार्य और शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया है। दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में रोबोट चलाने और उसकी पढ़ाई कराने के लिए विशेषतौर पर प्रशिक्षित किया गया है।

आगजनी कांड: तीन गवाहों के बयान पर सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर। सपा विधायक इरफान सोलंकी आगजनी कांड में बचाव पक्ष ने तत्कालीन इंस्पेक्टर, विवेचक समेत तीन पुलिसकर्मियों के बयानों पर विरोधाभास जाहिर किया। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि कांड का एक अन्य गवाह पुलिस का सिखाया हुआ है। सपा विधायक के अधिवक्ता ने उसके बयान को संदेहास्पद बताया। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 12 फरवरी निर्धारित की है।

प्रधानमंत्री 11 फरवरी को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 फरवरी को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे। दोपहर लगभग 12 :40 बजे वे मध्य प्रदेश के झाबुआ में लगभग 7500 करोड़ रुपये की अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। अंत्योदय की परिकल्पना प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहलों के लिए मार्गदर्शक रही है। यह सुनिश्चित करने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है कि विकास के लाभ आदिवासी समुदाय तक पहुंचें, जिनमें से अधिकांश वर्ग स्वतंत्रता के कई दशकों बाद भी इन लाभों को प्राप्त करने से वंचित रहे थे। इसके अनुरूप, प्रधानमंत्री कई पहलों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, जिससे क्षेत्र के जनजातीय समुदाय को लाभ होगा। प्रधानमंत्री लगभग दो लाख महिला लाभार्थियों को आहार अनुदान योजना के अंतर्गत आहार अनुदान की मासिक किस्त का वितरण करेंगे। इस योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश की विभिन्न विशेष पिछड़ी जनजातियों की महिलाओं को पौष्टिक आहार के लिए 1500 रुपये प्रति माह प्रदान किए जाते हैं। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को 1.75 लाख अधिकार अभिलेख वितरित करेंगे।

अब श्रेष्ठ नहीं सर्वश्रेष्ठ अयोध्या : आरजे मोहित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या श्रेष्ठ नहीं अब सबसे सर्वश्रेष्ठ नगरी बन गई है। अयोध्या धाम में आते ही शुद्ध हवा में भक्ति का रस बह रहा है। ये बातें शुक्रवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम पहुंचे टीवी सीरियल के कलाकार आरजे मोहित ने कही। रामलला के दर्शन से अभिभूत टीवी कलाकार ने यहां एक धारावाहिक निर्माण की बात कही। उन्होंने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन-पूजन किया।

कई टीवी सीरियल में मुख्य भूमिका के रूप में काम कर रहे कलाकार आरजे मोहित ने बताया कि दो मित्रों के साथ अयोध्या धाम में टीवी सीरियल के लिए जगह तलाश कर रहे है। अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म प्रोजेक्ट 2021 में शॉर्ट फ़िल्म द लास्ट काल के लिए प्लेटिनम अवार्ड भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि मार्च में एक टीवी सीरियल की शूटिंग अयोध्या में होने जा रही है। धारावाहिक अयोध्या पर ही केन्द्रित होगा। उन्होंने बताया कि वह जयपुर के रेडियो स्टेशन पर जॉकी का भी काम करते है।

हनुमानगढ़ी पर टीवी कलाकार आरजे मोहित।

जिसकी जली हुई लाश मिली वह हरियाणा में घूमता मिला

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। टेलीविजन का फेमस सिरीयल क्राइम पेट्रोल आज घर-घर पसंद किया जा रहा है। एक एपिसोड की कहानी देख सुलतानपुर में युवक ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दे डाला। जिस युवक का जला हुआ शव मिला, घर वाले मृत्यु भोज कर शांति पाठ करा डाले वह हरियाणा में घूमता हुआ पाया गया।

एक दूसरी गुमशुदगी व प्रेमिका के नंबर पर आए फोन से पुलिस ने तार जोड़ा तो इस सनसनीखेज मामले का खुलासा हो गया है। पत्नी और दो बच्चों से पीछा छुड़ाकर प्रेमिका को पाने और नौ लाख के कर्ज से बचने को युवक ने खुद की फर्जी कत्ल की कहानी रच डाली थी। कोतवाली देहात थाने के दुबेपुर गांव में बीते 16 जनवरी की सुबह फार्म हाउस पर बूझे हुए अलाव के समीप जला हुआ शव पाया गया था। जिसकी शिनाख्त गांव के ही विक्रांत वर्मा पुत्र रमेश कुमार के रूप में हुई थी।

शराब पिलाकर की थी संविदा चालक की हत्या

एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि विक्रांत बैंक के कर्ज से बचने और पत्नी व दो बच्चों से छुटकारा पाने के लिए इस वारदात को अंजाम देने की बात कबूल किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त विक्रांत वर्मा अपने सहयोगी शक्तिमान व अनुज साहू निवासी तुमरहिया थाना सोरो जनपद कासगंज उप्र (वर्तमान पता, हरियाणा पानीपत) के साथ मिलकर दूबेपुर सीएचसी पर तैनात संविदा चालक द्वारिकानाथ शुक्ल को अमहट शराब के ठेके पर ले जाकर शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या कर दी थी। शव की शिनाख्त न हो इसके लिए पेट्रोल डालकर उसे जला दिया था। शव को अपना दिखाने के लिए अपने फार्म हाउस पर अलाव के पास रख दिया था। साथ ही बगल ही बाइक पर विक्रांत ने पैंट में अपनी मोबाइल भी छोड़ दी थी। इसके बाद सहयोगियों के साथ वह हरियाणा चला गया था।

सुलतानपुर में मेनका ने बनाया कमल का फूल

दीवार पर कमल का फूल बनातीं सांसद मेनका गांधी।

बल्दीराय, सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को बल्दीराय मंडल के अरवल गांव के बूथ नंबर 39 में गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया। विकासखंड के हेमनापुर गांव में ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह की मौजूदगी में चौपाल लगाकर 148 फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

भक्ति का रंग

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

राम लला का दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रीलंका के सांसद

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए श्रीलंका के सांसद लक्ष्मण नमल राजपक्षे शुक्रवार को पत्नी समेत महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर इंडिगो की फ्लाइट पहुंचे। यहां लक्ष्मण नमन राजपक्षे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 500 वर्ष बाद भगवान राम लला के भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। पहले भगवान राम टेंट में विराजमान थे। अब दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। मुझे लगता है विश्व का सबसे बेहतरीन मंदिर में से एक राम मंदिर है। भगवान राम से मिलने खुद लक्ष्मण आए हैं। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति व पूर्व प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे के पुत्र हैं लक्ष्मण नमल राजपक्षे। दर्शन पूजन के बाद वो वापस चले गए।

मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई डुबकी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को रामनगरी में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग तीन श्रद्धालुओं ने रामजन्मभूमि में रामलला का दर्शन-पूजन किया। मौनी अमावस्या पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौनी अमावस्या का पर्व वैसे तो प्रयागराज के में गंगा घाट का उत्सव माना जाता है लेकिन शास्त्रों में कहा गया है की गंगा बड़ी गोदावरी तीर्थराज प्रयाग, सबसे बड़ी अयोध्या नगरी जहां राम लिहिन अवतार। यही कारण की लाखों की संख्या में गंगा नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर सरयू स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन करते हैं। सरयू घाट पुरोहित ओम प्रकाश पांडे ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन पवित्र सरयू नदी में स्नान करने पर विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु स्नान करने यहां पहुंचे हैं। अमावस्या के दिन तिल, अन्न, वस्त्र का दान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होंने बताया कि सरयू स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामजन्मभूमि, कनक भवन, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों में पहुंचे अपने आराध्य का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बताया कि आज तीन लाख से अधिक भक्तों ने सरयू स्नान किया।

तीन लाख भक्तों ने राम मंदिर में किए दर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मौनी अमावस्या पर्व पर तीन लाख से अधिक भक्तों के रामलला और सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। भक्तों का हुजूम सुबह से ही मंदिर के दरवाजे पर लग गया। जिसको व्यवस्थित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। चारों ओर बैरियर लगा कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए।

भक्ति पथ पर दर्शन-पूजन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला। अमृत विचार

श्रृंगी ऋषि पर उमड़े श्रद्धालु किया दर्शन-पूजन

गोसाईगंज अयोध्या। अमृत विचार : मौनी अमावस्या पर्व पर अयोध्या का प्रथम प्रवेश द्वार कहे जाने वाले पौराणिक स्थल श्रृंगीऋषि आश्रम पर भी श्रद्धालु उमड़े। उन्होंने पुण्य सलिला सरयू नदी में डुबकी लगाई। स्नान ध्यान के बाद आश्रम के मंदिरों पर दर्शन पूजन किया। नदी के तट पर हवन पूजन के साथ सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनी। रामजानकी मंदिर के महंत बाबा जगदीश दास ने बताया कि अयोध्या के चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ ने श्रृंगीऋषि के आचार्यत्व में पुत्रेश्ठी यज्ञ करवाया था। श्रृंगीऋषि आश्रम के पुजारी ऋषिप्रसाद गोस्वामी ने दर्शन पूजन कराया। एसएचओ परशुराम ओझा, एसआई कमलेश कुमार कुमार, महिला एसआई वीना पांडेय मौके पर रहे।

जूनियर बालक हॉकी ट्रायल 14 को

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में गोरखपुर में 17 फरवरी से आयोजित प्रदेशीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए यहां चयन ट्रायल 14 फरवरी को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होने वाला जिला स्तरीय ट्रायल 14 को सुबह 10 बजे तथा दोपहर दो बजे मंडलीय ट्रायल होगा। पात्रता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के साथ खिलाड़ी ट्रायल में प्रतिभाग कर सकते हैं।

रामलला को समर्पित की चांदी की पालकी व सोने का प्रभावली

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राममंदिर में 48 दिवसीय मंडप उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर प्रतिदिन रामलला की रजत प्रतिमा का विधि विधान से अनुष्ठान पूजन कर परिसर भ्रमण कराया जा रहा है। उत्सव को लेकर दक्षिण भारत से राम भक्तों ने एक चांदी की पालकी और सोने का प्रभावली (मूर्ति के पीछे लगने वाला पार्श्व) समर्पित किया है।

राम मंदिर में मंडप पूजन का आयोजन हो रहा है। जिसमें मंदिर के गर्भगृह में चांदी की कलश स्थापना के बाद रामलला की रजत प्रतिमा के साथ भव्य उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें पहले प्रभु की आरती उतारी गई और फिर वेद मंत्रों से वैदिक आचार्यों ने महायज्ञ का अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद रामलला की रजत प्रतिमा को विशेष वाद यंत्रों के सुंदर वादन के बीच राम मंदिर के चारों दिशाओं में परिक्रमा कर परिसर भ्रमण कराया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि हर दिन सुबह यज्ञशाला में कई यज्ञ होते हैं। मंदिर के सामने यज्ञशाला में कलसाभिमंत्रण और कलशाभिषेक होता है। उसके बाद अंदर भगवान जो न्यास करना पड़ता है। इस तरह से प्रतिदिन यह पूजन प्रारंभ होता है और फिर शाम को पालकी उत्सव और कलाकारों के द्वारा अनेक विद्या में प्रभु को मोहित करने के लिए कला प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभु के लिए एक चांदी की एक बड़ी पालकी समर्पित की गई है। दक्षिण से आए रामभक्तों की ओर से शुक्रवार रामलला के उत्सव के लिए एक सोने का प्रभावली समर्पित की गई है। उन्होंने कहा कि कहा कि हर दिन करीब तीन लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर रहे हैं।

रामलला की रजत प्रतिमा को प्रतिदिन कराया जा रहा परिसर भ्रमण

पूजन-अर्चन करते वैदिक आचार्य।

सार-संक्षेप

रायबरेली में पेड़ से लटकता मिला प्रेमी युगल का शव

अमावां, रायबरेली। मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की सुबह प्रेमी युगल का शव पेड़ से लटकता मिला। परिजन आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। मृतक विवाहित था। उसके बच्चे भी हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के बैलीगंज मजरे ताजपुर गांव की है। सुबह करीब 9 :15 बजे गांव के कुछ लोगों ने पेड़ पर शव लटकता देख। नजदीक जाने पर पता चला कि वह गांव का ही राजकुमार (26) पुत्र राम प्रसाद और नैंसी पुत्री संजय हैं। दोनों के बीच कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक राजकुमार की पत्नी के अलावा तीन बच्चे होने के कारण परिजनों के अलावा ग्रामीणों का प्रेम प्रसंग को लेकर विरोध चल रहा था। बताते हैं कि इसी विरोध के चलते बीती 25 जनवरी को नैंसी को परिजनों ने कानपुर भेज दिया था। गुरुवार सुबह गांव पहुंची नैंसी (22) और राजकुमार ने गांव से बाहर बाग में पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

नेपालगंज मीटर गेज लाइन पर अंतिम बार रवाना हुई ट्रेन

मीटर गेज रेल लाइन पर सजा ट्रेन का इंजन। अमृत विचार

बहराइच : बहराइच-नेपालगंज मीटर गेज रेल लाइन पर शुक्रवार को अंतिम बार ट्रेन रवाना हुई। इस दौरान ट्रेन और इंजन को फूल मालाओं से रेलवे कर्मचारियों ने सजाया। अंतिम दिन यात्रा करते हुए प्रखंड के यात्री काफी भावुक दिखे। पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच नेपालगंज मीटर गेज रेल लाइन को 10 फरवरी से आमान परिवर्तन के लिए बंद कर दिया जायेगा। इसको देखते हुए बहराइच से नेपालगंज के मध्य शुक्रवार को अंतिम बार ट्रेन रवाना हुई। बहराइच रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन को फूल और माला से सजाया गया। स्टेशन अधीक्षक एके विद्यार्थी की मौजूदगी में रेल कर्मियों ने चालक को विदाई दी। इसके बाद दोपहर में ट्रेन नेपालगंज के लिए रवाना हुई।

चेयरमैन प्रतिनिधि बनकर शिक्षक ने की प्रेसवार्ता, निलंबित

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़। नगर पंचायत हीरागंज बाजार के कार्यालय में परिषदीय विद्यालय के शिक्षक ने प्रेसवार्ता की इसका वीडियो शुक्रवार को वायरल होने पर बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर दिया। नगर पंचायत हीरागंज बाजार में अध्यक्ष पद अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित था। इस पर पहली चेयरमैन सुरेखा देवी निर्वाचित हुई हैं। स्वयं को उनका प्रतिनिधि बताने वाले बाबागंज के विकास खण्ड के रायगढ़ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक उदय शंकर पांडेय ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठ कर प्रेसवार्ता की। पत्रकारों से मुखातिब होकर उन्होंने कहा कि वह नगर पंचायत का विकास ऐसा करेंगे कि पूरे प्रदेश में हीरागंज नगर पंचायत पहले नम्बर की नगर पंचायत बनेगी।

आत्मदाह करने वाले युवक की पत्नी ने राष्ट्रपति को पत्र भेज मांगी इच्छामृत्यु

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पुलिस प्रताड़ना से ऊबकर एसपी आफिस में दलित युवक ने किया था आत्मदाह

अमृत विचार। जमीनी विवाद के बाद पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव में हुई दलित युवक से मारपीट में कई आरोपियों के नाम निकालने और उनकी गिरफ्तारी की जगह पीड़ित परिवार पर रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाते हुए युवक ने एसपी आफिस में आत्मदाह कर लिया था। दम तोड़ने से पहले युवक ने तत्कालीन सीओ पर गंभीर आरोप लगाए थे। एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर दिवंगत दलित की पत्नी ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छामृत्यु की मांग की है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव निवासी श्रीचंद्र रावत ने बीती 27 दिसंबर को एसपी आफिस में तत्कालीन सीओ दीपक सिंह पर पड़ोस के अन्य समुदाय के लोगों पर जानलेवा हमले की धारा में दर्ज रिपोर्ट में आरोपियों से सांठगांठ कर तीन लाख रुपए लेकर मामले से नाम निकालने का आरोप लगा खुद पर केरोसिन डालकर आत्मदाह कर लिया था। युवक की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ तो पीड़ित परिवार को कार्रवाई व अन्य मदद का भरोसा दिला अफसरों ने शांत कराया था। लेकिन घटना के एक माह से अधिक बीतने के बाद भी परिवार को न्याय नहीं मिल पाया। इससे आहत संध्या देवी ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी तत्कालीन सीओ को बर्खास्त न करने व रिपोर्ट दर्ज न करने से पुलिस व प्रशासन द्वारा सीओ को बचाने का आरोप लगा इच्छामृत्यु की मांग की है।

कानपुर में युवक की पीटकर हत्या

संवाददाता, कानपुर। सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चक्कर में प्रेमी की तो जान बच गई लेकिन उसके दोस्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिजनों की तहरीर पर एक आरोपी पर हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दीनदयालपुरम तौधकपुर निवासी टेंट हाउस में काम करने वाले रामहरक जायसवाल का 24 वर्षीय पुत्र पंकज अपने एक मित्र के साथ बुधवार रात तुलसियापुर से होते हुए घर गल्लामंडी आ रहा था। भाई सूरज ने पुलिस को बताया कि रास्ते में मित्र के प्रेम प्रसंग को लेकर हमलावरों ने लाठी-डंडों से दोनों पर हमला कर दिया। परिजनों ने बताया कि पंकज छोटा था।

सीएचसी के पास झाड़ियों में नवजात शिशु के शव को नोचते रहे कुत्ते

तिलोई, अमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित झाड़ियों में एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि शिशु के शव को कुत्ते नोचते रहे और किसी की मानवीय संवेदना तक नहीं जागी। स्वास्थ्य महकमा मूकदर्शक बना रहा और उसको इसकी खबर तक नही लगी।

थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित पूरे घीसल को जाने वाले मार्ग के पास सड़क किनारे झाड़ियों में शुक्रवार को करीब तीन बजे एक नवजात शिशु का शव जो एक कपड़े में था उसे कुत्ते नोच रहे थे। आस पास में जानकारी होने पर धीरे धीरे देखने वालों की भीड़ लगने लगी। लेकिन मानवीय संवेदना इतनी मरी थी कि लोग देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। लेकिन सीएचसी सिंहपुर के अधीक्षक डॉ. सुनील यादव अनभिज्ञ बने रहे और मामले में पर्दा डालने में जुटे रहे।

थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल मय दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गये है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर के अधीक्षक डा. सुनील यादव से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण जानकारी में नही है।

25 हजार की जगह लगभग 1.5 हजार ने ही की यात्रा, दिल्ली, हरियाणा, यूपी समेत पहाड़ों को जाने वाले यात्रियों को हुई परेशानी

यात्रियों से गुलजार रहने वाले बस स्टेशन पर दिनभर सन्नाटा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कर्फ्यू का असर परिवहन निगम पर भी देखने को मिला। हल्द्वानी स्टेशन से रोजाना लगभग 25 हजार यात्री आवागमन करते हैं लेकिन शुक्रवार को केवल 1-1.5 हजार यात्रियों ने सफर किया। इससे हमेशा गुलजार रहने वाले रोडवेज स्टेशन में शुक्रवार को सन्नाटा पसरा रहा। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर लगी एक दुकान को छोड़कर बाकी सभी दुकानें बंद थीं। चारों तरफ पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की चौकसी थी।

पहाड़ों से दिल्ली, यूपी, हरियाणा व अन्य स्थानों को जाने वाले यात्री बसों की तलाश में घंटों तक परेशान रहे हालांकि कर्फ्यू की जानकारी होने से पहाड़ से आने वाले अधिकांश लोगों ने यात्रा करना ठीक नहीं समझा।

हल्द्वानी रोडवेज परिसर में छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार

ओखलकांडा जाने वाले एक दंपत्ति ने बताया कि वह पिछले दो घंटे से बस की तलाश में स्टेशन में भटक रहे हैं लेकिन बस न मिलने से वह परेशान हैं। इसी तरह अल्मोड़ा से आए कुछ युवाओं ने बताया कि वह हरियाणा में नौकरी करते हैं और कल रात ही वह हल्द्वानी पहुंच गए थे लेकिन बवाल होने पर रात में बसों का संचालन बंद कर दिया गया जिससे वह आगे नहीं जा सके।

बताया कि अब दूसरी सुबह भी बस न मिलने से वे बहुत देर से परेशान हैं। यात्री किशोर जोशी भी अपने 2.5-3 साल के बच्चे के साथ स्टेशन में भटक रहे थे। जानकारी के अभाव में या जरूरी काम के लिये यात्रा कर रहे लोग बसों के अभाव में बहुत देर तक परेशान रहे हालांकि दोपहर बाद कुछ बसों को रवाना किया गया जिससे कुछ राहत मिली। रोडवेज संचालन इंचार्ज एमएस मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार देर शाम तक 44 बसों का संचालन किया गया।

लालकुआं से हुआ ट्रेनों का संचालन

हल्द्वानी : कर्फ्यू का असर ट्रेनों के संचालन पर भी रहा। कर्फ्यू होने से काठगोदाम से चलने वाली ट्रेनें लालकुआं से चलाई गईं हालांकि दिल्ली जाने वाली रानीखेत एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति को काठगोदाम से चलाया गया। काठगोदाम स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि कर्फ्यू के कारण ट्रेनों का संचालन लालकुआं से किया जा रहा है।

तिकोनिया पर बसों को रोका

हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सुबह कुछ बसें हल्द्वानी स्टेशन से रवाना की गईं लेकिन 8 बजे बाद काठगोदाम से आ रही बसों को पुलिस ने तिकोनिया पर ही रोक दिया गया हालांकि यात्रियों के तिकोनिया में इकट्ठा होने पर दिल्ली और देहरादून जाने वाली कुछ बसों को मुखानी के रास्ते दिल्ली के लिए भेजा गया जबकि यूपी की बसों को ट्रांसपोर्ट नगर पर ही रोककर वापस भेजा जा रहा था।

टैक्सी व केमू बसों में यात्रियों ने किया सफर

रोडवेज बसें न मिलने पर मैदानी मार्गों को जाने वाले यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा। दिल्ली, यूपी, हरियाणा सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों को जाने वाले लोगों ने रोडवेज न मिलने पर कई गुना अधिक किराया देकर टैक्सियों में सफर किया। इसी तरह पहाड़ों को जाने वाले यात्रियों ने केमू का सहारा लिया। अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर सहित अन्य पहाड़ी क्षेत्रों के लिये लोगों ने केमू में सफर किया।

यात्रियों से बातचीत

हरियाणा में नौकरी करता हूं। वहां जाने के लिये गुरुवार रात को ही हल्द्वानी पहुंच गया था। रात में बसों का संचालन बंद कर दिया जिससे रातभर यहीं रूकना पड़ा। दो घंटे से बस ढूंढ रहा हूं लेकिन नहीं मिल रही है।
-आनंद, यात्री

लालकुआं जाने के लिये भी कोई वाहन नहीं मिल रहा है। बस मिलने की उम्मीद में स्टेशन आई लेकिन यहां भी बस नहीं है। 1.5 घंटे से बस के लिये परेशान हूं। मंगल पड़ाव से विक्रम का संचालन भी बंद है।
-रजनी, यात्री

बनभूलपुरा में दूध के लिए तरस गए बच्चे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दंगाई तो अपना काम कर गए लेकिन उनके किए का हजारों मासूम बच्चों को भुगतना पड़ा। बनभूलपुरा में बीते दिन उपद्रव के बाद शुक्रवार को दूध की सप्लाई ठप रहने से क्षेत्र के बच्चे दूध के लिए तरस गए। दूध के लिए रोते दुधमुंहे बच्चों को उनकी माताओं ने बमुश्किल शांत कराया।

आंचल के प्रभारी मार्केटिंग इंचार्ज संजय भाकुनी ने बताया कि बनभूलपुरा में सामान्य दिनों में करीब 2000 लीटर प्रतिदिन दूध की सप्लाई होती है लेकिन शुक्रवार को कर्फ्यू के कारण प्रशासन ने गाड़ियों को वहां जाने नहीं दिया, जिससे सप्लाई ठप रही। एक निजी कंपनी के मार्केटिंग प्रभारी ने बताया कि बनभूलपुरा में उनका प्रतिदिन 700 लीटर दूध बिकता है लेकिन शुक्रवार को बिल्कुल दूध नहीं बिका। भाकुनी ने बताया कि आंचल दूध की 52 हजार लीटर प्रतिदिन की मांग है, शुक्रवार को भी दूध की ब्रिकी पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

काशीपुर, बाजपुर से भी नहीं आया दूध

बनभूलपुरा के कई लोग दूध के कारोबार से जुड़े हैं, जो काशीपुर, बाजपुर आदि से दूध खरीदकर मोटर साइकिलों से बनभूलपुरा, इंद्रानगर आदि क्षेत्रों में बेचते हैं लेकिन शुक्रवार को एक भी दुधिए ने दूध नहीं खरीदा, जिससे करीब 10 हजार लीटर दूध की भी आपूर्ति नहीं हो पाई।

एक नजर

कश्मीर मे हथियारों का जखीरा बरामद, दो पकड़े

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के सोपोर उप जिले में दो ठिकानों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 2023 में दर्ज एक मामले की जांच के तहत कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए सोपोर थाने में बुलाया गया था। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम ने संदिग्ध के घर में तलाशी ली। इस दौरान सोपोर में तारजू के अब्दुल रशीद नजर के घर के अंदर एक गुप्त कंक्रीट ठिकाने का पता चला जहां से आईईडी, पिस्तौल, पिस्तौल पत्रिका, जीवित गोला-बारूद बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि रशीद ने खुलासा किया कि सोपोर का अब्दुल जमील लाराह भी इसी तरह की विध्वंसक गतिविधियों में शामिल था। इसके बाद जमील के आवास पर भी तलाशी ली गई।

किसान को थप्पड़ मरने वाले तहसीलदार को हटाया

बड़वानी। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के पानसेमल के तहसीलदार का एक आदिवासी किसान को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने तहसीलदार को हटाते हुए कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ कर दिया है। सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें पानसेमल के प्रभारी तहसीलदार हितेंद्र भावसार उनका वीडियो पर बनाए जाने पर नाराज दिखाई दिए। उन्होंने किसान रविंद्र को अपने पास बुलाया और थप्पड़ मार दिया। घटना एक हफ्ते पुरानी बताई जा रही है। जिला कलेक्टर डॉक्टर राहुल फटिंग ने गुरुवार को ही हितेंद्र भावसार को हटाकर कलेक्ट्रेट में पदस्थ कर दिया है।

बिलकीस बानो मामले के दोषी को 5 दिन की पैरोल

दाहोद (गुजरात)। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर बिलकीस बानो मामले में दोषियों के जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने के कुछ दिनों बाद उनमें से एक को उसके ससुर के निधन के कारण गुजरात उच्च न्यायालय ने पांच दिन की पैरोल दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दाहोद जिले के निवासी दोषी प्रदीप मोढिया को पैरोल पर गोधरा जिला जेल से रिहा कर दिया गया है।

संप्रग भ्रष्टाचारजीवी सरकार थी, सोनिया थीं सुपर प्राइम मिनिस्टर : सीतारमण

वित्तमंत्री ने लोस में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर किया प्रहार

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (संप्रग) सरकार एक 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी सरकार' थी, जिसने देश में 'जयंती टैक्स' को जन्म दिया।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र' को लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह दावा भी किया कि सोनिया गांधी संप्रग सरकार में सुपर प्राइम मिनिस्टर थीं और उनकी अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय

सलाहकार परिषद (एनएसी) 'किचन कैबिनेट' से भी बदतर थी, जो असंवैधानिक संस्था के रूप में कानून बनवा रही थी। वित्त मंत्री ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया और कहा कि उस वक्त नेतृत्व का अभाव था। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र एक गंभीर दस्तावेज है, जिसमें दस्तावेजी प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि संप्रग सरकार के 10 साल के कुप्रबंधन को दुरुस्त करना और अर्थव्यवस्था को ऐसे आगे ले जाना कि यह मजबूती के साथ बढ़े। वित्त मंत्री का कहना था कि इस दस्तावेज में कोई भी आधारहीन आरोप नहीं लगाए गए हैं और इसमें कैग की रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उद्धृत किया गया है। उन्होंने कहा, 'इस श्वेत पत्र में की गई हर बात प्रमाण के साथ है।' सीतारमण के जवाब के बाद सरकार के श्वेतपत्र के विरोध में आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय द्वारा लाए गए स्थानापन्न प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप

सीतारमण ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उस वक्त के रक्षा मंत्री एके एंटनी ने सीमावर्ती इलाकों में सड़कों के निर्माण नहीं होने की बात कही थी। उनके अनुसार, एंटनी ने तब कहा था कि कि बड़ी परियोजनाओं के लिए पैसे नहीं हैं और एक अप्रैल (अगले वित्त वर्ष) तक का इंतजार करिए। वित्त मंत्री ने आरोप लगाया कि संप्रग सरकार के समय में रक्षा परियोजनाओं में घोटाला होता था। उन्होंने 'अगस्ता वेस्टलैंड' मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि कैग ने तोपों की खरीद में विलंब के लिए सरकार की खिंचाई की थी। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में रक्षा बजट दो गुना हो गया है। सीतारमण के अनुसार, सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश बढ़ाया गया है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा, ''गर्व की बात है कि आईएनएस विक्रांत, तेजस, अर्जुन, धनुष सबका निर्माण भारत में हो रहा है।

ईसी के खिलाफ दायर अवमानना याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने नए मतदाता पंजीकरण के लिए आधार संख्या की अनिवार्यता पर जोर देने पर चुनाव आयोग के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की गुहार वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया कि चुनाव आयोग ने तेलंगाना प्रदेश समिति के जी निरंजन की जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों को हल करने का दावा किया है। पीठ ने कहा कि पिछली याचिका का निपटारा 2023 में कर दिया गया था, जब चुनाव आयोग ने कहा था कि वह मुद्दे पर गौर कर रहा है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि यह सही है कि चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया था कि नए मतदाता पंजीकरण के लिए आधार संख्या अनिवार्य नहीं है, लेकिन उसके आश्वासन के मुताबिक आवेदन फॉर्म में जरूरी बदलाव नहीं किया गया।

सुप्रीम कोर्ट आजीवन कारावास से जुड़ी याचिका पर सुनवाई को सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर चंद्रकांत झा की याचिका पर जवाब मांगा

सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया जिसमें यह बताने का अनुरोध किया गया है कि क्या आजीवन कारावास का मतलब पूरे जीवन के लिए होगा या इसे क्या आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 432 के तहत प्राप्त शक्तियों द्वारा कम या माफ किया जा सकता है। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर चंद्रकांत झा द्वारा दायर याचिका पर जवाब मांगा।

झा हत्या के तीन मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वकील ऋषि मल्होत्रा के माध्यम से दायर अपनी याचिका में, झा ने कहा कि उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (अपराध के सबूतों को गायब करना) के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। उसने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहले एक निचली अदालत द्वारा उसे दी गई मौत की सजा को कम कर दिया था और इसे आजीवन कारावास में बदल दिया था। याचिका में कहा गया है, यहां यह उल्लेख करना उचित है कि आईपीसी की धारा 302 में दो दंडों का उल्लेख किया गया है, एक है मौत की सजा और दूसरा है आजीवन कारावास। याचिका में कहा गया है कि यदि आजीवन कारावास का मतलब अपनी अंतिम सांस तक कैद में रहना होता है तो यह दोषी व्यक्ति के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि हत्या के अपराध के लिए अंतिम सांस तक कारावास की सजा देना असंवैधानिक है क्योंकि यह किसी व्यक्ति के सुधार का मौका पूरी तरह से छीन लेता है। अदालत के समक्ष उठाया गया मुख्य मुद्दा यह है कि क्या ''आजीवन कारावास'' का मतलब पूरे जीवन तक होगा या इसे सीआरपीसी की धारा 432 के तहत छूट की शक्तियों के माध्यम से कम या माफ किया जा सकता है।

मेयर चुनाव विवाद : चंडीगढ़ प्रशासन को कोर्ट का नोटिस

चंडीगढ़। चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद में वरिष्ठ महापौर और उपमहापौर चुनावों को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी कर 26 फरवरी तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। कांग्रेस की वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर पद के लिए उम्मीदवारों गुरप्रीत सिंह और निर्मला देवी की ओर से दाखिल याचिका में 30 जनवरी को वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के चुनाव करवाने को चुनौती दी गई है। न्यायाधीश सुधीर सिंह और हर्ष बंगर की खंडपीठ के समक्ष याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अधिवक्ताओं राजीव शर्मा, करणबीर सिंह और मंजोत गुजराल के जरिए दायर इस याचिका में कहा गया है कि चंडीगढ़ नगर निगम में 30 जनवरी को गैरकानूनी ढंग से निर्वाचित महापौर ने पीठासीन प्राधिकारी के रूप में वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव करवाए, जो कि रद किए जाएं और उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में नए चुनाव कराने का भी निर्देश दिया जाए। याचिका पर अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

पुरी तट पहुंचे नौटियाल ...

पुरी : गायक जुबिन नौटियाल ने पुरी में कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाई गई भगवान जगन्नाथ की रेत कला के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

डीप फेक से निपटने को नियमों में किया जा रहा बदलाव : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने राज्यसभा में दी जानकारी

इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने या डीप फेक जैसे मुद्दों से कठोरता से निपटने के लिए नियमों में बदलाव तथा सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था की जा रही है।

वैष्णव ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि आज सोशल मीडिया, इंटरनेट जीवन का जरूरी हिस्सा बन गया है और व्यवहारिक रूप से हम कई मामलों के लिए इन पर निर्भर हैं लेकिन सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाना या डीप फेक जैसे मुद्दे खतरनाक है जिन पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए नियमों में बदलाव किया जा रहा है तथा सोशल मीडिया मंचों में जवाबदेही तय करने की व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया मंच खुद ही अपने में लगातार बदलाव कर रहे हैं और इसके लिए उनके पास प्रौद्योगिकी है। आज वैश्विक नियामक समुदाय इस बात पर सहमत हो रहा है कि सोशल मीडिया मंच को अपने यहां डाली गई सामग्री के लिए अधिक जवाबदार होना होगा।'' वैष्णव ने कहा कि डिजिटल इकॉनामी के लिए एक संस्थागत रूपरेखा बनाई जा रही है। इसके तहत दूरसंचार विधेयक, डेटा संरक्षण विधेयक को मंजूरी दी जा चुकी है तथा सभी पक्षों से यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार बातचीत की जा रही है कि इंटरनेट पूरी तरह भरोसेमंद हो।

टीएमसी नेता शेख की गिरफ्तारी पर हिंसक प्रदर्शन

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

▸▸ नेता के सहयोगी शिवप्रसाद हाजरा के घर में तोड़-फोड़, सामान को लगाई आग

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में शुक्रवार को लोग उग्र हो गए। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने हाथों में डंडे और झाड़ू लेकर संदेशखाली के अलग-अलग हिस्सों में सुबह से ही जुलूस निकाले और दोपहर के समय भीड़ ने शाहजहां के सहयोगी शिवप्रसाद हाजरा के घर में तोड़-फोड़ की और लकड़ी के कुछ सामान में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि जेलियाखाली में हाजरा से जुड़े एक मुर्गीपालन फार्म को भी आग के हवाले कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक हुसैन मेहदी रहमान ने बताया कि सुरक्षा बलों को इलाके में भेज दिया गया है और हालात पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव वालों ने शाहजहां और उसके सहयोगियों के खिलाफ गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि फरार लोगों के लिए छापेमारी की जा रही है। अतिरिक्त महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) मनोज वर्मा ने लोगों से कानून को अपने हाथ में नहीं लेने का आग्रह किया।

शाहजहां पिछले महीने उस समय से लापता है, जब कथित राशन घोटाले में उसके घर पर छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था। उन्होंने कहा, "सभी दर्ज शिकायतों के आधार पर जांच जारी है और कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, स्थानीय लोगों ने संदेशखाली थाने के बाहर धरना शुरू किया और कहा कि यह तब तक जारी रहेगा जब तक शाहजहां और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता।

वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े 1.4 लाख मोबाइल नंबर ब्लॉक

नई दिल्ली। सरकार ने डिजिटल धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिए अब तक 1.4 लाख मोबाइल नंबरों को ब्लॉक किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार ये मोबाइल नंबर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल थे। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को वित्तीय सेवा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) एकीकरण के जरिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी सूचना एवं प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) मंच पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बयान के मुताबिक सीएफसीएफआरएमएस मंच को राष्ट्रीय साइबर अपराध सूचना पोर्टल (एनसीआरपी) के साथ जोड़ा जाएगा। इससे पुलिस, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल कायम हो सकेगा। बयान में कहा गया कि दूरसंचार विभाग ने थोक एसएमएस भेजने वाली 35 लाख प्रधान इकाइयों का विश्लेषण किया।

एफएमआर को खत्म करने के फैसले का किया विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

मणिपुर के आदिवासी समूहों के सदस्यों ने भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले पर विरोध जताया है।

भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को एफएमआर के तहत बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक भीतर जाने की अनुमति है। आदिवासी समूहों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर गुरुवार को प्रतिक्रिया दी। शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए एफएमआर को खत्म करने का फैसला किया है। जो यूनाइटेड' के प्रवक्ता गिन्जा वुअलजोंग ने कहा कि मणिपुर और मिजोरम में आदिवासी समुदाय एफएमआर के फैसले से खुश नहीं हैं और वे बड़े स्तर पर निर्णय का विरोध करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। वुअलजोंग ने कहा कि हमने बुधवार को गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ तीन घंटे तक बैठक की।

अभी क्षेत्रीय पीठों की आवश्यकता नहीं : सरकार

एजेंसी, नयी दिल्ली

▸▸ कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संसद में दिया जवाब

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के अनुसार अभी उसकी क्षेत्रीय पीठों की आवश्यकता नहीं है। मेघवाल ने यह बात प्रश्नकाल के दौरान सरकार द्वारा एक संसदीय समिति की उस सिफारिश को मान लिये जाने के बार में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कही जिसमें शीर्ष अदालत की क्षेत्रीय पीठ गठित किये जाने का जिक्र है।

कानून मंत्री ने कहा कि कानून एवं कार्मिक मामलों की स्थायी समिति की सिफारिशें एक अलग चीज हैं, लेकिन जब यह मामला उच्चतम न्यायालय पहुंचा तो सर्वोच्च न्यायाल ने कहा कि अभी इसकी कोई जरूरत नहीं है। संसद में बुधवार को पेश एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने उच्चतम न्यायालय की क्षेत्रीय पीठ होने के बारे में एक संसदीय समिति की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है, किंतु यह भी ध्यान दिलाया कि शीर्ष अदालत इस विचार को निरंतर खारिज करती रही है और यह मामला अदालत में विचाराधीन है। कानून एवं कार्मिक मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने पूर्व में न्यायिक प्रक्रिया एवं उसमें सुधार शीर्षक से एक रिपोर्ट दी थी। समिति ने इसकी सिफारिशों की क्रियान्वयन रिपोर्ट में कहा है कि उसकी सिफारिशों को स्वीकार कर लिया गया है।

समिति ने पूर्व में इस बात का संज्ञान लिया था कि उच्चतम न्यायालय की क्षेत्रीय पीठों की मांग न्याय तक पहुंच के लिए है, जो संविधान के तहत मौलिक अधिकार है। लंबे समय से यह मांग रही है कि सर्वोच्च न्यायालय की क्षेत्रीय पीठ हो ताकि न्याय तक लोगों की पहुंच हो सके। समिति ने कहा कि इस कदम से एक सकारात्मक बात यह होगी कि न्यायपालिका पर मुकदमों का दबाव कम होगा तथा मुकदमे पर होने वाला खर्च कम होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि समिति अपने इस मत पर अभी तक कायम है कि उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 130 का प्रयोग कर देश में पांच या छह स्थानों पर पीठ बना सकती है। सरकार ने कहा कि इस मामले को दो बार तत्कालीन अटार्नी जनरल (जी ई वाहनवती एवं मुकुल रोहतगी) के पास भेजा गया, लेकिन दोनों ने ही इस प्रस्ताव के विरूद्ध सुझाव दिया। इस मामले को उच्चतम न्यायालय द्वारा 2016 में संविधान पीठ के पास भेजा गया था। यह मामला वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है।

दुर्गंध के चलते मुंबई जाने वाली उड़ान दिल्ली लौटी

नई दिल्ली। मुंबई जाने वाले इंडिगो के एक विमान को शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी लौटना पड़ा। एयरलाइन ने कहा कि विमान में अचानक दुर्गंध आई और एहतियात के तौर पर उसे वापस लाना पड़ा। इंडिगो ने एक बयान में बताया कि विमान, उड़ान संख्या 6ई 449, उड़ान भरने के कुछ समय बाद इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर लौट आया। इसमें कहा गया कि विमान में अचानक दुर्गंध महसूस की गई और पायलट मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए एहतियात के तौर पर विमान को वापस दिल्ली लेकर आया। विशिष्ट विवरण का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई थी। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद है।

बुलडोजर चलेगा तो अपनी हिफाजत खुद करेंगे : तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गिरफ्तारी देने के लिए पहले अपने निवास से निकलने से पहले मौलाना तौकीर रजा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अगर हमारे घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो अपनी हिफाजत हम खुद करेंगे।

बोले, अफसोस इस बात का है कि सुप्रीम कोर्ट इन घटनाओं का संज्ञान नहीं ले रहा है। प्रधानमंत्री के सामने भी शिकायत की जा सकती थी लेकिन वह खुद देश के सबसे बड़े बेईमान हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को यह कहकर आगाह किया कि प्रदेश में मुसलमानों को दबाना बंद किया जाए।

मौलाना ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि देश का कानून हमें अधिकार देता है कि अगर कोई हमारे ऊपर हमलावर हो रहा है तो हम उसे जान से मार दें। बोले, अपराध मदरसे ने नहीं किया है जो बुलडोजर चला दिया गया। जिसने अपराध किया, सजा उसे सजा दी जानी चाहिए। पुलिस और बजरंग दल मिलकर देश को बदनाम करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के

तल्ख तेवर

▸▸ **सुप्रीम कोर्ट संज्ञान नहीं ले रहा, प्रधानमंत्री देश के सबसे बड़े बेईमान**

अधिकारों का भी हनन हो रहा है। हम इस बेईमानी को बर्दाश्त नहीं कर सकते। हल्द्वानी में हुए बवाल का जिक्र करते हुए मौलाना तौकीर ने कहा कि हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या हम अंधे-बहरे बने बैठे रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट भी संज्ञान नही ले रहा है तो हम अपनी हिफाजत खुद करेंगे। मौलाना ने यूनिफार्म सिविल कोड पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह यूनिफार्म कब रहा जब उसमें कुछ लोगों को छोड़ दिया गया।

लाठी चलाओ या गोली, हर हाल में जाऊंगा इस्लामिया

करोलान मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद मौलाना तौकीर ने भीड़ से बगैर नारेबाजी किए गिरफ्तारी देने को कहा। इसके बाद रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े तो पुलिस से धक्कामुक्की शुरू हो गई। अफसरों से तीखी नोकझोंक के दौरान मौलाना ने कहा, चाहे उन पर लाठी चले या गोली मार दी जाए, वह हर हाल में इस्लामिया ग्राउंड जाएंगे। हालांकि अफसरों ने उन्हें समझाया और आगे नहीं बढ़ने दिया। मौलाना को इस पर वापस लौटना पड़ा। नमाज के बाद मौलाना तौकीर गलियों से होते हुए वह बिहारीपुर पुलिस चौकी की बगल वाली गली में पहुंचे तो पार्टी नेता नदीम खान, डॉ. नफीस, मुनीर इदरीसी समेत तमाम समर्थकों ने इस्लामिया ग्राउंड तक जाने की मांग शुरू कर दी। इसके बाद मौलाना रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर बढ़े लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। बता दें कि मौलाना ने नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने के बाद कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का एलान किया था। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि सांकेतिक तौर पर गिरफ्तारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही पार्टी के तमाम नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा रहा।

भीड़ से की अपील- अब शांति से लौट जाएं

इस्लामिया ग्राउंड तक जाने में विफल रहे मौलाना तौकीर ने वापस लौटते हुए एक बार फिर भीड़ को संबोधित कियाष बोले, हमें जो विरोध जताना था वह जता दिया है। जो लोग प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं, वे अब शांतिपूर्वक लौट जाएं। रास्ते में कोई कुछ कहे तो उसके आगे हाथ जोड़ लें लेकिन कोई ऐसा काम न करें जिससे किसी को परेशानी हो।

हल्द्वानी व बरेली में हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के बाहर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। शुक्रवार की नमाज के मद्देनजर भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात दिखा।

टैंकर की टक्कर से दो बेटियों की मौत, पिता घायल

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर में रजऊ के पास नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो बेटियों की मौके पर मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों बेटियों के सिर धड़ से अलग होकर टैंकर के पहिए में फंसकर 10 मीटर तक घिसटते रहे। पिता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टैंकर चालक मौके से फरार हो गया।

शुक्रवार दोपहर बिधौलिया, सीबीगंज निवासी रियाज अहमद अपनी दो बेटियों हसीन बानो (18) और सोनी (14) को बाइक पर बैठाकर फरीदपुर के गांव भगवंतापुर जा रहे थे। जैसे ही वह हाईवे पर रजऊ परसपुर के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में हसीन बानो और सोनी के सिर टैंकर के पिछले टायरों ने नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता रियाज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर सीओ हाईवे नवीन कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल में भिजवाया। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है।

दिल्ली में दाखिल न होने पर किसान फिर से धरने पर बैठे

नोएडा : प्रदर्शनकारी किसान शुक्रवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में स्थानीय अधिकारियों के कार्यालयों के बाहर धरने पर बैठ गए। भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे पहले की तरह विरोध जारी रखेंगे और संसद का बजट सत्र समाप्त होने के बाद एक बार फिर दिल्ली तक मार्च करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं और बुजुर्गों सहित हजारों ग्रामीण गुरुवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहीत की गई भूमि के बदले में बढ़े हुए मुआवजे और विकसित भूखंड देने की मांगों को लेकर निकाले गए मार्च में शामिल हुए।

कासगंज का सैनिक मणिपुर सीमा पर शहीद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : कासगंज के एक जांबाज ने देश की रक्षा करते-करते अपनी जान गंवा दी। 24 जनवरी को मणिपुर सीमा पर दुश्मन की गोली लगने वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सेना अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

कासगंज के गांव नौरथा निवासी रमेश चंद्र (52) असम राइफल बटालियन में जूनियर कमीशन अधिकारी के पद पर तैनात थे। उनका परिवार शहर के अशोक नगर में रहता है। उनकी तैनाती मणिपुर सीमा पर थी। जहां 24 जनवरी को सीमा पर हुई फायरिंग के दौरान रमेश चंद्र समेत दो जवानों को गोली लगी। गंभीर रूप से घायल हुए रमेश का सैनिक अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। सेना कार्यालय से इसकी जानकारी परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। इसका पता लगने पर पूरे गांव में मातम छा गया।

नोएडा में गद्दे बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

नोएडा : गौतम बुद्ध नगर जिले के सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित गद्दा बनाने वाली एक कंपनी में शुक्रवार तड़के करीब चार बजे आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दमकल विभाग को तड़के करीब चार बजे सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित 'एमएच पोली मार्स' नामक गद्दे बनाने वाली कंपनी में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की करीब 12 गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। चौबे ने बताया कि आग बुझाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि आग शार्ट-सर्किट के कारण लगी है। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है।

मुख्तार अंसारी परिवार की 2.35 करोड़ की संपत्ति जब्त

एजेंसी, गाजीपुर

▸▸ **माफिया की पत्नी व सालों के नाम थी अवैध संपत्तियां**

जिला निवासी बाहुबली मुख्तार अंसारी की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अंसारी परिवार द्वारा अपराध कृतियों से अर्जित धन द्वारा खरीदी गई 2.35 करोड़ की संपत्तियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आईएस-191 गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी गिरोह की सक्रिय सदस्य पत्नी आफसा अंसारी तथा मुख्तार के सगे साले अनवर शहजाद व सरजील उर्फ आतिफ रजा की आपराधिक कृत्यों से अर्जित धनराशि दो करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपये को धारा 14(1) उप्र गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्रवाई की। अभियुक्तों द्वारा संचालित कम्पनी आगाज इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट लिमिटेड, ग्लोराइज लैण्ड डेवलपर, इनजियो नेटवर्क साल्यूसन, कुसुम विजन इंफ्रा प्रोजेक्ट व मेसर्स विकास कंसट्रक्शन के विभिन्न बैंक खातों से ट्रांसफर करके स्पेक्ट्रम इंफ्रा सर्विसेज प्रालि के बैंक आफ बड़ौदा शाखा लंका, वाराणसी के खाते में मौजूद दो करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपये को जब्त किया गया।

संगम तट पर डुबकी लगाने उमड़ा आस्था का सैलाब

मौनी अमावस्या पर 2.18 करोड़ लोगों ने किया गंगा स्नान, स्नानार्थियों पर हेलीकाप्टर से की गई पुष्प वर्षा

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : संगम नगरी में माघ मेले के तृतीय स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को लगभग दो करोड़ 18 लाख लोगों ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस बीच, प्रशासन के हेलीकाप्टर से स्नानार्थियों पर पुष्प वर्षा भी की गई।

माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को करीब दो करोड़ 18 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। मेला प्रशासन की ओर से हेलीकाप्टर से स्नानार्थियों पर पुष्प वर्षा की गई जिससे आनंद का वातावरण देखने को मिला। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात्रि 12 बजे से ही जनसैलाब घाटों की तरफ उमड़ा हुआ है और गांव देहात और दूसरे जिलों से स्नानार्थी सिर पर गठरी रखकर मेला क्षेत्र में आ रहे हैं।

प्रयागराज के संगम तट पर शुक्रवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर स्थान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं से पटा पांटून पुल।

▸▸ **साधु-संतों के शिविरों में किया गया भंडारे का आयोजन**

सुबह से ही धूप खिली रहने की वजह से लोगों का माघ मेला क्षेत्र में आना जारी है। उन्होंने बताया कि भारी भीड़ को देखते हुए घाटों की लंबाई 6800 फुट से बढ़ाकर 8000 फुट कर दी गई है और कुल 12 घाट बनाए गए हैं एवं सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में वस्त्र बदलने की सुविधा स्थापित की गई है। पुलिस उप महानिरीक्षक (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं और पूरे मेला क्षेत्र में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और कई एआई आधारित कैमरे क्रियाशील हैं और इन कैमरों से फीड इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर पर लिया जा रहा है। मौनी अमावस्या पर पुण्य अर्जित करने के लिए माघ मेला क्षेत्र और नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पूड़ी सब्जी, हलवा पूड़ी आदि का वितरण किया। वहीं, माघ मेला क्षेत्र में लगे साधू संतों के शिविर में व्यापक स्तर पर भंडारे का आयोजन किया गया। मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सार्वजनिक शौचालयों की संख्या 1800 से बढ़ाकर 6000 कर दी गई है और 12,000 संस्थागत शौचालय स्थापित किए गए हैं।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी से बीडीओ ने की अभद्रता

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : ताजनगरी में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में चौंकाने वाला मामला हुआ। डीएम और बीडीओ के बीच हुई तकरार हाथापाई तक आ पहुंची। गाली गलौच और धमकी भी दी गई। अधिकारियों के बीच हुई रार की गूंज शासन तक पहुंच गई है।

विकास कार्य को लेकर हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी से हर दर्जे की बदसूलकी की गई। डीएम और बीडीओ बरौली अहीर के बीच विवाद हुआ। देर शाम बीडीओ के खिलाफ रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस मामले में शासन स्तर से भी कार्रवाई की जा सकती है। डीएम ने पूरे मामले से शासन को भी अवगत करा दिया है।

शर्मनाक

▸▸ **बीडीओ पर दर्ज हुई एफआईआर विकास कार्य में शिथिलता बरतने पर डीएम ने जताई थी नाराजगी**

एडीओ पंचायत, खंदौली पंकज कुमार ने रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है कि जिलाधिकारी शिविर कार्यालय पर डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई थी। बैठक में सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। डीएम भानु चंद गोस्वामी सभी ने शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी कर रहे थे। खंड विकास अधिकारी अनिरुद्ध सिंह चौहान से जैसे ही योजनाओं के बारे में पूछा तो वह उल्टे सीधे जबाव देने लगे। इस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की तो वह उनसे ही अभद्रता करने लगे। बैठक में मौजूद अन्य अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो वह आग बबूला हो गए और उन्होंने अपना आपा खो दिया और वह डीएम को गाली गलौच करने लगे।

यहां तक उन्होंने डीएम से हाथापाई भी करनी चाही लेकिन मौजूद लोगों ने ऐसा होने से रोक लिया। बीडीओ ने डीएम को धमकी भी दी कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। बीडीओ के इस रवैये से आहत डीएम बैठक से चले गए और शासन को पूरे मामले से अवगत कराया। बीडीओ भी अपनी गाड़ी में बैठकर चले गए। इस मामले में एडीओ पंचायत खंदौली, पंकज कुमार ने थाना रकाबगंज में बीडीओ अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। इस मामले के बाद बीडीओ से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। बताया जा रहा है कि इस विवाद के बाद वह देर शाम तक अपने आवास पर भी नहीं पहुंचे थे। इस घटना से प्रशासनिक अधिकारियों के होश उड़ गए है।

वर्ग पहेली-338

बाएं से दाएं

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

ऊपर से नीचे

2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।

3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।

5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।

6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।



वर्ग पहेली - 337 का हल

1 लु	2 टि	या		3 मो	था
	का		4 हँ		
5 गाँ	व	वा	सी		6 टो
ड़			खे		का
र		7 बे	ल	बू	टा
		डो			की
	8 बि	ल	टी		

सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					4			5
2	9			6		3		
	3				7			
		5					7	
1		2				4		3
	6					8	9	
		9		4				
8		1					3	4
7			2					

सुडोकू - 54 का हल

5	1	4	9	7	2	6	8	3
3	7	2	4	8	6	1	5	9
9	8	6	5	3	1	2	7	4
1	9	5	3	2	8	4	6	7
7	2	3	1	6	4	8	9	5
6	4	8	7	9	5	3	2	1
2	5	9	8	1	3	7	4	6
4	6	1	2	5	7	9	3	8
8	3	7	6	4	9	5	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 11 फरवरी 00.47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20.34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

वृष — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

मिथुन — आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

कर्क — आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

सिंह — आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

कन्या — आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

तुला — आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

वृश्चिक — आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

धनु — आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

कुंभ — आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

मीन — आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद-विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
लाल बादशाह — सुबह : 09.00
नो प्रॉब्लम — शाम : 06.00

SONY SMAX
दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 09.56
हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.04

Utsav Gold
बड़े घर की बेटी — सुबह : 09.15
चांदनी — शाम : 06.15

ZEE CINEMA
अंदाज — दोपहर : 12.25
किसका भाई किसकी जान — रात : 09.25

colors CINEPLEX
एयरलिफ्ट — सुबह : 10.54
फोर्स 2 — शाम : 04.32

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम-06.04 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी

पत्नी- समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।

पति- मुझे बस यही साबित करना था।

पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...

बॉस ने पूछा- क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?

लड़का- सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...

लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,595 .49	21,782 .50
बढ़त	167 .06	64 .55
प्रतिशत में	0 .23	0 .30

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 10 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

एफडीआई के लिए भारत पसंदीदा स्थान

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक कारोबार सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद भारत एक पसंदीदा एफडीआई गंतव्य बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ईटी नाउ वैश्विक कारोबार सम्मेलन-2024 में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका समेत दुनियाभर में ब्याज दरें बढ़ी हैं और इससे विकसित देशों में पूंजी का प्रवाह वापस आया। गोयल ने कहा, "वह एक ऐसा दौर था जब किसी ने विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर भारत की तुलना में कहीं अधिक गहरे प्रभाव की कल्पना की होगी, लेकिन भारत में मांग की ताकत, अवसरों की ताकत ने यह सुनिश्चित किया कि हमें भारी गिरावट नहीं देखनी पड़ेगी। जबकि हमारे कई अन्य समकक्ष देशों ने देखी। कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल-जून, 2022 में 38.94 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान 15.5 प्रतिशत घटकर 32.9 अरब डॉलर रहा। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल हैं।

मंत्री ने कहा-हमारे यहां बड़ी मात्रा में एफडीआई आना जारी है...इस अवधि के दौरान भी कमाई का बहुत अधिक पुनर्निवेश हुआ, जबकि मैंने सोचा था कि वैश्विक बहीखाता बहुत दबाव में होगा। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश के लिए रुझान जारी है और देश में पैसा आना जारी है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.47 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 .74 अरब डॉलर बढ़कर 622 .47 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 59 .1 करोड़ डॉलर की तेजी के साथ 616 .73 अरब डॉलर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के बीच रुपये को संभालने के लिए रिजर्व बैंक को इस भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल करना पड़ा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा माने लाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5 .19 अरब डॉलर बढ़कर 55 .33 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार 60 .8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .08 अरब डॉलर हो गया।

अमरूद की खेती ने हिमाचल के गांव की तस्वीर बदली

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत कभी बंजर रहे हमीरपुर जिले के बगेहरा गांव में बड़ा बदलाव आया है। यहां हजारों अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और कई किसानों की बंजर भूमि अब विकसित बागों में तब्दील हो गई है। बागवानी विभाग के उप निदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले में 834 हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बागवानी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे। परमार ने कहा कि ग्रामीणों को शिव परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरा खर्च बागवानी विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

एम्ब्रेयर ने सी-390 विमान बनाने के लिए महिंद्रा के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारत में विमान बनाएगी ब्राजील की कंपनी**

ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी। एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा-भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,250
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	72,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,050
सोना जेवरात गिन्नी	63,050
चांदी पक्की	718(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,250
चांदी आभूषण	72,700।

कार्बन डाईऑक्साइड के लिए विकसित देश जिम्मेदार: सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय बिजली मंत्री बोले भारत ने 45% उत्सर्जन कम करने का रखा लक्ष्य**

केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।

भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा-अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

छत्तीसगढ़ सरकार का 1.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है। साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भाजपा सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई। चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने की भी घोषणा की।

लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने अपनी रिपोर्ट में जताई उम्मीद**

लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है। कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

राष्ट्रीय

मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया लंच

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास यह रहा कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेदपा के राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित कुछ भाजपा नेताओं ने मोदी के साथ भोजन किया।

मोदी गुजरात के 1,31,454 आवासों का आज करेंगे लोकार्पण

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से 1,31,454 आवासों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डीसा शहर में शनिवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर आवास योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल तरीके संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतिथि विशेष के तौर पर लोकसभा सांसद परबतभाई पटेल और भरतसिंह डाभी तथा राज्यसभा सांसद बाबूभाई देसाई भी उपस्थित रहेंगे। आवास प्रदान करने के इस कार्यक्रम से गुजरात के 115 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र और 67 शहरी निर्वाचन क्षेत्र जुड़ेंगे, यानी सभी 182 विधानसभा क्षेत्र इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

सीतारमण का लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पर कटाक्ष

मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुनिए

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा-मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुन लीजिए।''

सीतारमण ने जब श्वेतपत्र का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की नीतियों की आलोचना की तो बीच-बीच में कांग्रेस के सदस्य हंगामा कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा-अगर उनमें (कांग्रेस सदस्यों में) साहस है और यदि इन्होंने अच्छा काम किया है तो सुनना चाहिए और जवाब देना चाहिए। सुनने की क्षमता नहीं है। फिर भी मैं छोड़ूंगी नहीं, मैं अपनी बात करुंगी। उन्होंने कहा-वैश्विक आथिक संकट को तो नहीं संभाल सके, आज ज्ञान दे रहे है कि किस तरह संभालना है। उस समय क्या करना चाहिए था, कुछ नहीं किया। घोटाले के ऊपर घोटाले आते रहे। देश को ऐसी गंभीर अवस्था में छोड़कर चले गए भगवान जाने, अगर इनकी (कांग्रेस की) सरकार बनी रहती तो देश का क्या हाल होता। इस दौरान सदन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं।

श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पत्र है: जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक सफेद झूठ पत्र है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के श्वेत पत्र के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह श्वेत पत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल 10 साल अन्य काल नाम से एक ब्लैक पेपर जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा-श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेत पत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं।

सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य सदस्यों की टोका-टोकी के बीच सीतारमण ने कहा,-मैं हिंदी और अंग्रेजी दोनों में बोल रही हूं। मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है। थोड़ा सुनिए। पूर्व अध्यक्ष बैठी हैं, उन्हें इम्प्रेस करना है कि मैडम हम बचाव कर रहे हैं। कहा कि कांग्रेस के सदस्य कई प्रश्न उठाते हैं तो हम तसल्ली से सुनते हैं, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो विपक्षी सदस्य वाकआउट करते हैं या शोर-शराबा करते हैं।

एक नजर

सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी।

1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना पर फलोदी की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

मोदी, आडवाणी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए पत्रकार वागले के खिलाफ मामला दर्ज

पुणे। भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वागले के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-निखिल वागले पर विश्रामबाग थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए, 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए उकसाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

क्या तारीख में बदलाव किए बिना 'प्रस्तावना' में संशोधन संभव?

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **संविधान से समाजवादी पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या संविधान को अंगीकार किए जाने की तारीख 26 नवंबर 1949 को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यन स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन से यह सवाल किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की अपील की है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, अकादमिक उद्देश्य के लिए क्या प्रस्तावना, जिसमें तारीख का उल्लेख है, उसे अंगीकार करने के दिनांक में बदलाव किए बिना उसे (प्रस्तावना को) बदला जा सकता है। अन्यथा हां, प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। उसमें कोई समस्या नहीं है। स्वामी ने जवाब दिया-इस विषय में बिल्कुल यही सवाल है।

सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर प्रदेश सरकार को फटकार

नई दिल्ली,एजेंसी

मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला

▸▸ **अब 1 मार्च को कोर्ट में होगी अगली सुनवाई**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए शुक्रवार को फटकार लगाई, जिन्हें उनकी स्कूली शिक्षिका ने गृहकार्य पूरा नहीं करने पर एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हमने टीआईएसएस (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की नवीनतम रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उस घटना के गवाह सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है। राज्य द्वारा इस दिशा में कोई कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने कहा-हम राज्य को निर्देशों को तुरंत लागू करने का निर्देश देते हैं और अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि एक मार्च तय की।

उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की शिक्षिका पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है।

अब अयोध्या की तर्ज पर बनेगा चित्रकूट रेलवे स्टेशन

नई दिल्ली, ज्ञानेन्द्र सिंह

▸▸ **धार्मिक स्थलों के कई रेलवे स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार**

अमृत विचार: भगवान राम की जन्म-स्थली, अयोध्या धाम को रेलवे मानचित्र में चमकाने के बाद अब उनकी वन-स्थली, चित्रकूट धाम की बारी है। करीब 50 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार बनाने की योजना है।

मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 38 वर्ग किलोमीटर संयुक्त क्षेत्र का एक प्राचीन तीर्थ स्थल है। जहां भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किए थे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी आना-जाना होता है। लेकिन रेलवे को पर्याप्त राजस्व नहीं मिलता है। ज्यादातर पर्यटक सड़क मार्ग से ही वहां पर आते हैं। लेकिन रेलवे ने चित्रकूट धाम को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो योजना बनाई है उसके तहत न सिर्फ सड़क बल्कि वायु मार्ग से भी रेल मार्ग को लिंकप किया जाएगा। एक योजना कर्वी से चित्रकूट तक रेलवे लाइन बिछाने की भी है लेकिन अभी उस पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हुआ है।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत कटरा जम्मू रेलवे स्टेशन की तर्ज पर चित्रकूट में यात्रियों के लिए आधुनिक व्यवस्था की जाएगी।

अभी चित्रकूट रेलवे स्टेशन अयोध्या, काशी, प्रयागराज, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, रायपुर, जबलपुर एवं लखनऊ से जुड़ा हुआ है। जब रेलवे स्टेशन का विस्तार एवं विकास हो जाएगा तब इसे महोबा एवं खजुराहो से भी लिंकप किया जाएगा और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों से चित्रकूट के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराया जाएगा। चित्रकूट के साथ ही बांदा महोबा एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट के साथ ही बनारस में काशी, वाराणसी सिटी, वाराणसी कैंट एवं व्यास नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, पनकी रेलवे स्टेशन एवं गंगा पार स्थित शुक्लागंज में भी बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। मथुरा जंक्शन के अलावा कृष्ण जन्मभूमि के निकट भूतेश्वर रेलवे स्टेशन, गाजियाबाद के निकट गंगा तट पर गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन को भी धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई गई है। उत्तराखंड में हरिद्वार, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशनों सर्वे पूरा हो चुका है। उक्त सभी रेलवे स्टेशनों का कार्य इसी वर्ष अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

13 करोड़ की हेरोइन व मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

आइजोल। असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पिछले दो दिनों में संयुक्त अभियान के दौरान पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले से 13.3 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को जोखावथर के एक निवासी के कब्जे से मुआलकावी में 4.23 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 605 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई में मिजोरम-म्यांमा सीमा पर जोखावथर में नौ करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन की 30,300 गोलियां और 17.49 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की गई।

ओलंपिक क्वालीफायर-एशियाई चैंपियनशिपः कुश्ती टीम को चयन ट्रायल 10-11 मार्च को

चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

पहले 27 से 29 फरवरी को होने थे ट्रायल जो अपरिहार्य कारणों से हो गए थे स्थगित

बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएंः वॉन

इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद ज्यादा सफलता ना मिले

लंदन, एजेंसी

पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज श्रृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज श्रृंखला को 2-2 से डॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो श्रृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती

वॉन ने 'द टेलीग्राफ में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना रहे। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्होंने भारत को श्रृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

खेल डायरी

विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

पेरिस, एजेंसी। विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाए हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का जीता खिताब

विशाखापत्तनम, एजेंसी। स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

डलास, एजेंसी। अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं।

एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार

टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्यकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

विश्व कप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके श्रृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल

पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

केपटाउन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।

बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।

नागल सेमीफाइनल में, मुकुंद हुए बाहर

चेन्नई, एजेंसी

भारत के शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के गैर वरीय डोमिनिक पलान को 6-3, 6-3 से हराकर चेन्नई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागल का सामना सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के डालीबोर सवरसिना से होगा। नागल ने इससे पहले एसडी प्रज्वल देव और इटली के जियोवानी फोनियो को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया था। सवरसिना ने भारत के मुकुंद शशिकुमार को 6-7(6) 6-2 6-4 से मात दी। अन्य क्वार्टरफाइनल में ताईवान के चुन सिन सेंग ने इटली के एनरिको डाला वाले को हराया। अब वह लुसा नार्डी और स्टेफानो नैपोलिटानो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन की भारतीय युगल जोड़ी ने जापान के तोशिहिदे मातसुई और काइतो यूसुगी की जोड़ी को मात दी। अब युगल स्पर्धा के फाइनल में भारतीय जोड़ियां आमने सामने होंगी। दूसरी जोड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और निकि कालियांडा पूनाचा है। इस जोड़ी ने जर्मनी के जैकब शनाईटर और मार्क वालनर को हराया।

चेन्नई ओपन

कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।

11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया।उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं।

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते।एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।

खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना

मुंबई, एजेंसी। जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें खुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

भ्रष्टाचार विरोधी और किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह

नई दिल्ली। दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी। हालांकि, अब केंद्र ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि बागपत रही। वे सबसे पहले 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए एवं 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने किसानों के हित में अनेक बड़े फैसले भी लिए।



कड़क नेता के तौर पर पहचान

चौधरी चरण सिंह सी.बी. गुप्ता के मंत्रालय में गृह एवं कृषि मंत्री (1960) थे। वहीं, सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे. उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। ख्याति एक ऐसे कड़क नेता के तौर पर हो गई थी जो प्रशासन में अक्षमता, भाई- भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे। चौधरी चरण सिंह का 29 मई 1987 को निधन हो गया।

1937 में पहली बार विधायक बने किसानों के मसीहा

18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव

नई दिल्ली। दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से अच्छे रिश्ते नहीं थे। सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे।



आर्थिक और शिक्षा में सुधार

प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। राव ने इजराइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए और अपनी लुक ईस्ट नीति के माध्यम से पूर्वी एशियाई देशों के साथ रिश्ते प्रगाढ़ करने की नीति अपनाई। राव जी का 23 दिसंबर 2004 को राव का निधन हो गया।

1991 से 1996 तक देश के प्रधानमंत्री रहे नरसिम्हा राव

हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन

नई दिल्ली। दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन कृषि और किसानों की आय में सुधार को समर्पित कर दिया।

उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को भूख के ट्रैप से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है।

कृषि क्षेत्र में रही महत्वपूर्ण भूमिका

स्वामीनाथन ने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। हम एक अन्वेषक और संरक्षक के रूप में और कई छात्रों के बीच सीखने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाले उनके अमूल्य काम को भी पहचानते हैं। स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है। स्वामीनाथन को 1967 में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 28 सितंबर 2023 को निधन हो गया।

1967 में प्रतिष्ठित पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानि हुए

पाकिस्तान : आम चुनाव की मतगणना जारी, 265 में से 224 सीटों के ही परिणाम हुए घोषित

गठबंधन सरकार के हाथ पाक का भविष्य

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के कारण गठबंधन सरकार बनाने के लिए प्रतिद्वंद्वी दलों से हाथ मिलाने को राजी हो गए हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने देर रात तक 224 सीटों में 92 सीटों पर जीत दर्ज की है। मतगणना अब भी जारी है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के लाहौर स्थित केंद्रीय सचिवालय में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि पीटीआई के स्वतंत्र उम्मीदवारों की जीत सहित सभी पार्टियों के जनादेश का सम्मान करती है।

देर रात तक चुनाव आयोग ने 265 में से 224 सीटों के ही परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें स 92 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 63 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 50 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है। खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है। शुक्रवार को नवाज ने अपने संबोधन में कहा कि, गठबंधन नहीं करने वाले अपने रुख को बदला रहे हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा,हम बार-बार चुनाव नहीं करा सकते। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, एजेंडा केवल खुशहाल पाकिस्तान है और आप जानते हैं कि हमने पहले क्या किया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, सभी को सद्भाव से बैठना चाहिए और पाकिस्तान को कठिनाइयों से बाहर निकालना चाहिए।

265 में से 133 सीट जीतने के बाद ही बनती हैं सरकार

लाहौर में शुक्रवार को पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों को संबोधित करते पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ।

नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान: ईसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

हिंद महासागर सम्मेलन

पर्थ, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से

संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

अमेरिका बोला हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

वाशिंगटन। अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

एक नजर

14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

वाशिंगटन। नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12 :57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

यूएन: गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा, कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है , लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रों के बीच गंभीर बातचीत, पुरानी संस्थाओं में सुधार और बहुपक्षीय शासन के प्रभावी, नवीनीकृत और समावेशी तंत्र के साथ बहुध्रुवीयता को अपनाने का आह्वान है।

अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

गुवाहटी, एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद

मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी

तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

तापमान में वृद्धि...

शिमला : हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8.8, शिमला में 6.6, मनाली में 6.1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

गाजा: हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

वाशिंगटन, एजेंसी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

विज्ञान सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नही होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

लास वेगास। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।